राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 05
लखनऊ, सोमवार 19 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





रूल ऑफ लॉ से पड़ती है सुशासन की आधारशिला : मुख्यमंत्री योगी 03

अंगदान में भारत बने विश्व के लिए मिसाल : जगदीप धनखड़ 12


## सूचना

सुधी पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताओं को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं। इस अवसर पर दिनांक 19 अगस्त 2024 को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 21 अगस्त को प्रकाशित होगा।

**प्रधान संपादक**

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान के 100 अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर के दो अस्पतालों मोनीलेक अस्पताल और सीके बिड़ला अस्पताल समेत 100 अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। गुमनाम प्रेषक ने ईमेल भेजा जिसमें लिखा था, इमारत में बम है। यह अस्पताल के बिस्तर के नीचे और बाथरूम के अंदर है। अस्पताल में मौजूद सभी लोग मारे जाएंगे। हर जगह खून फैल जाएगा। पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और मामले की जांच शुरू कर दी गई। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया, दो अस्पतालों से बम की धमकी की सूचना मिलने के बाद एटीएस और बम निरोधक दस्ते को अस्पतालों में भेजा गया है। दोनों अस्पतालों में तलाशी चल रही है। अधिकारी ने बताया कि मेल भेजने वाले का आईपी एड्रेस खंगाला जा रहा है। आतंकवाद निरोधक दस्ते की एक टीम मोनिलेक अस्पताल पहुंची और अस्पताल परिसर की तलाशी ली।

### श्रीराम आईएएस कोचिंग पर लगा तीन लाख का जुर्माना

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने श्रीराम आईएएस कोचिंग संस्थान पर भ्रामक विज्ञापन के लिए तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह निर्णय एक वर्ग के रूप में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और प्रचार करने और यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया था कि किसी भी सामान या सेवाओं का कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन न किया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के नियंत्रण में सीसीपीए, उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन, भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार व्यवहार से संबंधित मामलों को विनियमित करने के लिए एक निकाय है।

### जम्मू-कश्मीर में अकेले ही चुनाव लड़ेगी भाजपा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की रविवार (18 अगस्त) को जम्मू में बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री और जम्मू-कश्मीर भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी किशन रेड्डी, नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुघ और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भी बैठक में शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि पार्टी जम्मू में अकेले चुनाव लड़ेगी। निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन कर सकती है। किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। बैठक के केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा- बीजेपी चुनाव के लिए 24 घंटे और सातों दिन तैयार है। चुनाव को लेकर हमारी बैठकें और चर्चाएं रेग्युलर चलती रहेंगी। भाजपा 21 अगस्त को कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी करेगी। पार्टी अगले हफ्ते से चुनाव प्रचार की शुरुआत कर सकती है।

### मुख्यमंत्री योगी ने 2957.66 लाख की सात परियोजनाओं का किया लोकार्पण, कहा

# हमारा युवा प्रगति का मापक : योगी

### मुख्यमंत्री योगी ने 3415 से अधिक छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन किया वितरित

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विवि कुमारगंज अयोध्या के परिसर में 2957.66 लाख की 7 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 4819.02 लाख की 7 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला एवं युवा सम्मेलन के अंतर्गत युवाओं को नियुक्ति पत्र एवं स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 3415 से अधिक छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन वितरित किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस अवसर पर जिन नौजवान साथियों को अभी नियुक्ति पत्र एवं स्मार्ट फोन वितरित हुआ है उन्हें और जिनको अभी प्राप्त होने वाला है उन सभी को मैं हृदय से बधाई देता हूं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारा युवा हमारी प्रगति का मापक है। भारत के सशक्तीकरण का माध्यम है तथा उसकी धुरी है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को जब कहा गया कि देश के अंदर जातिवाद की राजनीति है तो मोदी जी ने कहा कि मेरे लिए देश में केवल 04 जातियां है। ये भारत के मूल हैं और इनके सशक्तीकरण के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पहली जाति गरीब की, दूसरा है अन्नदाता किसान, तीसरा है युवा और चौथी जाति है आधी आबादी नारी की, यही चार जातियां है। उन्होंने कहा कि गरीबी उन्मूलन की दिशा के लक्ष्य को हम प्राप्त कर सके, इसके लिए डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। अन्नदाता किसान समृद्ध हो उसकी आमदनी बढ़े, इसके लिए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि एवं प्रगतिशील किसान मिलकर प्रयास कर रहे हैं। इसके परिणाम भी आ रहे हैं।

हमारा युवा तकनीकी रूप से सक्षम हों, उसकी प्रतिभा और उसकी ऊर्जा का लाभ राष्ट्र के निर्माण में हो सके। इसके लिए सरकार के स्तर पर निरंतर प्रयास हो रहे हैं। नारी सशक्तीकरण के लिए जो प्रयास किये जा रहे हैं। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं से ले करके लगातार अलग-अलग क्षेत्र में जो प्रयास आरम्भ हुये हैं आज उसके परिणाम हम सबके सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहनों और भाईयों आज मैं उसी क्रम में आपके बीच में आया हूं। आचार्य नरेंद्र देव के नाम से स्थापित कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि आज विकास का एक मॉडल है तो साथ-साथ युवा की क्या भूमिका हो सकती है। युवा की क्या आकांक्षाएं है, इन आकांक्षाओं को उड़ान देने के लिए पंख चाहिए और उस पंख देने के लिए रोजगार और टैबलेट वितरण के लिए मैं और मेरे मंत्रीगण, सहयोगी मंत्री आपके बीच में उपस्थित हुये हैं। अपराधियों, माफिया और अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। अब तो जो भी ऐसा करेगा उनकी संपत्ति जब्त कराकर जरूरतमंद में बंटवा दी जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कलकत्ता में डॉक्टर के साथ हुए जघन्य अपराध तथा अयोध्या के विकास को लेकर विरोधियों द्वारा सोशल मीडिया के जरिए अयोध्या की छवि को धूमिल करने के लिए किये जा रहे कुत्सित प्रयासों के सम्बंध में भी अयोध्यावासियों का ध्यान आकृष्ट कराया।

### सौर ऊर्जा का अच्छा स्रोत बन सकता है सोलर प्लांट

**बांदा।** बांदा में स्थापित 70 मेगावाट के अवादा सोलर पावर प्रोजेक्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया मुख्यमंत्री योगी ने। उन्होंने कहा कि इस प्लांट का उद्घाटन उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्राप्त हुए निवेश प्रस्ताव के धरातल पर उतरने के एक नए प्रयास की शुरुवात है। इसके माध्यम से चार सौ से ज्यादा लोगो को रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश के अंदर 25 लाख घरों पर सोलर पैनल स्थापित होने है। उत्तर प्रदेश में रिवाइवल ऊर्जा में निवेश करने के लिए अवादा समूह की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अवादा ग्रुप के अध्यक्ष विनीत मित्तल सहित कई लोग शामिल रहे। अवादा ग्रुप के अध्यक्ष विनीत मित्तल ने सरकार के सुशासन निर्देशक अनुकूल नीतियो और उनके राज्य के लिए बिजली क्षेत्र की प्रगति कीउल्लेखनीय प्रतिबद्धता की सराहना की। बदायूं में 50 मेगावाट की सोलर परियोजना बांदा में 70 मेगावाट की यह परियोजना शामिल है। उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीटीसीएल) द्वारा 70 मेगावाट कनेक्टिविटी का आवंटन उत्तर प्रदेश नवीन और एजेंसी (यूपीएनईडीए) द्वारा त्वरित भूमि अनुमति की सुविधा और इंटरकनेक्शन वे और ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण में सहायता से ही यह कार्य साकार रूप ले सका है।

## बुलंदशहर में सड़क हादसा 10 लोगों की मौत, 29 घायल

समृद्धि न्यूज



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र में शिकारपुर-बुलंदशहर रोड पर मैक्स पिकअप और निजी बस में रविवार सुबह हुई भिड़ंत में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए घायलों को समुचित उपचार कराने का निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने मीडियाकर्मियों को बताया कि आज एक पिकअप गाड़ी गाजियाबाद से संभल की ओर जा रही थी और एक निजी बस बुलंदशहर की तरफ आ रही थी। इसी दौरान सलेमपुर थाना क्षेत्र में पिकअप और निजी बस की आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। दोनों वाहनों में कुल 39 लोग सवार थे। इनमें 10 लोगों की मौत हो गई और 29 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने अब तक आठ शवों की शिनाख्त कर ली है। जिन आठ लोगों की शिनाख्त हुई है उनमें अलीगढ़ जिले के अहेरिया नगला निवासी मुकुट सिंह (35), दीन नाथ (45), बृजेश (18), शिशुपाल (27), बाबू सिंह (19), गिर्राज सिंह (26), ओमकार (30) और सुगरपाल (35) शामिल हैं। घायलों में राजेश, अंकित, अमित, किताब सिंह, साधना, सत्येन्द्र, राधेश्याम, मोनिका, गोल्डी, जेपी सिंह, सोनू, उम्मेद, गौतम, संतोष, रजनीश, रामपाल, महेन्द्र, अशोक, रंजीत, निधि, कंद्धित शर्मा, सरोज, पप्पू, प्रवीण, आशीष, अवधेश, रजनेश, अरव और अरविंद है, जो अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं।

### सीएम योगी ने जताया दुख

इस हादसे की जानकारी होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। उन्होंने जनपद में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## कैंसर से हुई 18 मौतों के बाद नहटौर के गांव में जांच करने पहुंची टीम

समृद्धि न्यूज

**बिजनौर।** नहटौर थाना क्षेत्र के गांव नरगदी गंधु में कैंसर बीमारी से करीब 18 लोगों की मौत होने के बाद तालाब में गंदे पानी से फैल रही कैंसर बीमारी की शिकायत पर राष्ट्रीय हरित अभिकरण, नई दिल्ली के आदेश पर डीएम द्वारा गठित टीम जांच करने पहुंची।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव नरगदी गंधु में स्थित तालाब में दूषित पानी की वजह से ग्रामीणों ने गांव में कैंसर बीमारी फैलने की शिकायत राष्ट्रीय हरित अभिकरण, नई दिल्ली से की थी।बताया जाता हैं कि गांव में कैंसर बीमारी से 18 लोगों की मौत हो चुकी है।गांव में कैंसर बीमारी के फैलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।गांव में फैल रही कैंसर की बीमारी की वजह गांव में स्थित तालाब के दूषित पानी को माना जा रहा था। ग्राम प्रधान आबिद अंसारी ने इस मुद्दे को लेकर कई स्थानों पर शिकायत की थी। जिसे लेकर राष्ट्रीय हरित अभिकरण, नई दिल्ली ने डीएम बिजनौर को एक टीम गठित कर जांच करने के आदेश दिए थे।

### सयुंक्त सचिव सहित अन्य 45 उच्च पदों पर सीधी भर्ती पर मायावती ने उठाया सवाल

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केन्द्र में संयुक्त सचिव, निदेशक एवं उपसचिव के 45 उच्च पदों पर सीधी भर्ती का निर्णय पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि इस कदम से कर्मचारी पदोन्नति से वंचित होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोशल एक पोस्ट में कहा कि केन्द्र में संयुक्त सचिव, निदेशक एवं उपसचिव के 45 उच्च पदों पर सीधी भर्ती का सरकार का निर्णय सही नहीं है। क्योंकि सीधी भर्ती के माध्यम से नीचे के पदों पर काम कर रहे कर्मचारियों को पदोन्नति के लाभ से वंचित रहना पड़ेगा।

## हाईकोर्ट के निर्णय के आलोक में बेसिक शिक्षा विभाग करे कार्यवाही

### संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्राप्त होना ही चाहिए : योगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पांच कालीदास पर बेसिक शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह एवं अधिकारियों के साथ अहम बैठक की।

जिसमें मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में उच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में बेसिक शिक्षा विभाग कार्यवाही करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आबजर्वेशन व उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ बेंच के निर्णय के आलोक में विभाग द्वारा कार्यवाही की जाये। सरकार का स्पष्ट मत है कि संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्राप्त होना ही चाहिए। किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 16 अगस्त, 2024 को सहायक शिक्षक भर्ती-2019 में चयनित 69 हजार अभ्यर्थियों की सूची को रद्द कर नई सूची बनाने का निर्देश दिया है। सरकार व अन्य संबंधितों को यह भी आदेश दिया है कि तीन माह में नई सूची जारी कर दी जाए। यह निर्णय न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की दो सदस्यीय पीठ ने महेंद्र पाल व अन्य द्वारा एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल 90 विशेष अपीलों को एक साथ निस्तारित करते हुए पारित किया है। मुख्यमंत्री योगी के साथ हुई बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने 69 हजार शिक्षक भर्ती प्रकरण में न्यायालय के निर्णय के सभी तथ्यों से उन्हें अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्राप्त होना चाहिए तथा किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

## देश अग्निपथ योजना को दे रहा समर्थन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को अग्निपथ योजना के लिए देश के भारी समर्थन की प्रशंसा की, जिसमें रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत के कदमों और एक प्रमुख रक्षा निर्यातक के रूप में इसकी उभरती स्थिति पर जोर दिया।



रक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा सूत्र- संदेश टू सोल्जर्स पॉडकास्ट के दौरान बोलते हुए, केंद्रीय मंत्री ने देश की स्वतंत्रता को बनाए रखने में उनकी भूमिका के लिए भारतीय रक्षा बलों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता भी व्यक्त की। राजनाथ सिंह ने कहा, पूरा देश अग्निपथ योजना को अपना अपार समर्थन दे रहा है। इस पहल के माध्यम से युवाओं को बड़े पैमाने पर सेना में भर्ती किया जा रहा है।रक्षा में आत्मनिर्भरता के महत्व को स्वीकार करते हुए उन्होंने इस वर्ष के केंद्रीय बजट में पर्याप्त आवंटन का उल्लेख किया।

### 40,000 अग्निवीरों ने पूरा किया अपना प्रशिक्षण

पहले दो बैचों में, 40,000 अग्निवीरों ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और उन्हें इकाइयों में तैनाती आवंटित की गई है, प्रत्येक समूह में 100 महिलाएं शामिल हैं। रक्षा विनिर्माण में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, हम सशस्त्र बलों के लिए हथियार, तोप, टैंक, लड़ाकू जहाज, हेलीकॉप्टर, मिसाइल प्रणाली और बहुत कुछ के निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर लगातार बढ़ रहे हैं। मेक इन इंडिया के तहत हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारत में बने हथियार हमारे सैनिकों के हाथों में हों। रक्षा मंत्री ने यह भी बताया कि भारत, जो कभी मुख्य रूप से हथियारों के आयातक के रूप में जाना जाता था, अब खुद को एक महत्वपूर्ण निर्यातक के रूप में स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा, ष्वित्त वर्ष 2023-24 में हमारा रक्षा निर्यात 21,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

### एनसीएल के अफसरों और सप्लायर के ठिकाने पर सीबीआई का छापा

**भोपाल।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के दो अफसरों और एक सप्लायर के ठिकानों पर रविवार को छापेमारी की। सुबह से शुरू हुई कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। इस कार्रवाई से एनसीएल सिंगरौली में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों के अनुसार जबलपुर से आई सीबीआई टीम ने सुबह-सुबह एनसीएल के दो अफसरों और एक ठेकेदार के यहां दबिश दी। टीम सबसे पहले एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम के पीए सूबेदार ओझा के आवास पर पहुंची और यहां उसने पूछताछ का सिलसिला शुरू किया। सीबाआई टीम के कुछ सदस्य सुरक्षा विभाग में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारी बीके सिंह के यहां भी पहुंचकर जांच में जुट गए।

## शाह ने अहमदाबाद को दी 1003 करोड़ की सौगात

एजेंसी



**गांधीनगर।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रक्षाबंधन के पावन पर्व से पूर्व रविवार को गुजरात के अहमदाबाद को अनुमानित 1003 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी।

अहमदाबाद महानगर पालिका (एएमसी) के अनुमानित 1003 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का कार्यक्रम में ई-लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्य सरकार के केबिनेट मंत्री ऋषिकेश पटेल, राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा तथा अहमदाबाद की महापौर प्रतिभाबेन जैन भी उपस्थित रहीं। शाह ने भूपेंद्र पटेल सहित उपस्थित महानुभावों ने डोर टु डोर वेस्ट कलेक्शन वैन को झंडी दिखा कर प्रस्थान कराया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ संवाद भी किया। श्री शाह ने गांधीनगर तथा अहमदाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुमानित 1003 करोड़ रुपए के विभिन्न जनोन्मुखी विकास कार्यों के लोकार्पण तथा शिलान्यास के लिए गुजरात सरकार तथा अहमदाबाद मनपा (एएमसी) का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधीनगर संसदीय क्षेत्र में 730 करोड़ रुपए की 21 परियोजनाओं का लोकार्पण और चार विकास कार्यों का शिलान्यास सहित अहमदाबाद पूर्व तथा अहमदाबाद पश्चिम संसदीय क्षेत्रों में 18 परियोजनों का लोकार्पण और विकास कार्यों का शिलान्यास आज संपन्न हुआ है। इनमें स्वच्छता, स्वास्थ्य, खेल-कूद, पर्यावरण संक्षरण आदि क्षेत्रों के अनेक विकास कार्य शामिल हैं।

तैयारी

### बड़ी संख्या में मुसहर, कुम्हार 22 अगस्त को ओम नमः शिवाय आश्रम में तैयारियों को लेकर होंगे एकत्रित

# महाकुंभ मेला क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त करने की तैयारी

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेला को प्लास्टिक मुक्त कराने का मेलाधिकारी विजय किरन आनंद की पहल पर व्यापक स्तर पर काम शुरू हो गया है। महाकुम्भ के दौरान संस्थाओं में श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को पानी, प्रसाद और खाना अब पत्तल, दोना और कुल्हड़ में मिलेगा। इसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गयी है।

गऊ घाट स्थित ओम नमः शिवाय आश्रम में 22 अगस्त को शिव सेना की प्रदेश सचिव रूचि अभिषेक तिवारी बड़ी संख्या में मुसहर और कुम्हार लोगों को एकत्रित कर रही हैं जो महाकुम्भ के दौरान पानी पीने के लिए पर्याप्त कुल्हड़ और दोना, पत्तल की आपूर्ति संस्थाओं को करेंगे। जिससे मेला क्षेत्र साफ, सुथरा और प्रदूषण मुक्त रहे।मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि मेला में शिविर लगाने वाली सभी संस्थाओं से अभी से बार-बार आग्रह किया जा रहा है कि वह मेला क्षेत्र को साफ-सुथरा और प्रदूषण मुक्त रखें। वह प्लास्टिक के उत्पादों का प्रयोग न करें। उन्होंने बताया कि इसमें सबसे ज्यादा हानिकारक प्लास्टिक का दोना, पत्तल, गिलास और पालीथीन है। इसका प्रयोग कोई न करें, बल्कि दोना, पत्तल और कुल्हड़ का प्रयोग करें जिससे लोगों को रोजगार मिले और मेला क्षेत्र प्रदूषण मुक्त रहेगा। ओम नमः शिवाय के गुरुदेव का कहना है कि संस्था के लोग श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को खाना स्टील की थाली में खिलाते हैं। इस बार मेलाधिकारी की पहल प्रशंसनीय है कि प्लास्टिक के बैन से महाकुम्भ का क्षेत्र प्रदूषण मुक्त होगा तो दूसरी ओर दोना, पत्तल और कुल्हड़ के प्रयोग से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

### मुसहर व कुम्हार दोना, पत्तल व कुल्हड़ बनाने के लिए तैयार

शिव सेना की प्रदेश सचिव रूचि अभिषेक तिवारी ने बताया कि मेलाधिकारी की सराहनीय पहल है कि विश्व के सबसे बड़े मेला महाकुम्भ को प्रदूषण मुक्त रखा जाए। इसके लिए क्षेत्र के बड़ी संख्या में मुसहर और कुम्हार दोना, पत्तल और कुल्हड़ बनाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि उनको डर यही रहता है कि उनके सामान को कौन खरीदेगा। अगर कोई नहीं खरीदेगा तो उनका श्रम और सामान खराब होगा। इसके लिए मेला में सबसे बड़ा अन्नक्षेत्र चलाने वाली संस्था ओम नमः शिवाय आगे आया है। जिसके लिए 22 अगस्त को बड़ी संख्या में मुसहर और कुम्हार एकत्र होकर आगे की रणनीति तैयार करेंगे। शिव सेना की प्रदेश सचिव ने बताया कि प्रयागराज के अतिरिक्त बांदा, चित्रकूट, मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी, जौनपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, फतेहपुर सहित अन्य जिलों के मुसहर और कुम्हार को एकत्र कर उनके अधिक से अधिक उत्पादन के बिक्री की रणनीति तैयार की जाएगी। बता दें कि, रुचि तिवारी मेजा के जेवनियां की ग्राम प्रधान रहते हुए मुसहरों के लिए आवास सहित अन्य विकास योजनाओं का लाभ दिलाया था। जिसके लिए डीएम ने सम्मानित किया था।

### जलाभिषेक करने जा रहे 800 से अधिक शिवसैनिक गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** शिवसेना उद्धव बालासाहब ठाकरे गुट के प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र तोमर व मुरादाबाद जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में रविवार को संभल स्थित प्राचीन श्री हरिहर मंदिर को मुक्त कराने का संकल्प लेकर जलाभिषेक करने जा रहे आठ सौ से अधिक शिवसैनिकों को पुलिस ने दिल्ली रोड पर रोक लिया और हिरासत में ले लिया। शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने बताया कि आज संभल कूच करने के अभियान में मुरादाबाद के अलावा मेरठ, बिजनौर, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर अमरोहा आदि पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों के आठ सौ से अधिक शिव सैनिक मुरादाबाद में जुटे थे।




## राहुल गांधी 24 को आएंगे प्रयागराज संविधान सम्मान सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, जाति जनगणना और संविधान बचाने के मुद्दे को धार देने में जुट गई है। इसी रणनीति के तहत 24 अगस्त को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रयागराज में संविधान सम्मान सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में हिस्सा लेंगे।


कांग्रेस की ओर से लोकसभा चुनाव के दौरान जाति जनगणना और संविधान बचाने के मुद्दे को लेकर अभियान चलाया गया। राहुल गांधी ने यात्रा और जनसभाओं में इस मुद्दे को उठाया। लखनऊ में संविधान सम्मेलन में भी इस मुद्दे को उठाया। अब चुनाव बाद पार्टी ने देश में जाति जनगणना के मुद्दे पर आंदोलन का फैसला लिया है। 24 अगस्त को राहुल गांधी प्रयागराज आ रहे हैं।

इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कंवेंशन सेंटर में संविधान सम्मान सम्मेलन में मुख्य वक्ता होंगे। सम्मेलन का सामाजिक चेतना फाउंडेशन न्याय और समृद्ध भारत की ओर से किया जा रहा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष पूर्व जिला न्यायाधीश बीडी नकवी के मुताबिक सम्मेलन में उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह यादव सहित देशभर के संविधानविद, प्रोफेसर, डॉक्टर, इंजीनियर हिस्सा लेंगे।

## भाजपा फैजाबाद हार का बदला मिल्कीपुर जीतकर बराबर करने के लिए तैयार

### मिल्कीपुर सीट के लिए सीएम योगी ने दौरा किया तेज, सपा भी इस सीट पर जीत दर्ज कर 2027 के लिए देना चाह रही संदेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद अब उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव को लेकर सरगर्मी है। इसमें अयोध्या की मिल्कीपुर हॉट सीट बन गयी है। इस सीट की जंग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बनाम सांसद अवधेश प्रसाद हो गयी है।

भाजपा फैजाबाद हार का बदला मिल्कीपुर जीतकर बराबर करने के लिए दिन रात एक किये है। सपा भी इस सीट पर जीत दर्ज कर 2027 के लिए संदेश देना चाह रही है। सपा एवं भाजपा के बीच रस्साकसी चल रही है। मिल्कीपुर सीट की कमान सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संभाल रखी है। उन्होंने दौरा तेज कर दिया है। प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं विधायक भी लगे हैं। बीजेपी संगठन को मजबूती देने के लिए बूथ स्तरीय कमेटी को मजबूत कर रही है। संगठन के नेता ताबड़तोड़ बैठकें कर हवा का रूख अपनी ओर करने का प्रयास कर रहे है। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद बीजेपी मानकर चल रही थी कि यहां से वो भारी बहुमत से जीतेगी पर नतीजा उल्ट गया। लोकसभा में फैजाबाद सीट गंवाने के बाद बीजेपी मिल्कीपुर में उपचुनाव में फतह हासिल कर अयोध्या हार के गम को कम करना चाह रही है। मिल्कीपुर में उपचुनाव के ऐलान के पहले से ही मुख्यमंत्री योगी ने नाक का सवाल बना लिया है।उधर सपा मुखिया अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव के बाद फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद के साथ हर जगह दिख रहे हैं। लोकसभा में भी वह अपने बगल अवधेश प्रसाद को बिठाकर भाजपा को चिढ़ाने का काम कर रहे हैं। उनका एक बयान खुब वायरल हुआ जिसमें उन्होंने कहा कि जो लोग भगवान को लाने का दावा कर रहे थे आज उन्हीं को सहारे की जरूरत पड़ रही है। अवेधश प्रसाद में प्रेसवार्ता में कह दिया कि इस बार मिल्कीपुर सीट सपा जीतने जा रही है। 50 हजार से अधिक वोटों से हम जीतेंगे। उन्होंने कहा कि 2027 में सपा सरकार बनाने जा रही है।

### मिल्कीपुर में होगा तीसरा उपचुनाव

मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में यह तीसरा उपचुनाव होने जा रहा है। इससे पहले हुए उपचुनाव में दोनों बार सपा जीत दर्ज करा चुकी है। यहां से विधायक रहते हुए लोकसभा पहुंचने वाले मित्रसेन यादव पहले और अवधेश प्रसाद दूसरे नेता हैं। मिल्कीपुर में पहली बार 1998 में विधानसभा का उपचुनाव हुआ था, जब मित्रसेन यादव सपा से विधायक रहते हुए लोकसभा सांसद बने थे। इसके बाद उपचुनाव हुए तो सपा के रामचंद्र यादव विधायक चुने गए इस सीट पर दूसरी बार उपचुनाव 2004 में हुआ, जब सपा के तत्कालीन विधायक आनंदसेन यादव विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर बीएसपी में शामिल हो गए थे। उपचुनाव हुए तो सपा के रामचंद्र यादव फिर से विधायक बने तीसरी बार मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव है लेकिन पिछले दो उपचुनाव के ट्रेंड सपा के हौसले को बुलंद करने वाले हैं। भाजपा यह मिथक तोडने की कोशिश में है। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के जातीय समीकरण को देखें तो सबसे ज्यादा 65 हजार यादव मतदाता है। पासी 60 हजार, ब्राह्मण 50 हजार, मुस्लिम 35 हजार, ठाकुर 25 हजार, गैर-पासी दलित 50 हजार, मौर्य 8 हजार, चौरासिया 15 हजार, पाल 8 हजार, वैश्य 12 हजार के करीब है। 30 हजार अन्य जातियों के वोट हैं। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में यादव, पासी और ब्राह्मण की निर्णायक है।

## खबरें एक नजर में

### एकल विद्यालय की बहनों ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज के एकल विद्यालय की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। निगोहा, गोसाईगंज, मोहनलालगंज, और नगराम थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बहनों का आभार जताया और सुरक्षा का भरोसा दिया। यह परंपरा एकल विद्यालय की तरफ से लंबे समय से चलाई जा रही है। यहां की आचार्य बहनें रक्षा सूत्र बांधती हैं। रविवार को बहनों ने पुलिस भाइयों की लंबी उम्र और उनके सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही, इन बहनों ने पुलिसकर्मियों से अपनी सुरक्षा और सम्मान की रक्षा का वचन भी लिया। पुलिस कर्मियों ने आचार्य बहनों को भेट स्वरूप पैसे और रक्षा का वचन भी दिया। इसके बाद आचार्य महिलाओं ने कहा की इससे हम सबके दिल में पुलिस के प्रति सम्मान बडेगा और रक्षा का विश्वास भी बढ़ेगा राखी बांधने की इस रस्म के दौरान पुलिसकर्मियों और आचार्य बहनों के बीच एक भावनात्मक संबंध का निर्माण हुआ। पुलिसकर्मियों ने अपनी कलाईयों पर राखी बंधवाकर बहनों की सुरक्षा का वचन दिया और इस अनूठे संबंध को और भी मजबूत किया।

### किसान पथ पर ट्रक चालक को युवकों ने पीटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना इलाके में बाइक सवार युवकों ने किसान पथ पर एक ट्रक चालक को पीट दिया। वो ट्रक को सड़क किनारे लगाकर टायर की हवा चेक कर रहा था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है। बिहार के गोपालगंज के रहने वाले राकेश राम रेलवे के इंजन का पार्ट लेकर छत्तीसगढ़ के दुर्ग से पंजाब के पटियाला जा रहे थे। शनिवार की देर रात पीजीआई थाना क्षेत्र के किसानपथ पर पहुंचे थे और ट्रक ओमेक्स सिटी के पास से उतर कर टायर चेक कर रहे थे। इसी बीच दो बाइक सवार चार लोग आकर रुके, कहने लगे की तुम बीच से गाड़ी चला रहे थे, अगर मुझे टक्कर लग जाती तो जिम्मेदार कौन होता? इसी बात को लेकर चालक की जमकर पिटाई कर दी। राकेश की बाईं आंख में चोट आ गई। राकेश ने 112 डॉयल कर पुलिस को सूचना दी। शिकायत के बाद पीजीआई पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।। इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पीड़ित ट्रक चालक की तहरीर पर एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही हैं।

### सुभासपा की बैठक सम्पन्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की लखनऊ में बैठक हुई , जिसमे पार्टी के नव चयनित मंडल अध्यक्ष लखनऊ अभिनंदन सिंह ने पार्टी के चुनाव चिन्ह के बारे में बताया। पार्टी की नीतियों को समझाया और लखनऊ जिले में संगठन को मजबूत कैसे किया जाये, इसपर पार्टी के प्रमुख महासचिव सचिन सिंह ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ विचार विमश किया। बैठक में पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष नितिन उपाध्याय ,पूर्व प्रदेश महासचिव सचिन सिंह ,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मो.अहमद, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद राव ,पूर्व प्रदेश प्रमुख महासचिव अल्पसंख्यक तनवीर रजा,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक बल्लू खघन उपस्थित रहे।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश की तिथि 20 अगस्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 20 अगस्त कर दिया गया है। पहले यह तिथि 19 अगस्त थी लेकिन रक्षाबंधन पर्व के कारण इसे एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। संयुक्त निदेशक राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद सत्यकांत के मुताबिक प्रवेश की अंतिम तिथि अब 20 अगस्त रात्रि 12 बजे तक है। इस दौरान चयनित अभ्यर्थी अपने संबंधित संस्थानों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्रों, अंकपत्रों की प्रमाणित प्रतियों और पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य है। संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे 17, 18 और 20 अगस्त को प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर लें। 20 अगस्त रात्रि 12 बजे तक वैरिफाइड प्रवेश श्ऑटो फ्रीजश् माने जाएंगे।

### कासिम शहीद बाबा के उर्स पर जायरीनों का लगा तांता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रविवार को सुबह 09.00 बजे कुरान ख्वानी हुई। शाम 07.30 बजे जायरीनों की चादर पोशी की जायेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप के रविन्द्र नायक आई.ए.एस., डा0 अनिल कुमार पाठक आई.ए.एस, विधायक डा0 नीरज बोरा, एम एल सी राम चंद्र प्रधान अन्य अधिकारीयों एवं प्रमुख राजनैतिक दलों के नेतागण के द्वारा दरगाह शरीफपर चादरपोशी की जायेगी। इस मौके पर जुबैर अहमद खान सज्जादानशीन व संरक्षक की जानिब से मरहूम जमीर अहमद खान वारसी साहब (बाबाजी) पूर्व सज्जादानशीन व संरक्षक को इसाले सवाब में लंगर तकसीम किया गया। रात 09:00 बजे महफिले शमा विशेष कव्वाली प्रोग्राम शुरू होगा जो पूरी रात चलेगा।

### उपमुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर देश व प्रदेशवासियों को दी बधाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व विधान परिषद मे नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने भाई-बहन के असीम प्रेम, अटूट विश्वास एवं समर्पण के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व की समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना सन्देश में श्री मौर्य ने कहा कि है कि यह पावन व पुनीत पर्व सभी के जीवन में प्रेम सद्भाव और खुशियों की वृद्धि करें।

### बालू कारोबारी ने गोली मारकर किया सुसाइड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार के अवधपुरी चौराहे के पास बालू कारोबारी ने गोली मारकर सुसाइड कर लिया। बताया जा रह है कि मृतक सतीश पारिवरिक विवाद के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि सतीश का उसकी पत्नी से विवाद था। उसने दो शादियां की थी। वह बिहार का रहने वाले था। गोमतीनगर विस्तार के अवधपुरी के चौराहे के पास सतीश की दूसरी पत्नी रहती हैं। वो पत्नी से मिलने आए थे। सुबह से ही किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। घर के बाहर ही सतीश ने खुद को गोली मार लिया। सतीश और उनकी दूसरी पत्नी से एक चार साल की बेटी है। पहली पत्नी बिहार में परिवार के साथ रहती है।

### रामगोपाल कोरी को बसपा ने मिल्कीपुर सीट से दिया टिकट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी ने मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर रामगोपाल कोरी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि रामगोपाल को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी जिसे विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाती है, वही प्रत्याशी होता है। रामगोपाल साल 2017 में मिल्कीपुर सीट से चुनाव लड़ चुके हैं तब उन्हें 46,000 वोट मिले थे और वह तीसरे स्थान पर थे। उस चुनाव में भाजपा के टिकट पर गोरखनाथ बाबा निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में गोरखनाथ को हराकर सपा के टिकट पर अवधेश प्रसाद ने जीत दर्ज की थी।

### छात्राओं ने सेना के जवानों की कलाई पर बांधी राखी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूनिक इंस्टीट्यूट ऑफएजुकेशन की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सुरक्षा सेना बल चतुर्थ वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय मोहनलालगंज पहुंचकर सेना के जवानों की कलाई में राखी बांधी। संस्था के प्रबंधक प्रशांत त्रिवेदी की उपस्थिति में छात्राओं ने लेफ्टिनेंट जनरल सुमित पांडे, चीफऑफस्टाफको रक्षा सूत्र बांधकर सेना के प्रति सम्मान प्रकट किया।यूनिक इंस्टीट्यूट ने सेना के जवानों के लिए छात्राओं द्वारा हस्तनिर्मित राखियां भी भेंट कीं। इस अवसर पर सैन्य अधिकारियों ने छात्राओं को दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और साहस से जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में निरीक्षक सतीश पांडे, एएसआई हेमराज, मुख्य आरक्षी राजेंद्र बहादुर, हनुमान, आरक्षी मुन्नू कुमार गुप्ता, अखिल और बड़ी संख्या में छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

## रूल ऑफ लॉ से पड़ती है सुशासन की आधारशिला : मुख्यमंत्री योगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** संसदीय लोकतंत्र समन्वय और आपसी सूझबूझ से चलने का संदेश देता है। ऐसा समन्वय, जहां लोकहित व राष्ट्रहित सर्वोपरि हो। जब यह हमारी प्राथमिकता में होते हैं तो दोनों को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। इसकी आधारशिला सुशासन से पड़ती है। सुशासन की आधारशिला रूल ऑफ लॉ से पड़ती है। रूल ऑफ लॉ समाज के हर व्यक्ति के लिए लक्ष्मण रेखा तय करती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को स्मृतिशेष 577 अधिवक्ताओं के आश्रितों को लोकभवन में अधिवक्ता कल्याण निधि से सहायता राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सोमवार को रक्षाबंधन का त्योहार है। इसकी पूर्व संध्या पर यह आयोजन बताता है कि त्योहार का आनंद इससे अच्छा नहीं हो सकता, जब हम किसी निराश्रित के साथ खड़े होकर उसकी सहायता के लिए तत्पर दिखाई देते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी में 54 ऐसी बस्तियां थीं, जो 100 वर्ष पहले बसाई गई थीं, लेकिन 2017 तक वहां के लोगों को वोटिंग का अधिकार नहीं था। उनको राशन कार्ड समेत अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिलता था। वे खानाबदोश की तरह समाज से कटे हुए रहते थे। हम लोगों ने लड़ाई लड़ी और देश की संसद में उनके लिए 2007-2008 में उनके लिए अधिनियम बने, लेकिन उत्तर प्रदेश में उसे पारित होने में और 10 साल लगे। 2017 में 54 बस्तियों को राजस्व ग्राम का दर्जा देकर सभी सुविधाओं से आच्छादित किया गया। उन बस्तियों में जाने पर उनके चेहरे की चमक देखती ही बनती है। वे गरीब हैं, लेकिन गर्व से कहते हैं कि मैं भारतीय हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना में भारत ने साबित करके दिखाया कि वह 140 करोड़ लोगों के साथ सरकार खड़ी है।



### 2047 तक देश को बनाना है विकसित भारत

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था, लेकिन मोदी जी के आने के बाद इस तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। पीएम ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हमें नागरिक कर्तव्यों के प्रति आग्रही बनाया। जब हम अधिकार की चर्चा करते हैं, लेकिन कर्तव्य की नहीं करते तो वहीं पर टकराहट होती है। यदि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है और हर भारतवासी के चेहरे पर खुशहाली लानी है। उसके ईज ऑफ लिविंग को बेहतरीन करना है तो हमें नागरिक कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी होगी।

### पात्रता के आधार पर शासन की योजनाओं का मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शासन के पास जब सोर्स ऑफ इनकम होंगे तो वेलफेयर के रास्ते अपने आप ही खुलते दिखाई देंगे। जरूरतमंदों को यह चीजें मिलें, ऐसे प्रयास होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें प्रतिमाह पेंशन स्कीम (वृद्धा, दिव्यांग और निराश्रित पेंशन) से जोड़ा गया है। बिना भेदभाव के सिर्फ पात्रता के आधार पर उन्हें यह सुविधा मिलती है। बहुत अधिवक्ता ऐसे हैं, जिनका देखभाल करने वाला कोई नहीं है। उन्हें भी शासन की तरफ से इसका लाभ मिलेगा। प्रदेश में 5.11 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किया गया है। प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर उपलब्ध करा रहे हैं। सात वर्ष में 56 लाख निराश्रितों को आवास उपलब्ध कराया गया है।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का बंद नहीं हो रहा उत्पीड़न, सीएम से गुहार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों की मांगों पर विचार नहीं किया जा रहा है। चतुर्थ श्रेणी कर्मियों का लगातार अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। बावजूद अनुरोध सुनवाई नहीं हो रही।

प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह ने बताया कि मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव कार्मिक और प्रमुख सचिव राज कर से पत्रों के माध्यम से अनुरोध किया गया था जिसपर अपर मुख्य सचिव राज कर ने पत्रों पर निर्देश जारी किए थे। अपर मुख्य सचिव कार्मिक स्तर से निर्देश जारी हुए थे लेकिन राज कर विभाग में उन आदेशों का आज अनुपालन नहीं हुआ। चतुर्थ श्रेणी कर्मी का जून 2022 में स्थानांतरण हुआ था और उसको जुलाई 2024 में कार्य मुक्त किया जा रहा है, जो शासन की स्थानांतरण नीति के विरुद्ध है लेकिन सुनवाई नहीं हुई,जबकि उसी के आदेश से दूसरे कर्मचारियों का मुख्यालय से ही जोन कार्यालय में स्थानांतरण हुआ था उसको भी आज मुक्त नहीं किया गया तो दोनों कर्मचारियों का अलग-अलग मापदंड अपनाना नियम विरुद्ध है। दोनों कर्मचारियों के लिए एक ही नियम है। जब दूसरी स्थानांतरण नीति जारी हो जाती है तो पहली स्वतरू समाप्त हो जाती है लेकिन वाणिज्य कर विभाग में नियम विरुद्ध शासन की नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही। मुख्यमंत्री प्रदेश के साथ हमारे विभाग राज कर के भी मुखिया हैं लेकिन कुछ अधिकारी सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जिसको पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि कर्मचारियों की विशेष समस्याओं पर ध्यान देकर उसको निस्तारण कराया जाए।भारतीय राज्य सरकारी महासंघ द्वारा 20 अक्टूबर को राज्य के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी या सभी राज्यों के अध्यक्ष मंत्री जंतर मंतर पर प्रधानमंत्री को भर्ती पर रोक एवं पुरानी पेंशन बहाल करने पूर्व सेवा जोड़कर पेंशन एवं ग्रेविटी का लाभ दिए जाने तथा प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को किए जाने उत्पीड़न को लेकर देश के कर्मचारी एकत्र होकर ज्ञापन सौंपेंगे।

▸ वाणिज्य कर विभाग में शासन की नियमों की उड़ाई जा रहीं धज्जियां

## महिला डाक्टर की हत्या के विरोध में युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कोलकाता में हुई महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के विरोध में मोहनलालगंज के युवाओं की टोली रविवार को सड़क पर उतर आई। उन्होंने कैंडल मार्च निकालकर मृतका की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं, आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। मोहनलालगंज के कालेबीर मंदिर परिसर में कस्बे सहित अन्य आसपास के रहने वाले युवाओं की एक एक टोली एकत्रित हुई। कालेबीर मंदिर परिसर से होते हुए तहसील कोतवाली मोहनलालगंज के सामने से होते हुए मौरांवा चौराहे तक कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। वापस आकर मंदिर परिसर में समापन कर शांति प्रार्थना की कैंडल मार्च की अगुवाई कर रहे युवा कार्तिकेय मिश्रा, आयुष द्विवेदी, हेरंभ दीक्षित ने कहा कोलकाता की घटना से पूरा देश व्यथित हैं, जबकि वहां की सरकार कोई भी ठोस कदम नहीं उठा पा रही है। ऐसी सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए। केंद्र सरकार को चाहिए कि इसमें हस्तक्षेप कर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाएं। जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके। कैंडल मार्च के दौरान युवाओं वी वांट जस्टिस के नारे भी लगाए। इस मौके पर मोनू यादव,अनिकेत पाल,प्रखर द्विवेदी, अभिषेक पाल, प्रिंस अजीत, सिद्धि विनायक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## मंत्री नन्दी ने भ्रमण के दौरान बूथ अध्यक्षों के घर जाकर की मुलाकात

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी में संगठन सर्वोपरी है, जहां प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संगठन की मजबूत कड़ी है। इसी संदेश और उद्देश्य के साथ उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों के घर जाकर उनसे मुलाकात की। परिजनों से भेंट वार्ता की। साथ ही उस क्षेत्र के पन्ना प्रमुखों के साथ बैठकर चाय पर चर्चा की। इस दौरान मंत्री नन्दी ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं। जिस पर तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया। भ्रमण के दौरान नगर निगम के चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर के अनुपस्थित रहने एवं विभिन्न स्थानों पर जगह-जगह कचरे का ढेर और गंदगी दिखाई देने पर सम्बंधित चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर गोविंद बाजपेयी के खिलाफ कार्रवाई का आदेश नगर आयुक्त को दिया। आजाद नगर साउथ मलाका में भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों ने पेड़ के उपर से 11 हजार की लाइन का तार जाने के कारण बारिश के मौसम में करंट उतरने की सम्भावना जताई। लोगों की शिकायत पर नन्दी ने बिजली विभाग, नगर निगम और वन विभाग के अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर समस्या का निराकरण करने का आदेश दिया। मौके पर ही नन्दी ने पेड़ों को छंटवाया, ताकि पेड़ में करंट उतरने से कोई व्यक्ति झुलस न सके।

## रक्षाबंधन : भद्रा काल में न बांधे राखी, पांच घंटे का है विशेष मूहर्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सावन के महीने का विशेष महत्व है, लेकिन सावन में सोमवार का खास महत्व होता है। इस वर्ष सावन की शुरुआत शिवजी के प्रिय वार सोमवार के दिन से हुई है और इसकी समाप्ति सोमवार को ही होगी। सावन माह के पहले दिन पहला सावन सोमवार व्रत रखा गया और अंतिम दिन आखिरी सावन सोमवार व्रत रखा जाएगा, जो कि 19 अगस्त को पड़ रहा है।

सावन पूर्णिमा और रक्षाबंधन भी होगा। सावन के अंतिम या पांचवे सोमवार पर 19 अगस्त को सर्वार्थ सिद्धि योग, शोभन योग, रवि योग और श्रावण नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इन योगों को बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा दुर्लभ संयोग पूरे 90 साल बाद है, जिसका शुभ प्रभाव कई राशियों पर पड़ेगा। रक्षाबंधन के दिन चार अद्भुत संयोग बन रहे है।वैदिक पंचांग के अनुसार 19 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा और रक्षाबंधन के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, शोभन योग और श्रवण नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है। रक्षासूत्र की डोर भाई बहन के रिश्ते को अटूट बना सकती है। इस दिन सावन का अंतिम सोमवार भी है। ऐसे में यह दिन बेहद शुभ साबित होगा। रात 8 बजकर 40 मिनट तक रहेगा ये दो योग।19 अगस्त को सुबह से लेकर रात 8 बजकर 40 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग और रवियोग है। सर्वार्थ सिद्धि योग में किए गए सभी कार्यों में सिद्धियां प्राप्त होती है। ऐसे में इस समय में रक्षासूत्र बांधा जाए तो भाइयों पर आने वाली सभी बालाएं दूर होंगी और उन्हें आरोग्य होने का का वरदान भी मिलेगा,परंतु भद्रा रहने के कारण राखी नही बांध सकते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार 18 अगस्त को रात 2 बजकर 21 मिनट से भद्रा कि शुरूआत हो रही है जो अगले दिन 19 अगस्त को 1 बजकर 32 मिनट तक रहेगा। यह भद्रा पाताल लोक का भद्रा होगा। भद्रा काल में रक्षा सूत्र बांधने शुभ नहीं माना जाता है, ऐसे में 19 अगस्त को दोपहर में 1 बजकर 32 मिनट के बाद रक्षासूत्र बांधा जाएगा। 19 अगस्त सोमवार को 1.33 दोपहर से शाम 7 बजे तक विशेष मूहर्त 5 घंटे तक रहेगा।

▸ एक बजकर बत्तीस मिनट के बाद बांधी जाएगी राखी

### प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध : कपिल देव

**लखनऊ।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या मे वृहद रोजगार मेले में प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में नए आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी सरकार का उद्देश्य युवाओं को न केवल रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना भी है। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और अन्य योजनाओं के माध्यम से लाखों युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। पिछले सात वर्षों में मिशन के तहत 16.50 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 6.70 लाख से अधिक को रोजगार मिला है। प्रोजेक्ट प्रवीण के माध्यम से प्रदेश के स्कूलों में कौशल प्रशिक्षण की योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस परियोजना के तहत, पिछले दो वर्षों में 65,000 विद्यार्थियों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

### भाजपा पहली सितम्बर से चलाएगी सदस्यता अभियान

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी का 01 सितम्बर से सदस्यता अभियान शुरू हो रहा है। उत्तर प्रदेश में पार्टी द्वारा शुरू किये जा रहे सदस्यता अभियान के संदर्भ में 20 अगस्त को इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान गोमतीनगर लखनऊ में सदस्यता अभियान कार्यशाला होगी। कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व सदस्यता अभियान के प्रभारी विनोद तावडेघ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यशाला में डेढ़ हजार सेअधिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सम्मिलित होगें।पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सदस्यता अभियान कार्यशाला को लेकर आज पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा की।

**उपलब्धि** — ऊर्जामंत्री ने किया परदहा कॉटन मिल में निर्माणाधीन औद्योगिक पार्क का निरीक्षण

## परदहा में 476.91 करोड़ से बन रहा औद्योगिक पार्क

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद व एमएसएमई विभाग के सहयोग से तथा स्वयं मेरे द्वारा इस पार्क की स्थापना के लिए किए गए 03 वर्षों के संघर्ष के बाद मऊ क्षेत्र के निवासियों के विकास के लिए परदहा कॉटन मिल पर औद्योगिक पार्क का निर्माण कराया जा रहा।

यह पार्क 476.91 करोड रुपए की लागत से 84.27 एकड़ क्षेत्र में बनेगा। इसमें छोटे-बड़े औद्योगिक केंद्र की स्थापना के लिए कुल 500 प्लांट बनाए जाएंगे। बड़े उद्योगों के लिए 141 प्लांट तथा फ्लैटेड फैक्ट्री में छोटे उद्योगों के लिए 350 प्लांट होंगे, यह सभी प्लांट 500 स्क्वायर मीटर से लेकर 5000 स्क्वायर मीटर के होंगे। इस पार्क में रहने वाले व्यवसाईयों, उद्योगपतियों, कामगारों व कार्मिकों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। पार्क में व्यापारियों व उद्योगपतियों की सुविधा के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर की भी स्थापना कराई जाएगी। मऊ के इस परदहा कॉटन मिल पर स्थापित हो रहा औद्योगिक शंकुल देश प्रदेश का ही नहीं बल्कि दुनिया का सबसे अत्याधुनिक औद्योगिक पार्क बनेगा।नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को मऊ के परदहा कॉटन मिल में निर्माणाधीन औद्योगिक पार्क का निरीक्षण किया और एमएसएमई विभाग द्वारा पार्क निर्माण से संबंधित प्रोजेक्ट का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परदहा कॉटन मिल पर औद्योगिक पार्क के निर्माण से मऊ क्षेत्र के लोगों के सपने पूरे हो सकेंगे, इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।

बेरोजगार युवाओं को रोजगार की तलाश में बाहर नहीं जाना होगा, अब उन्हें अपने क्षेत्र में ही रोजगार मिलेगा, इसकी शुरुआत प्रदेश में सबसे पहले मऊ जनपद से होगी। इस क्षेत्र में परदहा कॉटन मिल की स्थापना से आजमगढ़ और पूर्वांचल के अन्य जिलों से भी यहां पर रोजगार के लिए लोग आते थे। यहां पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलता था और इससे लाखों परिवार पलते थे, लेकिन प्रदेश में विपक्ष की सरकारों ने इस मिल को ध्वस्त कर दिया। इस कॉटन मिल के खत्म होने से मऊ के साथ पूर्वांचल का विकास रुक गया। इस पर बैंक और सरकार की बहुत सी देनदारिया बाकी थी। इस पार्क के लिए एमएसएमई विभाग के मंत्री राकेश सचान तथा विभाग के प्रमुख सचिव ने काफी सहयोग किया। परदहा काटन मिल पर कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, पूर्व प्रत्याशी अशोक सिंह समेत बड़ी संख्या में नागरिक व व्यापारी मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**मीरजापुर।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र के पंडित रामकिंकर उपाध्याय विद्यापीठ परिसर में स्थित श्रीगुंडा बाबा आश्रम सभागार में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक में पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधानसभा मझवां में होने वाले उपचुनाव को लेकर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। कहा कि मोदी जैसा कोई प्रधानमंत्री नहीं और योगी आदित्यनाथ जैसा कोई मुख्यमंत्री नहीं। अब जनता ही समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाएगी। मीडिया से वार्ता के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मझवां विधानसभा सहित उत्तर प्रदेश की दसों सीटों पर हम पूरे विश्वास के साथ जीतेंगे। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। उपचुनाव जीतने के साथ ही 2027 में एक बार फिर सत्ता दोहराएंगे।

## नारी उत्थान से ही राष्ट्र की उन्नति

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि श्मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन–पालन की ही देन है। जीजाबाई, जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलत: माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ–साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अत: महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन, पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ–साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।

# रक्षाबंधन पर भी चढ़ा आधुनिकता का रंग

**योगेश कुमार गोयल**

भाई द्वारा बहन की रक्षा का वचन देने के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले त्यौहार रक्षाबंधन के मायने वर्तमान युग में बहुत बदल गए हैं। रिश्तों के इस पर्व पर अब भावनाओं से ज्यादा राखी की कीमत देखी जाने लगी है। बदले जमाने के साथ रक्षाबंधन मनाने के तौर-तरीकों में तो बदलाव आया ही है, साथ ही कच्चे धागों के रूप में भाई की कलाई पर बांधा जाने वाला भाई-बहन के रिश्ते का यह बंधन अब कच्चे धागों के स्थान पर सोने-चांदी की जंजीरों का रूप ले चुका है। भाईबहन के अटूट प्यार के इस पर्व पर अब आधुनिकता का रंग चढ़ चुका है। समय बदलने के साथ-साथ राखियों का अंदाज पूरी तरह बदल गया है।

हर वर्ष रक्षाबंधन पर अब बाजार में सैंकड़ों तरह की नई राखियां आती हैं। लोगों में नए-नए डिजाइनों वाली महंगी राखियों के प्रति दीवानगी इस कदर बढ़ गई है कि अब राखी बनाने वाले बड़े-बड़े निर्माताओं ने तो बाकायदा राखियों के नए-नए डिजाइन तैयार कराने के लिए डिजाइनरों की सेवाएं लेनी शुरू कर दी हैं। राखी का पर्व बीतते ही अब अगले साल के लिए नए-नए डिजाइन तैयार करने की चिंता शुरू हो जाती है क्योंकि राखियों के सैंकड़ों आकर्षक डिजाइनों के बावजूद ग्राहक हर बार 'मोर डिजाइन्स' की डिमांड करते हैं। यही कारण है कि एक साल बनाए गए राखी के नए डिजाइन अगले साल 'आउटडेटेड' हो जाते हैं। फैंसी राखियों में जो डिजाइन एक साल बिकते हैं, वे अगले साल नहीं बिकते जबकि राखी के जिन डिजाइनों में प्राचीन कलात्मकता का प्रयोग किया जाता है, ऐसी राखियां महंगी होने के बावजूद ज्यादा बिकती हैं। बाजारों में अब पारम्परिक सौन्दर्य के साथ-साथ आधुनिकता का भी तड़का लगा है। परम्परागत राखियों के साथ-साथ बाजार इलेक्ट्रॉनिक राखियों और हैरी पॉटर, फेंगसुई, स्पाइडरमैन, मोगली, मिक्की माउस, छोटा भीम, बेनटेन, डोरीमॉन, वीडियो गेम, कम्प्यूटर, स्मार्टफोन इत्यादि तरह-तरह के डिजाइनों वाली आकर्षक राखियों से भरे नजर आते हैं।



**महिलाओं तथा बच्चों का आकर्षण भी साधारण राखियों के बजाय नए-नए डिजाइनों वाली इन 'हाइटैक' राखियों की ओर ही देखा जा रहा है। हाईटेक राखियों में गैजेट राखियां, 3-डी और एलईडी तथा म्यूजिकल राखियां शामिल हैं। अधिकांश लोग अब डिजाइनर, हाईटेक और स्वदेशी राखियों को ही पसंद करने लगे हैं। राखी निर्माताओं के साथ-साथ अधिकांश राखी विक्रेताओं का भी यही कहना है कि तकनीक के इस युग में लोग अब हाईटेक और स्वदेशी राखियों की ही ज्यादा मांग करते हैं। पूरी तरह से स्वदेशी स्टोन की रंग बिरंगी आकर्षक 'हाईटेक' राखियों की डिमांड बहुत ज्यादा है।**

महिलाओं तथा बच्चों का आकर्षण भी साधारण राखियों के बजाय नए-नए डिजाइनों वाली इन 'हाइटैक' राखियों की ओर ही देखा जा रहा है। हाईटेक राखियों में गैजेट राखियां, 3-डी और एलईडी तथा म्यूजिकल राखियां शामिल हैं। अधिकांश लोग अब डिजाइनर, हाईटेक और स्वदेशी राखियों को ही पसंद करने लगे हैं। राखी निर्माताओं के साथ-साथ अधिकांश राखी विक्रेताओं का भी यही कहना है कि तकनीक के इस युग में लोग अब हाईटेक और स्वदेशी राखियों की ही ज्यादा मांग करते हैं। पूरी तरह से स्वदेशी स्टोन की रंग बिरंगी आकर्षक 'हाईटेक' राखियों की डिमांड बहुत ज्यादा है। हालांकि राखी निर्माण के लिए बड़ी मात्रा में कच्चा माल चीन से ही आयात किया जाता है लेकिन डिजाइनर राखियों का डिजाइन देश में ही तैयार किया जाता है। चाइनीज राखियों से लोगों का लगाव काफी कम हो गया है और अब अधिकांश लोग चाइनीज राखियों की जगह स्वदेशी राखियों को ज्यादा पसंद करते हैं। बच्चों को आकर्षित करने के लिए म्यूजिकल राखियों के अलावा घड़ी और छोटे-छोटे सुंदर खिलौने लगी राखियां भी बाजार में उपलब्ध हैं।

कई वर्षों से राखी बेचने का कार्य कर रहे एक दुकानदार बताते हैं कि अब रंग-बिरंगी राखियों का जमाना लद गया है और फैंसी हाईटेक राखियों के इस दौर में हर कोई राखियों के नए डिजाइनों की तलाश में रहता है। वह बताते हैं कि एक समय था, जब रेशम के साधारण धागे ही अधिक मात्रा में बिकते थे किन्तु अब राखियों के डिजाइनों में भी इलैक्ट्रॉनिक राखियों की मांग बहुत बढ़ गई है। घड़ीनुमा व वीडियोगेम वाली राखियां छोटे बच्चों की पहली पसंद बनी हुई हैं। हालांकि लौंग, इलायची व सुपारी वाली कलात्मक राखियां अब भी पसंद की जाती हैं। वह बताते हैं कि ग्रामीण महिलाओं का झुकाव अब भी पारम्परिक राखियों की ओर ही देखने को मिल रहा है लेकिन बड़े लोगों की पसंद अब फैंसी राखियों को छोड़कर सोने-चांदी की राखियों पर टिकी हुई है। चांदी की जंजीरनुमा राखियां तो अब आम हो चली हैं।

एक दुकान पर राखी खरीद रही एक महिला से जब उनकी पसंद के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि राखी खरीदते समय वह इस बात का ध्यान रखती हैं कि उसके भाईयों की कलाई पर कौनसी राखी ज्यादा खूबसूरत और आकर्षक लगेगी। उन्होंने बताया कि उन्हें अब परम्परागत गोल राखियों के बजाय नए-नए डिजाइनों वाली इलैक्ट्रॉनिक राखियां ज्यादा पसंद हैं जबकि उन्होंने छोटे बच्चों के लिए मिक्की माउस, स्पाइडरमैन, मोगली इत्यादि बच्चों को लुभाने वाले डिजाइनों की राखियां खरीदी हैं।

राखियां खरीद रही एक अन्य महिला के साथ आए बच्चों से उनकी पसंद के बारे में पूछने पर उन्होंने उत्साहित स्वर में बताया कि उन्हें हैरी पॉटर, स्पाइडरमैन व मिक्की माउस की राखियां बहुत पसंद आई हैं। शहर-शहर और गांव-गांव गलियों में जाकर आवाजें लगाकर राखियां बेचने वाले 56 वर्षीय हुक्मचंद तो बदले जमाने की पसंद से खासे हैरान हैं। वह कहते हैं कि वह अब से नहीं बल्कि अपनी जवानी के दिनों से राखियां बेचने का धंधा कर रहे हैं। पुराने जमाने को याद करते हुए वह बताते हैं कि एक समय था, जब वो किसी गांव में जाते थे तो महिलाओं की टोली उन्हें घेर लेती थी और राखियों में सजावट से ज्यादा कोमलता देखी जाती थी किन्तु आज तो राखियों की सौदेबाजी की जाती है। दुखी स्वर में वह कहते हैं कि बदले जमाने ने ऐसी हवा दी है कि उस जैसे गली-गली में राखियां बेचने वाले से राखी खरीदने से पहले लोग अब अपने 'स्टेटस' की ओर देखने लगे हैं और हम जैसे लोगों से वैसे ही आकर्षक डिजाइनों वाली फैंसी राखियां खरीदने के बजाय बहुत से लोग बड़ी-बड़ी दुकानों या गिफ्ट गैलरियों से वही राखियां ऊंचे दामों पर खरीदना अपनी शान समझते हैं। आधुनिकता के इस दौर में राखी बाजार में अब पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी अनूठी और सराहनीय पहल देखने को मिल रही है। दरअसल अब ऐसी राखियों की ओर भी लोगों का रूझान बढ़ रहा है, जो गाय के गोबर से बनाई जाती हैं। कई स्थानों पर अब गौशालाओं में गाय के गोबर से राखियों का निर्माण किया जा रहा है। गोबर को राखी का आकार देकर सुखाया जाता है और फिर उसे सजाकर उसके साथ सूत का धागा बांधा जाता है। बहरहाल, एक ओर जहां बाजार में सामान्य तौर पर बिकने वाली आधुनिक राखियों में चीन से आयातित सामान का इस्तेमाल होता है, जिसमें प्लास्टिक और धातु होने के साथ ही पेंट का भी इस्तेमाल होता है।

## विचार

# लोकतांत्रिक सरकार के लिए जम्मू-कश्मीर तैयार

**प्रेम शर्मा**

अंततः जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों की तारीखें घोषित कर दी गई। दस वर्ष बाद चुनाव होने से जनता और राजनीतिक दलों में उत्साह नजर आ रहा है। दरअसल, वहां चुनाव न कराए जा सकने की वजह से लंबे समय से लोकतांत्रिक प्रक्रिया थम सी गई थी। राजनीतिक गतिविधियां भी ठहरी हुई थीं। इसलिए मांग की जा रही थी कि जितना जल्दी हो सके, वहां चुनाव कराए जाएं।

सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा था कि तीस सितंबर तक वहां चुनाव करा लिए जाएं। अब निर्वाचन आयोग ने तीन चरण में वहां चुनाव कराने की घोषणा कर दी है। लंबे समय बाद वहां इतने कम चरण में चुनाव होंगे। ज्ञात हो कि जम्मू-कश्मीर में 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत 65 फीसदी रहा था. लेकिन कोई भी दल पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर सका था। बीजेपी ने 25 सीटों के साथ 23 फीसदी वोट और पीडीपी ने 28 सीटों के साथ 22 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। सीटों के लिहाज से पीडीपी बड़ी पार्टी थी।नेशनल कॉन्फ्रेंस को 15 और कांग्रेस को 12 सीटें ही मिली थीं। उस दौरान दो बड़े दलों




बीजेपी-पीडीपी ने गठबंधन में सरकार बना ली। महबूबा मुफ्ती सीएम बनीं, लेकिन ये सरकार अपना कार्यकाल पूरा ही नहीं कर सकी। वर्ष 2018 में बीजेपी ने पीडीपी से अपना समर्थन वापस ले लिया और सरकार गिर गई। तब से अब तक वहां चुनी हुई सरकार नहीं है। राज्यपाल ने 21 नवंबर 2018 को द्वारा जम्मू-कश्मीर की विधानसभा भंग कर दी थी।

6 महीने के भीतर नए चुनावों की उम्मीद थी लेकिन ऐसा हो नहीं सका। लोकसभा चुनाव के दौरान स्थानीय लोगों के उत्साह के बाद विधानसभा चुनाव की घोषणा इस बॉत का प्रतीक है कि जम्मूकश्मीर लोकतांत्रिक सरकार के लिए पूरी तरह तैयार है। चुनाव में नेशनल कान्फ्रेंस, पीडीपी, भाजपा, कांग्रेस समेत लगभग सभी दलों के मुद्दे पिछले चुनाव से अलग होंगे। नेकां ग्रेटर आटोनामी, पीडीपी सेल्फ रूल जैसा मुद्दा नहीं उठाएगी। दोनों दल पांच अगस्त, 2019 से पहले की संवैधानिक स्थिति की बहाली, जम्मू-कश्मीर के प्राकृतिक संसाधनों और नौकरियों पर यहां के लोगों का पहला हक और सुरक्षा को एजेंडा बनाने की तैयारी में हैं। भाजपा एक ईमानदार और कर्मठ सरकार के नारे के साथ आगे बढ़ेगी। कांग्रेस भी जम्मू-कश्मीर के हितों की रक्षा का दावा करेगी। इस चुनाव में पूर्ण राज्य के दर्जे का मुद्दा सभी राजनीतिक दलों के एजेंडे में होगा। आतंकवाद के समूल नाश की गूंज भी सुनाई देगी। जम्मूकश्मीर के साथ हरियाणा विधानसभा के लिए भी मतदान होंगे, जो एक ही चरण में कराए जाएंगे। मगर सबकी नजर जम्मू-कश्मीर पर बनी हुई है। वहां परिसीमन का काम पिछले वर्ष ही पूरा कर लिया गया था, जिसमें तीन नई सीटें जुड़ गई थीं। अब वहां भी नब्बे सीटें हो गई हैं।

परिसीमन को लेकर वहां के राजनीतिक दलों की नाराजगी थी। उनका आरोप था कि उनसे सुझाव नहीं लिया गया। मगर अब वह असंतोष थमा है। इतना तो तय है किसी राज्य को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दूर रखने से वहां के विकास कार्यो पर तो बुरा असर पड़ता ही है। नागरिकों का लोकतंत्र पर भरोसा भी कमजोर होने लगता है। 2018 में राज्यपाल शासन के एक वर्ष बाद विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांट दिया गया था। अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद से वहां उपराज्यपाल का शासन चला आ रहा है।केंद्र सरकार लगातार दावा करती रही कि वह जल्द वहां चुनाव करा कर जम्मू-कश्मीर को दर्जा वापस लौटा देगी। मगर स्थितियां सामान्य न होने के तर्क पर चुनाव टलते रहे। माना जा रहा था कि लोकसभा के साथ ही वहां विधानसभा के चुनाव भी करा लिए जाएंगे, मगर ऐसा नही हो पाया था। खैर देर से ही सही, अब निर्वाचन आयोग की परीक्षा है। कि वह किस प्रकार वहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराता है। कई मामलों में दूसरे राज्यों की अपेक्षा जम्मू-कश्मीर संवेदनशील राज्य है। वहां हर वक्त आतंकी गतिविधियों का खतरा बना रहता है। कई लोगों का मानना है कि अगर विधानसभा चुनाव ठीक से संपन्न होंगे, तो आतंकी गतिविधियों पर विराम लगाने में भी कामयाबी मिल सकती है। फिलहाल कुछ आतंकी गतिविधियों इस दौरान देखी गई वह इस बॉत का संकेत है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान को जम्मूकश्मीर में लोकतंत्रिक व्यवस्था लागू किया जाना उसके लिए खतरे की घंटी है।2024 के लोकसभा चुनाव में जिस तरह लोगों का उत्साह देखने को मिला, उससे उम्मीद की जाती है कि जम्हूरियत के जश्न में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। निर्वाचन आयोग ने भी ऐसी ही उम्मीद जताई है। अब निर्वाचन आयोग के सामने चुनौती यह है कि वह इस चुनाव में पारदर्शिता बरते। लोकसभा चुनाव को लेकर उसे कई प्रकार के आरोपों का सामना करना पड़ा, जो अभी तक खत्म नहीं हुए हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनसे सबक लेते हुए वह जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों को सचमुच जम्हूरियत का जश्न बनाने में कामयाब होगा। चुनाव घोषणा से ठीक पहले जम्मू-कश्मीर प्रदेश प्रशासन ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए वर्ष 1947 के गुलाम जम्मू-कश्मीर व पाकिस्तान से आकर यहां बसे विस्थापितों और 1965 व 1971 के विस्थापितों को पहले से अलॉट की गई इवैक्यू (कस्टोडियन) संपत्ति का मालिकाना अधिकार देने व भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इवैक्यू संपत्ति में वह मकान, दुकान, खेत, बाग शामिल हैं, जो 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान गए नागरिकों के नाम पर पंजीकृत हैं।इस संपत्ति की देखभाल के लिए जम्मू-कश्मीर में कस्टोडियन विभाग बनाया गया है।

# पाक से एक कदम पीछे क्यों रह गया भारत

भुखमरी-गरीबी और आतंकवाद का शिकार पाकिस्तान 2024 पेरिस ओलंपिक में पदक तालिका में आगे रह कर भारत को शर्मिंदा कर गया। देश की एक अरब 40 करोड़ की आबादी और खिलाड़ियों पर 4 अरब 70 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद भारत एक स्वर्ण पदक तक हासिल नहीं कर सका। भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल करके पाकिस्तान ओलंपिक की सूची में भारत से आगे निकल गया। खेलों में भारत का बेहद निराशाजनक प्रदर्शन बताता है कि सिर्फ जीडीपी में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से इस दिशा में कुछ हासिल होने वाला नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए खेलों में संसाधनों के साथ खेल संस्कृति का जज्बा जरूरी है। पाकिस्तान ही नहीं, अफ्रीका के ऐसे देश, जो दशकों से घरेलू युद्ध का बेहद गरीबी में सामना कर रहे हैं, वे भी ओलंपिक जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेलों के आयोजन में भारत को पछाड़ गए। भारतीय टीम से उम्मीद की गई थी कि वो टोक्यो ओलंपिक से अच्छा प्रदर्शन करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम पिछले ओलंपिक से एक मेडल कम रह गई। टोक्यो ओलंपिक में एक मेडल के मुकाबले पेरिस में 6 मेडल आए हैं। इसमें 5 ब्रांज और एक सिल्वर है। सिल्वर मेडल नीरज चोपड़ा ने जीता। केंद्र सरकार ने ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों पर अरबों पर रुपए खर्च किए थे, लेकिन उसका परिणाम सुखद नहीं रहा है। पेरिस ओलंपिक में भारत की तरफ से 16 खेलों में 117 एथलीट गए थे। इस पर भारत सरकार ने कुल 470 करोड़ रुपए खर्च किए थे। एथलेटिक्स के अलग-अलग खेलों के लिए कुल 96.08 करोड़ रुपए जारी किए गए थे। बैडमिंटन पर 72.03 करोड़, बॉक्सिंग पर 60.93 करोड़, शूटिंग 60.42 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। हॉकी पर 41.3 करोड़ और रेसलिंग पर 37.8 करोड़, आर्चरी में 39.18 करोड़ खर्च हुए थे। इसके अलावा वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, नौकायन जैसे खेलों पर भी करोड़ों खर्च हुए थे। औसतन एक मेडल के लिए सरकार को 78 करोड़ खर्च करने पड़े। भारत के लिए नीरज चोपड़ा ने जैवलिन में सिल्वर, मनु भाकर और सरबजीत सिंह ने शूटिंग में ब्रांज, भारतीय हॉकी टीम ने ब्रांज, अमन सहरावत ने कुश्ती में ब्रांज जीता। मनु भाकर ने 2 ब्रांज मेडल जीते थे। दूसरी तरफ भारत के पड़ोसी पाकिस्तान ने सिर्फ एक ही गोल्ड मेडल जीता है। लेकिन वह भारत से मेडल टैली में आगे निकल गया है, क्योंकि मेडल टैली में उसे ऊपर रखा जाता है, जो स्वर्ण पदक जीतता है। भारत ने पेरिस ओलंपिक में कोई भी स्वर्ण पदक नहीं जीता है, जबकि पाकिस्तान के एक गोल्ड जीतते ही लॉटरी लग गई है। पेरिस ओलंपिक 2024 की मेडल टैली में भारत 71वें नंबर पर है, तो वहीं पाकिस्तान 62वें नंबर पर मौजूद है। हर विश्व चैंपियनशिप के दौरान भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कई सवाल पूछे जाते हैं। हमारी टीमें अक्सर गुस्साए और निराश दर्शकों के सामने लौटती हैं और हम अपने मेहनती खिलाड़ियों पर भी अपनी निराशा व्यक्त करते हैं। खेलों में भारत की दुर्दशा का आलम यह है कि हॉकी के अलावा अन्य टीम वाले खेलों में भारत का विश्व स्तर पर अता-पता तक नहीं है। इसमें महिला टीम के खेलों की हालत और भी ज्यादा शोचनीय है। देश में खेल के लिए पर्याप्त वातावरण नहीं होने के अलावा लैंगिक भेदभाव भी खेलों में भारतीय महिलाओं के पिछड़ने की प्रमुख वजह है। भारत के ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन का कारण भारत की विश्व स्तर पर खराब रैंकिंग भी है। भारतीय टेनिस टीम विश्व में 23वें स्थान पर है। भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम 127 देशों में से 34वें स्थान पर है। भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम 113 खेलने वाले देशों में से 100वें स्थान पर है। भारतीय बास्केटबॉल टीम 85 देशों में से 61वें स्थान पर है। नवीनतम फीबा रैंकिंग रिपोर्ट में हमारी रग्बी टीम 102 खेलने वाले देशों में से 74वें स्थान पर है। सवाल यह उठता है कि इतनी बड़ी आबादी, क्षेत्रफल और अर्थव्यवस्था वाले देश की हालत खेलों के प्रदर्शन में इतनी खराब कैसे है। खेलों की सुविधाओं में निवेश करने की भी जरूरत है।



# राशिफल

**मेष:-** विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**वृषभ:-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें।

**कर्क :-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

**सिंह:-** नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी।

**कन्या:-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**तुला:-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे।

**वृश्चिक:-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कायरे में आलस्य न करें।

**धनु:-** सगे-संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मकर:-** महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव।

**कुंभ:-** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कार्य के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।


**मीन :-** निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से : फरेबी जाल में कैसे फंसी दुर्गा खोटे

**अजय कुमार शर्मा**

अपने समय की प्रख्यात अभिनेत्री दुर्गा खोटे का संबंध मुंबई के एक प्रतिष्ठित और उच्च परिवार, लाड परिवार से था। उनका विशाल घर कांदेवाडी में था। उनके पिता पांडुरंग शामराव लाड थे जो एक बुद्धिमान सॉलीसिटर के रूप में विख्यात थे। उनके पिता हमेशा चायना कार्ड या चायना सिल्क के सूट पहनते थे। बोस्की की रेशमी शर्ट में हीरे के बटन लगते और हीरे की ही अंगूठी पहनते। उनके घर में रोल्स रॉयस गाड़ी के अलावा कई सुंदर घोड़ागाड़ियां भी थीं। घोड़ा गाड़ियों के घोड़े ऑस्ट्रेलिया से जहाज द्वारा आए थे। रोल्स रॉयस गाड़ी का बोनट असली चांदी का था और उसकी एलमुनियम की पूरी बॉडी पर चांदी का मुलम्मा चढ़ा था।

उनके नाना भी बहुत बड़े आदमी थे। मुंबई की प्रसिद्ध शांताराम की चाल के मालिक उनके नाना श्री सुकथनकर जी थे। यह चाल इतनी बड़ी थी कि यहां पंडित मोतीलाल नेहरू, देशबंधु चितरंजन दास, लाला लाजपत राय वल्लभभाई पटेल और विट्ठल भाई पटेल जैसे ओजस्वी नेताओं के भाषण वहां हुआ करते थे। दुर्गा जी कैथेड्रल हाई स्कूल में पढ़ती थी जिसमें गैर क्रिश्चियन लड़कियों का एक निश्चित कोटा रहता था। स्कूल का सारा माहौल अंग्रेजी था और शिक्षा पद्धति यूरोपीयन। सारे शिक्षक कैंब्रिज या ऑक्सफोर्ड से डिग्रियां प्राप्त थे और स्कूल स्कॉटिश मिशन के पैसों से चलता था। यहां का अनुशासन बहुत ही कठोर था और इसे ब्रिटेन के पब्लिक स्कूलों की शैली पर चलाया जाता था। वह अपनी क्लास की प्रिफेक्ट बनी और बास्केटबॉल टीम की कप्तान भी चुनी गईं। कैथेड्रल स्कूल से मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद वे सेंट जेवियर्स कॉलेज में पढ़ाई करने लगी। यहां उन्हें नाटकों का शौक लगा। उन्होंने कई नाटकों में काम किया और कई का निर्देशन भी किया।



**इसी दौरान उनकी शादी एक और अन्य बड़े घराने खोटे घराने में कर दी गई। 19 जून 1930 को जब उनका विवाह हुआ तो उनकी आयु मात्र 17 वर्ष की थी। यह एक सोसाइटी मैरिज थी जिस पर अखबारों में कॉलम लिखे गए थे। बड़े-बड़े राजा-महाराजा, हाई कोर्ट के जज, बैरिस्टर, बड़े-बड़े व्यापारी, कार्प्रेटर सहित असंख्य गणमान्य लोग इस विवाह समारोह में उपस्थित हुए थे। लेकिन शादी के 3 साल के भीतर ही खोटे परिवार का कारोबार कब डूब गया किसी को पता ही नहीं चला। इस बीच में दुर्गा खोटे एक बेटे की मां भी बन चुकी थीं। अंत में हालात इतने खराब हुए कि उन्हें अपना सब कुछ यानी अपना घर तक खाली करना पड़ा और अपने पिता के पास जाकर रहना पड़ा। वह अपने पिता से अन्य कोई सहायता नहीं लेना चाहती थी इसलिए खुद ही काम करने लगी।**

इसी दौरान उनकी शादी एक और अन्य बड़े घराने खोटे घराने में कर दी गई। 19 जून 1930 को जब उनका विवाह हुआ तो उनकी आयु मात्र 17 वर्ष की थी। यह एक सोसाइटी मैरिज थी जिस पर अखबारों में कॉलम लिखे गए थे। बड़े-बड़े राजा-महाराजा, हाई कोर्ट के जज, बैरिस्टर, बड़े-बड़े व्यापारी, कार्प्रेटर सहित असंख्य गणमान्य लोग इस विवाह समारोह में उपस्थित हुए थे। लेकिन शादी के 3 साल के भीतर ही खोटे परिवार का कारोबार कब डूब गया किसी को पता ही नहीं चला। इस बीच में दुर्गा खोटे एक बेटे की मां भी बन चुकी थीं। अंत में हालात इतने खराब हुए कि उन्हें अपना सब कुछ यानी अपना घर तक खाली करना पड़ा और अपने पिता के पास जाकर रहना पड़ा। वह अपने पिता से अन्य कोई सहायता नहीं लेना चाहती थी इसलिए खुद ही काम करने लगी। उनके पति को एक छोटी नौकरी मिली लेकिन उससे गुजारा संभव नहीं था। वह ट्यूशन पढ़ाने लगीं। 1930 के प्रारंभ में एक दिन प्रख्यात फिल्म निर्माता निर्देशक वाडिया अचानक उनकी बड़ी बहन शालू दीदी से मिलने आए। वे कॉलेज में उनके मित्र थे। इन दिनों वे मोहन भवनानी के साथ एक मूक फिल्म तैयार कर रहे थे। फिल्म लगभग पूरी हो चुकी थी। परंतु इसी समय बोलती फिल्मों का दौर आ गया था। अतः इस नई लहर को देखते हुए उन्होंने अपनी मूक फिल्म में 10 मिनट का एक सवाक अंश जोड़ने का निश्चय लिया जिससे ज्यादा पैसा कमाया जा सके। इस मूक फिल्म में मीनाक्षी भवनानी ने भी किया था । परंतु न उन्हें हिंदी आती थी न गायन। इसलिए 10 मिनट के सवाक हिस्से के लिए श्री भवनानी को किसी अन्य अभिनेत्री की तलाश थी। वह किसी अच्छे खानदान की महिला को ढूंढ रहे थे क्योंकि उस जमाने में कोई कुलीन या खानदानी स्त्री फिल्मों में काम करे यह लगभग असंभव था। काफी सोच विचार के बाद मिस्टर वाडिया और मिस्टर भवनानी ने अपनी पूर्व परिचित संभ्रांत महिला शालू दीदी से संपर्क किया। दीदी ने उन्हें तुरंत इनकार कर दिया, परंतु काफी आग्रह करने पर कहा मुझसे एक छोटी बहन नाटकों के पीछे बहुत पागल रहती है उससे पूछ कर देखिए। तब श्री वाडिया दुर्गा खोटे के पास पहुंचे तो उन्होंने तुरंत प्रस्ताव स्वीकार कर लिया क्योंकि उन्हें काम की तलाश थी हालांकि वह फिल्म के बारे में कुछ भी नहीं जानती थीं। श्री वाडिया ने बताया कि उन्हें एक छोटे से करुण दृश्य में अभिनय करना है और एक छोटा-सा गीत भी गाना है। दो रातों की शूटिंग है और इसे कैनेडी ब्रिज पर स्थित इंपीरियल स्टूडियो में शूट किया जाना है। दो दिन के काम के लिए उन्हें 250 का चेक मिला जो अच्छी खासी रकम थी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# अवैध कब्जे को लेकर पीड़ित का दूसरे दिन अनशन जारी

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



- मंडलायुक्त के आदेश का भी नहीं दिख रहा असर
- न्याय की आस में दर-दर भटक रहा पूर्व सैनिक का पुत्र, सदर तहसील प्रांगण में बैठा धरने पर

पुलिस और प्रशासनिक मशीनरी के महीनों चक्कर लगाने के बावजूद भी समस्या का समाधान न होने से आहत पूर्व सैनिक के पुत्र ने सदर तहसील में दूसरे दिन भी अनशन जारी रखा है। मुख्यालय के फतेहपुर बजरिया मुहल्ला निवासी तौकीर खान ने जिलास्तरीय समाधान दिवस में दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि महोबा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित नगर पालिका की एक दुकान उसकी माँ के नाम दर्ज है आरोप लगाया कि रिश्तेदार ने उक्त दुकान में दबंगई के बल पर कब्जा कर लिया है। आरोप है कि माँ के निधन के बाद जब दुकान खाली कराने के लिए, बोला तो उक्त दबंग ने धमकाते हुए भगा दिया।

आरोप है कि जिलाधिकारी को दी गई शिकायत के आधार पर हुई जाँच में दुकान पर अवैध कब्जा का मामला खुलकर सामने आ गया।

दुकान खाली कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा जारी कर दिए गए, उक्त अवैध कब्जा को खाली कराने के लिए उपजिलाधिकारी द्वारा मजिस्ट्रेट सहित नगर पालिका व पुलिस को नियुक्त कर दिया गया लेकिन दुकान पर हुए अवैध कब्जा को हटाने में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी की दिलचस्पी न होने से पीड़ित महीनों से न्याय की आस में भटक रहा है. शनिवार को जिलास्तरीय तहसील समाधान दिवस में शिकायती पत्र देने के बाद भी न्याय न मिलता देख पीड़ित तौकीर खान ने सदर तहसील परिसर में ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले में मंडलायुक्त जब तहसील जनसुनवाई करने समाधान दिवस में पहुंचे और पीड़ित को देखा तो अधिकारियों और नगर पालिका को समस्या का समाधान करने के शख्त निर्देश दिए। कमिश्नर के आदेश के दूसरे दिन भी पीड़ित तहसील सदर प्रांगण में अनशन पर बैठकर न्याय की आस लगाए बैठा रहा लेकिन किसी अधिकारी ने उसकी सुध नहीं ली।आरोप है की अनशन के दूसरे दिन उक्त दबंग रिश्तेदार अनशन में बैठे पीड़ित को धमकाने के लिए कई लोगो को भेजता रहा लेकिन पीड़ित का अनिश्चितकालीन अनशन जारी है। बता दें कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एंटी भूमिया अभियान पर लगातार जोर देते हुए नजर आ रहे हैं लेकिन सरकारी मशीन द्वारा जनपद महोबा में उनकी यह निर्देश बेमाने साबित हो रहे हैं। प्रदेश में जिस तरीके से एंटी भूमाफिया अभियान पर मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश है तो वही महोबा में एंटी भूमाफिया अभियान चलता और दौड़ता नहीं बल्कि रेंगता हुआ नजर आ रहा है। अधिकारियों की लापरवाही का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि चित्रकूट धाम मंडल के मंडलायुक्त ने सख्त निर्देश भी दिए थे की समस्या का आज ही निस्तारण कर दिया जाए और उक्त कब्जाधारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए लेकिन मंडलायुक्त के महोबा से जाते ही अधिकारियों की सुस्ती फिर दोबारा देखने को मिल रही है पीड़ित ने बताया की जब तक अवैध कब्जा हट नही जाता बह अपना अनशन जारी रखेगा। अब देखना दिलचस्व होगा की नींद में सो रहा सिस्टम कब नींद से जागेगा।

# चेकडैम में नहाते समय तीन दोस्त डूबे एक की मौत, दो को ग्रामीणों ने बचाया

कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।



दोस्तो के साथ कुसमरा गांव में चेकडैम में नहाते समय एक किशोर की डूब कर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाकी दो दोस्तो को पुलिस व गोताखोर की मदद से जिंदा बचा लिया गया। घटना के बाद से स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी किशोर राहुल सोनकर(15) अपने दो दोस्तो जिनमे उज्जवल, व आयुष तिवारी के साथ गांव स्थित हरी सिंह के खेत के समीप बने चेकडैम में दोपहर में नहाने गया था। तभी राहुल सहित अन्य दोस्त जब डूबने लगे तो उन्होंने शोर मचाया जिसपर पास में ही खेतो पर मौजूद किसानों ने दौड़कर उन्हें बचाने का प्रयास किया जिसमे वो उज्जवल व आयुष को बचा पाए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी तब मौके पर पहुचे थाना प्रभारी योगेश तिवारी की टीम के सिपाही अनिरुद्ध नारायण यादव सहित गांव के गोताखोर चेकडेम में रस्सी के सहारे कूदे करीब एक घंटे की खोजबीन के बाद मृतक राहुल के शव को खोजकर पानी से बाहर निकाल पाए। मृतक किशोर पांच भाई मे दूसरे नंबर का था। घटना से स्वजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन खेती व मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव 20 अगस्त को शोभायात्रा के दौरान किया गया रूट डायवर्जन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव दिनांक 20 अगस्त को निकलने वाली शोभायात्रा के दौरान यातायात पुलिस द्वारा रूट डायवर्जन किया गया है जिसमें चरखारी की तरफ से आने वाले वाहन जो कुलपहाड़/पुलिस लाइन महोबा की तरफ जाने वाले है, वह बजरिया चौकी से डायवर्ट होकर छत्रसाल/ऑफिस से होते हुए रामनगर तिराहा से होकर जायेंगे। इसी प्रकार कुलपहाड़ से आने वाले वाहन जिन्हे चरखारी जाना है, वह BSNL ऑफिस से होते हुए बजरिया चौकी होकर जायेंगें। कुलपहाड़ की तरफ से आने वाले वाहन जो बांदा/कबरई की तरफ जाने वाले वाहन रामनगर तिराहा से पुलिस लाइन महोबा होते हुए कानपुर-सागर हाईवे से होकर जायेंगें। दिनांक 20 अगस्त 2024 को ऐतिहासिक कजली मेला शोभा यात्रा के दिन परमानंद तिराहे, सुभाष चौकी, राठ चुंगी तथा बिलवई चुंगी से झलकारी बाई की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए रास्ता बंद रहेगा ।

### जिला कार्यकारिणी का गठन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** स्वतंत्र पत्रकार समिति रजिस्टर्ड की एक बैठक का आयोजन रविवार को नवीन गल्ला मंडी स्थित कार्यालय में किया गया। जिसमें सभी पत्रकारों ने अपनी समस्याओं को प्रदेश अध्यक्ष के सामने विस्तार पूर्वक बताया व सभी की समस्याओं को सुनकर विचार किया गया व साथ ही पत्रकारों की सभी समस्याओं को आने वाले समय में समाधान करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने जोर दिया व इस दौरान समिति की नई कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अभिषेक सक्सेना व महामंत्री रमन दीक्षित की संस्तुति पर किया गया। उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने सर्वसम्मति से राजू गुप्ता को जिलाध्यक्ष, मनोज सक्सेना को वरिष्ठ महामंत्री, कपिल कश्यप को महामंत्री, सुरेश विश्वकर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया तथा जनपद एवं अन्य ब्लाकों की कार्यकारिणी के गठन हेतु जिलाध्यक्ष को अधिकृत किया गया। इस मौके पर भगवती प्रसाद सोनी, नितिन नामदेव, बिहारी लाल गाडगे, नारायण सिंह, कमलेश द्विवेदी, रोहित चौबे, पंकज द्विवेदी, कबरई तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, हेमंत कुमार, राजकुमार राजा, सत्यम तिवारी, प्रदीप भदोरिया, मुकेश नायक, जतन सिंह, देवीदीन, रामकुमार आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

### अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र का निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त शिवचरन राजपूत पुत्र वीर सिंह राजपूत उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कनकुआ थाना महोबकंठ जिसके कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम कनकुँवा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया । इसके बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

### एबीवीपी ने ममता बनर्जी का फूंका पुतला

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बंगाल के कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई बलात्कार की घटना के अपराधियों के संरक्षण देने के विरोध में व पीड़िता को न्याय दिलाने की माँग को लेकर आल्हा चौक से ऊदल चौक तक पैदल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन कर ममता बनर्जी का पुतला फूँका गया। कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री अपूर्व जिला संयोजक शिवम् विश्वकर्मा कृष्णा सिंह, आशीष, राजेंद्र शिवहरे, पवन, मुस्कान सेन, प्रीति वर्मा, नेहा, नीतू एवम अन्य छात्र एवं छात्राओ ने उपस्थित रहकर विरोध प्रदर्शन किया ।

### मासूम बच्चा समेत तीन घायल, जिला अस्पताल रेफर

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में एक दूधमुंहे बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गये सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिये रिफर किया गया है।जानकारी के अनुसार सुभाष बाजार आगरा मंटोला निवासी माधव महेश्वरी शनिवार की मध्य रात बुंदेलखंड एक्सप्रेस से चित्रकूट की ओर जाते समय चार पहिया वाहन का टायर फट जाने से खन्ना टोल टैक्स के निकट घायल हो गया जिसे लहूलुहान हालात में साथी की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार हेतु भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दूसरी घटना संतोष शनिवार की शाम मौदहा नगर की ओर आते समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गए लहूलुहान हालत में राजगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया तीसरा घटना कस्बा निवासी दूधमुंहे बालक दिनेश 15 माह पुत्र रंजीत दरवाजे में खेलते समय बाइक सवार ने बच्चों को चपेट में ले लिया परिजनों ने आनंन-फानन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# रावतपुरा खुर्द में कैम्प लगाकर की गई विद्युत बिलों की वसूली

कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यजू।



अधिशाषी अभियंता इ0 अनिल कुमार कटारिया के निर्देशन में एवम उपखण्ड अधिकारी प्रदीप कुमार के आदेशानुसार आज उपकेंद्र कुलपहाड़ के ग्राम रावतपुरा खुर्द में नेवर पैड उपभोक्ताओं और बकाया उपभोक्ताओं से बिल जमा कराने हेतू कैंप लगाया गया जिसमे खराब बिल का सुधार करने एवम विद्युत संबंधी सभी समस्याओं का निदान किया गया।

अवर अभियंता द्वारा सम्मानित उपभोक्ताओं से बकाया बिल जमा कराने की अपील की गई एवम बिल जमा न करने की स्थिति में संयोजन विच्छेदित करना विभाग की मजबूरी होगी। अवर अभियंता जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बतलाया कि केंम्प में लगभग रुपये 50000 बकाया उपभोक्ताओं से पैसा जमा कराया गया है। कैंप में इं0 जयवीर सिंह अवर अभियंता कुलपहाड़ मौजूद रहे जिसमे गजराज बाबू टी जी 2 कैशियर गुंजर प्रसाद टी जी 2 संविदा कर्मी भागीरथ राजपूत धीरेन्द्र कुमार महेश कुमार हनुमत सिंह मीटर रीडर अर्जुन सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड राज्य के लिए बहनों ने मोदी-योगी को भेजी राखियां

- बुंदेली बहनों ने कहा राखी के बंधन को निभाना, जल्दी हमारा बुंदेलखंड राज्य बनाना

महोबा, समृद्धि न्यूज।



बुंदेली समाज की अगुवाई पर आज बुंदेली बहनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राखियां भेजी एवं उनसे तोहफे में जल्दी से जल्दी बुंदेलखंड राज्य देने की अपील की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत बड़ा राज्य है और बुंदेलखंड के साथ हमेशा भेदभाव हुआ है। अलग राज्य बने बगैर यहां का समुचित विकास संभव नहीं।

ढलैतनपुरा मुहल्ले की करीब एक दर्जन महिलाओं ने आज एक साथ प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को बुंदेलखंड अलग राज्य के लिए पत्र लिखा एवं उसी के साथ राखी बांधकर उनको भेजी।

प्रेमलता ने कहा कि मोदी और योगी बहुत काम कर रहे हैं लेकिन उनका काम हम बुंदेलों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा से अधिक नहीं है। आरती देवी ने मोदीजी मार्मिक अपील करते हुए लिखा कि आप राखी के बंधन को निभाना और जल्दी से बुंदेलखंड राज्य बनाना। खुश्बू पाटकर ने लिखा कि मोदीजी, पहले यहां मेडिकल कालेज खुलने की उम्मीद जगी थी लेकिन अब वह धूमिल हो गई है। यहां का जिला अस्पताल सुविधाओं के लिए तरस रहा है। सुनिधि देवी ने लिखा कि बुंदेलखंड से पलायन और पिछड़ापन तभी दूर होगा जब बुंदेलखंड अलग राज्य होगा। पिछले वर्ष भी हमने रक्षाबंधन पर मोदी योगी को राखियां भेजी थीं। इसी प्रकार नंदनी, शंकुतला देवी, उमादेवी, रामदेवी, किरन, अनीता, राधिका, पूर्वी, वंशिका, भक्ति व विधि आदि ने भी अपने हाथ से बनाकर 51 राखियां प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजी।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर वे पिछले कई वर्षों से रक्षाबंधन पर मोदी व योगी को राखियां भिजवा रहे हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री को 38 बार खून से खत लिख चुके हैं।

# बदमाशों ने दो भाइयों से मारपीट कर लूटी नगदी

- क्षेत्र में दहशत, आए दिन होने वाली लूट की घटनाओं से लोग त्रस्त
- क्षेत्र में असलहाधारी बदमाशों का कहर फिर जारी

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।



क्षेत्र में असलहाधारी बदमाशों का कहर फिर जारी हो गया है दिनदहाडे लूटपाट कर पुलिस को एक फिर चुनौती दी है। इससे क्षेत्र मे दहशत व्याप्त है।

थाना सुमेरपुर क्षेत्र में मुंडेरा मार्ग में बदनपुर बिरखेरा बीच में सड़क में बिना नंबर की बाइक में सवार चार असलहाधारी बदमाशों ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को रोककर मारपीट करके नगदी मोबाइल सहित आवश्यक कागजात आदि लूटकर फरार हो गए। पीडितों में एक भाई लकड़ी कारोबारी है जबकि दूसरा मुंबई में रहकर प्रॉपर्टी डीलर का कारोबार पार्टनरशिप में करता है।

सिसोलर निवासी सगे भाई विशंभर सिंह एवं जितेंद्र सिंह तड़के बाइक से सवार होकर सुमेरपुर आ रहे थे। विशंभर सिंह को लखनऊ जाना था। जितेंद्र सिंह बड़े भाई को छोड़ने जा रहा था। तभी बदनपुर बिरखेरा के मध्य बाइक सवार चार असलहा धारी बदमाशों ने बाइक को धक्का मारकर दोनों भाइयों को बाइक से गिरा दिया और असलहा दिखाकर दोनों भाइयों को जमकर पीटा तथा 25 हजार नगदए दो मोबाइलए बैंक पासबुक चेक बुक आधार कार्ड कपड़े आदि जरूरी अभिलेख छीनकर कस्बे की तरफ भाग निकले।

दोनों भाई लहुलुहान हालत में किसी तरह पचखुरा खुर्द आए और अपने परिचितों को बुलाया। इसके बाद वह दोनों करीब पांच बजे थाने पहुंचे और घटना से पुलिस को अवगत कराया। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस के हांथ पांव फूल गए। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने दोनों भाइयों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और खुद घटनास्थल पर पहुंचकर उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर सीओ सदर राजेश कमल घटनास्थल पहुंचे और निरीक्षण के बाद थानाध्यक्ष को जल्द खुलासे के निर्देश देकर दोनों भाइयों से घटना की पूछताछ की।

जितेंद्र सिंह ने बताया कि उसके बड़े भाई मुंबई में रहकर पार्टनरशिप में प्रॉपर्टी डीलर का कार्य करते हैं। उन्हें लखनऊ से पार्टनर के साथ मुंबई जाना था। बाइक से वह उन्हें छोड़ने कस्बे में आ रहा था। वह खुद लकड़ी का कारोबारी है। चारों के पास अवैध तमंचे थे। घटना के बाद सभी सुमेरपुर की तरफ आए हैं। पुलिस घटना के खुलासे के लिए मुंडेरा मार्ग में लगे पंधरी एवं कस्बे के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का पर्दाफाश होगा।

# दिवंगत अधिवक्ताओं के आश्रितों को सीएम द्वारा प्रदान की गई आर्थिक सहायता



महोबा, समृद्धि न्यूज।

शासन द्वारा अधिवक्ताओं के कल्याण के लिये दिवंगत अधिवक्ताओ के आश्रितों को रविवार को दोपहर 3.30 बजे मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन लखनऊ में आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद भी रहे। कार्यकम का सीधा प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। रविवार को अपरान्ह 4.30 बजे दिवंगत अधिवक्ताओं के आश्रितों को कलेक्ट्रेट के कार्यकम में वरिष्ठ न्यायाधीश विजय गौतम अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं जनपद के शासकीय अधिवक्ता तथा बार के सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश एवं न्यायाधीश विजय गौतम की उपस्थिति में प्रकाश रानी गुप्ता पत्नी स्वर्गीय धीरज कुमार गुप्ता निवासी हिन्द टायर गली न्यू सिटी एवं पुष्पेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र नारायण मिश्र निवासी गोविंद नगर कस्बा कुलपहाड़ को सम्मानित किया गया।

# एलपीजी गैस न आने से ग्राहकों में रोष

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।



एक हफ्ते से कस्बे में एलपीजी गैस उपलब्ध न होने से ग्राहको मे नाराजगी देखी जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी के वितरक एजेंसी मधु पिया गैस सर्विस की एजेंसी में बीती तेरह अगस्त से गैस उपलब्ध न होने के कारण आम जनमानस को जहां समस्या का सामना करना पड़ रहा है,तो वही कंपनी की इस लापरवाही से ग्राहकों में भी भारी रोष उत्पन्न हो रहा है,समस्या से निपटने के लिए एजेंसी के संचालक राजेंद्र कुमार मधूपिया ने बताया की कंपनी को इस संबंध में पूर्ण रूप से अवगत करा दिया जा चुका है व तीन गाड़ियों का ऑर्डर भी लगा हुआ है जबकि अभी तक गैस उपलब्ध न होने से मुसीबत बनी हुई है। इस संबंध में उपजिला अधिकारी राजेश चन्द्र ने बताया कि जिला पूर्ती अधिकारी से वार्ता कर समस्या का समाधान कराया जायेगा।

# घर के बाहर खेल रहीं मासूम छात्राओं का विशेष समुदाय के व्यक्ति ने किया अपहरण का प्रयास

- परिजनों की सक्रियता से बची मासूम बहनें

महोबा, समृद्धि न्यूज।

**महोबा** जिले में घर के बाहर खेल रहीं दो मासूम छात्राओं को विशेष समुदाय के शरारती व्यक्ति द्वारा छेड़खानी के बाद अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है।

बच्चियों के शोर मचाने पर मोहल्ले वासियों ने आरोपी को पकड़कर को पुलिस के सुपुर्द कर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। फिलहाल पुलिस के उच्चाधिकारी कैमरे के सामने मामले में कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे हैं।दरअसल मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के राठ चुंगी इलाके का है जहां के रहने वाले किशनपाल की बेटी आकांक्षा और शिवानी घर के बाहर खेल रही थीं। तभी विशेष समुदाय के व्यक्ति द्वारा अश्लील इशारे कर अपहरण करने की कोशिश करते समय बच्चियों के चीखने पर घर ने बाहर निकले परिजनों द्वारा आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की माँग की है। पीड़ित पिता ने बताया कि यह व्यक्ति मेरी बच्चियों के साथ अश्लील इशारे कर छेड़छाड़ के बाद अपहरण का प्रयास कर रहा था बच्चियों के शोर मचाने पर हम सभी ने घर से बाहर निकल कर आरोपी को पकड़ लिया है। बच्चियों ने बताया कि इस बदमाश व्यक्ति ने 10 दिन पूर्व भी हमें जबरन साइकिल में बांधकर ले जाने का प्रयास किया था । जिसको लेकर हम लोगों ने आज घर के बाहर इस शरारती बदमाश को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस के आलाधिकारियों ने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से साफ इंकार कर दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जाँच कर कार्यवाही की बात कही है।

### दूसरे दिन भी नहीं चलीं बांदा रूट की रेल गाड़ियां

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बे पटरी से उतरने के बाद बांदा रुट की सभी रेल गाड़ियां दूसरे दिन भी ठप रही जिससे खास तौर पर रक्षाबंधन पर्व के मौके पर यात्रियों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा रोड वेज बसों में भारी भीड़ देखने को मिली। कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बे पटरी से उतर जाने के बाद कानपुर बांदा रूट पर चलने वाली रेल गाड़ियां रद्द कर दी गई थी तो शनिवार को यात्रियों को भारी मुसीबत झेलनी पड़ी थी सोमवार को दूसरे दिन भी ट्रेनें रद्द होने से यात्री बेहद परेशान रहेए क्यों कि उन्हें अधिक किराया देकर भीड़ भाड़ में यात्रा करनी पड़ी । घटना के दूसरे दिन बांदा रुट की सभी यात्री गाडी बंद रहने से यात्री हलकान रहे और मजबूर होकर बसो के अलावा अन्य साधनों से कानपुर एवं चित्रकूट जाना पड़ा,इस तरह से सैकड़ों यात्री दिन भर स्टेशन से लौट कर आते जाते रहे।

# मजाक के बाद हुए विवाद में गई युवक की जान

महोबा, समृद्धि न्यूज।

बुन्देलखण्ड के महोबा जिले में मजाक के दौरान हुई मारपीट में एक युवक की हत्या हो जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां पड़ोसी दुकानदार ने एक युवक को मजाक के बाद हुए विवाद के बाद बेरहमी से मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया इसके बाद युवक अचेत होकर वहीं गिर गया दुकानदार द्वारा युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया युवक की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया तो वहीं घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस सहित जिला पुलिस के आलाधिकारियों ने मौके पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के ऊदल चौक इलाके की है जहां जकरिया पीर मुहल्ले का रहने वाला सिलाई मशीन की दुकान में काम करने वाला 18 वर्षीय युवक अरबाज उर्फ हनी रोजाना की तरह ऊदल चौक इलाका स्थित इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीन की दुकान में काम कर रहा था तभी पड़ोसी रिजवान मंसूरी उर्फ सबलू आकर उससे मजाक करने लगा और देखते ही देखते दोनों में विवाद हो गया। दबंग युवक की मारपीट में अरबाज अचेत होकर वहीं गिर गया। दुकानदार द्वारा युवक को इलाज के लिए महोबा जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया तो वहीं घटना की सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस सहित अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम,सीओ दीपक दुबे मौके पर पहुंचे और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज परिजनों की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल पुलिस ने शुरू कर दी है।

# दक्ष प्रजापति समाज सेवा समिति ने पीड़ित को दी आर्थिक सहायता

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



कुरारा थाना क्षेत्र के पतारा गांव में दबंगों ने किसान छोटेलाल प्रजापति की लाठी डंडों से पीट कर हत्या कर दी थी। इस पर प्रजापति समाज ने नाराजगी जाहिर की है। आज जिसमें महाराजा दक्ष प्रजापति समाज सेवा समिति के अध्यक्ष गुड्डू प्रजापति;ठेकेदार,महामंत्री राम औतार प्रजापति नारायणदास प्रजापति अकेला अशोक प्रजापति दयाराम प्रजापति अच्छेलाल,हरगोबिंद व शैलेंद्र प्रजापति पीड़ित परिवार से मिले और दुःख व्यक्त करते हुए घटना की घोर निंदा की और परिवार को आर्थिक सहायता दी है। महामंत्री राम औतार प्रजापति ने बताया कि बेटी की शादी निशुल्क सम्मेलन द्वारा कराई जाएगी हर सम्भव मदद की जाएगी। आगे कहा कि समाज आपके साथ तन मन धन से सहयोग करेगा।

# कान्हा के रंग में रंगा विदोखर का झूला महोत्सव

सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।



नाग पंचमी से शुरू हुआ बिदोखर का श्रावणी झूला महोत्सव जब समापन की ओर जा पहुंचा है तो कान्हा की भक्ति में डूबा हुआ नजर आ रहा हैए यह महोत्सव पूरे शबाब पर हैए लोग वहां आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का लुफ्त उठाने में मगशूल है।

गांव राम जानकी गांवटी मंदिर में आयोजित उक्त कार्यमें क्रम जहां एक ओर महिलाएं मनमोहक सावन गीत भजन गाकर श्री कृष्ण को झूले में झुला रही है तो वही गायक कलाकार भक्ति गीतों के माध्यम से श्री कृष्ण के प्रति आस्था जता रहे हैंए महोत्सव के 10 वें दिन दीपू त्रिपाठी पिपरौंदाए परशुराम द्विवेदी इगोहटाए सुरेंद्र तिवारी मवईजारए लखन लाल सुमेरपुरए हरिहर पाठकए मान सिंह आदि कलाकारो ने कीर्तन भजनए गजलए प्रस्तुत कर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन कियाए इस अवसर पर मंदिर के महंत स्वामी हरेराम दासए आयोजक अमर सिंह पहलवानए प्रत्यूष त्रिपाठीए जुगुल किशोर पाठकए देव सिंहए आशु सिंहए पुष्पेंद्र सिंहए सहित सैकड़ों की संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# राष्ट्र रक्षा एवम सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है रक्षा बंधन पर्वः सुभाष

- सर्वे भवन्तु सुखिनः भारत का जीवन दर्शनः सुभाष
- आरएसएस का रक्षाबंधन उत्सव में बहनों ने भाइयों को राखी बांधकर दिया समरसता का संदेश

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में रविवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने एक दूसरे को राखी बांधकर राष्ट्र रक्षा एवम सामाजिक सद्भाव का संकल्प भी लिया। दीप प्रज्वलन एवम भगवा ध्वज को रक्षा सूत्र बांधकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मकुमारी अनुराधा दीदी ने की।बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए आरएसएस के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने कहा कि भारत में पूरे वर्ष पर्वों की परंपरा रही है। इन्ही पर्वों के माध्यम से उत्साह और उमंग के साथ देशवासी सामाजिक समरसता का संदेश भी देते हैं।उन्होंने रक्षा बंधन पर्व के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डाला।बताया कि रक्षाबंधन सिर्फ भाई -बहनों का पर्व ही नहीं बल्कि राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का आह्वान भी है।व्यक्ति को समाज से जोड़ने की कल्पना भी इन उत्सवों में निहित है।उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम् भारत की सनातन विचारधारा है जबकि सर्वे भवन्तु सुखिनः भारत का जीवन दर्शन है।उन्होंने कहा कि आरएसएस प्रेम से सबको जोड़ने, मर्यादा को कभी नहीं तोड़ने और संकट के समय कर्तव्यपथ पर चलने का दूसरा नाम है।

उन्होंने कहा कलियुग में संघे शक्ति ही भारत को विश्व गुरु बनाने में अहम भूमिका निभायेगी। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता के नेरेटिव को भी कठघरे में खड़ा किया।कहा कि पवित्र भारत भूमि पर देवताओं ने धर्म की रक्षा के लिए ही अवतार लिया था।कहा भारत पराक्रम की धरती है ,जहां संस्कार और धर्म एक दूसरे के पूरक हैं।संस्कार अच्छा है तो नागरिकों का राष्ट्र धर्म भी श्रेष्ठ होगा। इस अवसर पर सह विभाग प्रचारक अमरजीत, नगर संघ चालक विष्णु प्रताप,नगर प्रचारक विभम,नगर कार्यवाह प्रभात,शुभम सहित काफी संख्या में लोग सपरिवार मौजूद रहे।

# मासूम छात्राओं ने राखी बनाकर सहपाठी छात्र भाइयों को बांधकर मनाया रक्षाबन्धन

- चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में आयोजित हुई मेहदी प्रतियोगिता में मनभावन उकेरी डिजाइने

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में रक्षाबंधन के अवसर पर छात्र छात्राओं में मेहंदी प्रतियोगिता हुई तथा छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई गई राखी छात्रों को बांधकर रक्षा पर्व मनाया। छात्राओं ने सहपाठी छात्र भाइयों को रोली चंदन लगाया, मिठाई खिलाई और राखी बांधकर भाई की सलामती की कामना की तो भाइयों ने उन बहनों के चरण स्पर्श कर रक्षा करने का संकल्प लिया। सामूहिक रूप से रक्षासूत्र बन्धन कार्यक्रम ने सभी को भाव विभोर कर दिया। छात्रों ने सहपाठी बहनों को पेन पेंसिल कॉपी चॉकलेट टॉफी बिस्किट आदि उपहार भेंट किये। मेहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने शिक्षिकाओं व छात्राओं को मेहंदी लगाई। कक्षा-5 की छात्रा मानवी प्रजापति कक्षा चार से वंदना रावत कक्षा 3 से सारिका सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राएं वंदना राधा अनीता वैष्णवी सारिका सिंह जानवी यादव वंदना रावत मधु मोहिनी शालू गोस्वामी आदि छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक रत्नेश कुमार ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी और पर्व का महत्व बताया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, प्रिया मौर्य, सरिता यादव, अनिता सहित स्कूल के सभी छात्र छात्राएँ, स्टाफ जियालाल, सरोज, सरस्वती व तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री के ड्राइवर ने छत के पंखे से लटककर की आत्म हत्या से मचा कोहराम

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

- गांव की युवती से चल रहा था प्रेम प्रसंग, युवती कर रही थी ब्लैकमेल

**प्रदेश** सरकार में कैबिनेट मंत्री के ड्राइवर ने बरेली स्थित गेस्ट हाउस में छत में लगे पंखे से लटक कर आत्म हत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पीड़ित परिजन शव लेने के लिए घर से बरेली के लिए रवाना हो चुके है। वहीं मृतक के भाई ने कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत एक गांव निवासी एक युवती की धमकियों से तंग आकर भाई के आत्महत्या करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली बरेली में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है

बाराबंकी जनपद के सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजवीर सिंह उर्फ कुंदन सिंह पुत्र शेर बहादुर सिंह ने शनिवार की रात बरेली जनपद निवासी कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के गेस्ट हाउस में स्थित कमरे में लगे छत के पंखे से फांसी का फंदा से लटककर आत्म हत्या कर ली । मृतक के भाई ज्ञानवीर सिंह ने बताया कि शनिवार की रात बरेली पुलिस ने मुझे सूचना दी कि तुम्हारे भाई ने पी डब्लू डी गेस्ट हाउस में फांसी लगाकर आत्म कर ली है । घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित परिजन शव लेने के घर से बरेली के लिए रवाना हो गए है । मृतक के भाई का आरोप है की करीब आठ साल से उसके भाई राजवीर ऊर्फ कुंदन का प्रेम प्रसंग कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत चक मजरे चौबीसी गांव निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है और मेरा भाई जो भी कमाता था वह युवती सब ले लेती थी दोनो के बीच चल रहे प्रेम प्रसंग की जानकारी उनके परिजन को भी थी ।मेरे भाई ने जब शादी करने के लिए कहा तो युवती के परिजन इंकार कर दिया और उल्टे फर्जी केस लगवाकर ब्लैकमेलिंग की लगातार धमकी दी जा रही थी। इसी बात से आहत होकर मेरे भाई ने आत्मा हत्या कर ली है। इधर घटना के बाद घर में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजन शव आने का इंतजार में है खबर भेजे जाने तक शव गांव नही पहुंच सका था।

## पान कुंवर स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**इटावा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व के पूर्व पान कुंवर इंटर नेशनल विद्यालय में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कई वर्गों में आयोजित हुई जहां छात्र छात्राओं ने एक से एक सुंदर राखी बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर अध्यापकों ने बच्चों को बताया कि बहन जब भाई के हाथ पर राखी बांधती है तो यह एक रक्षा सूत्र होता है जो भाई की रक्षा करता है तथा भाई बहन को जीवन भर उसकी सुरक्षा करने और ध्यान रखने का वचन देता है। यह पर्व भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि अपने त्योहारों और संस्कारों की परंपरा को जीवंत रखने एवं सुचारू रूप से चलते रहने के लिए विद्यालय में इनका आयोजन करना और बच्चों को इनके बारे में बताना अत्यन्त आवश्यक है।

# कैंडिल मार्च निकालकर डॉक्टर को दी श्रद्धांजलि

- कोलकाता में महिला डॉक्टर की रेप के बाद हुई हत्या के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाला कैंडिल मार्च

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज**




**कोलकाता के** एक मेडिकल कॉलेज में महिला प्रशिछु डॉक्टर के साथ सामूहिक रूप से दुष्कर्म करने के बाद उनकी निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में हैदरगढ़ बस स्टॉप पर कांग्रेस नेता विश्रुत अवस्थी व नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी कि अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला। बस स्टेशन से शुरू हुआ यह कैंडल मार्च लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित तहसील परिसर पर स्थित सुभाष चंद्र बोस कि प्रतिमा स्थल पर सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष धीरज यादव सभासद सूरत दीक्षित युवा नेता रोहित मिश्रा नितिन मौर्य बैजनाथ मौर्य आदर्श अवस्थी सोमिल शुक्ला शिवा वर्मा शिक्षक राहुल शुक्ला सूरज शुक्ला शिवबरन मौर्य कार्तिकेय त्रिवेदी अमन साहू सहित सैकड़ो युवा लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### भूमि वरासत के नाम पर ठगे ढाई लाख पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** भूमि की वरासत कराने के नाम पर एक युवक ने पीड़ित से ढाई लाख रुपए की ठग लिए साल भर बीतने के बाद भी वरासत ना होने पर जब पीड़ित द्वारा पैसे वापस मांगी के तो वापस करने की बजाय धमकी दी जाने लगी। जिसके बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सी ओ के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली हैदरगढ़ के रनापुर गांव निवासी राजेंद्र वर्मा ने बताया कि उनकी ससुराल जनपद रायबरेली में स्थित है।ससुर की मौत हो चुकी है।उनके ससुर के। केवल चार लड़कियां ही थी।श्री वर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी की भी मौत हो चुकी है।बताया कि ससुर की मौत के बाद तीन बेटियों के नाम वरासत हो गई।उनकी पत्नी की मौत हो जाने के कारण उनके पुत्र का नाम वरासत में छूट गया।श्री वर्मा अपने पुत्र के नाम वरासत कराने के लिए पिछले वर्ष रायबरेली जाने वाले थे कि तभी उनके घर पर उनकी जान पहचान के मुनेश्वर बिहार कालोनी बाराबंकी के निवासी अभिषेक वर्मा पुत्र गोपीचंद वर्मा घर पहुंच गए। बातो बातों में उसने बताया कि उसकी जान पहचान रायबरेली में है।वह उनके पुत्र की वरासत करा देगा।इसके बाद वरासत कराने के नाम पर अभिषेक वर्मा ने पीड़ित राजेंद्र वर्मा से ढाई लाख रुपए वसूल लिया।पीड़ित ने आरोपी के खाते में पैसा भेजा था। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी वरासत न होने पर पीड़ित ने जब अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपी पैसा वापस करने के बजाए धमकी देने लगा। पीड़ित की फरियाद पर सीओ हर्षित चौहान ने कोतवाली हैदरगढ़ पुलिस को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया।सीओ के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला किशोरी के शव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत अमिलहरा गांव निवासी एक किशोरी का शव रविवार की दोपहर बाद गाँव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में शीशम के पेड़ से दुपट्टे से लटकता मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजने की कार्यवाही कर रही हैं। गांव निवासी गेंदई रावत की पत्नी की मौत अरसा पहले हो चुकी है, जबकि वह अहमदाबाद में रहकर अपने परिवार के लिए रोजी रोटी कमाता हैं। गांव में उसकी पुत्री किरन 19 वर्ष, कामिनी 17 वर्ष और पुत्र सूरज 10 वर्ष गांव में रहकर गुजर बसर करते हैं। आज दोपहर कामिनी 17 वर्ष खेत जाने की बात कह कर घर से निकली और फिर वापस नहीं आई दोपहर बाद लगभग 3 बजे खेतों में जाने के लिए निकले ग्रामीणों ने कामिनी का शव खेत में लगे शीशम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ देखा। देखते ही देखते मौके पर भीड़ लग गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर कोतवाली चली आई। कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है ।प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। किशोरी ने आत्महत्या क्यों की इसका पता नहीं चल सका है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### दो कारों की टक्कर में आधा दर्जन घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर थाना लोनी कटरा क्षेत्र में रविवार दोपहर हुई दो कारो की टक्कर में कार सवार दो परिवारो के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। एंबुलेंस एवं पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाये गए घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सुरेंद्र गुप्ता अपनी कार से रविवार की दोपहर लगभग 12 बजे हैदरगढ़ की ओर आ रहे थे ।लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर दहिला मोड़ के निकट लघु शंका से निपटने के लिए कार खड़ी करके सड़क के किनारे चले गए कि तभी लखनऊ की ओर से आ रही एक कार ने उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसमें सवार सुल्तानपुर सदर की कैलाशपुरी कॉलोनी निवासी सुशील कुमार पुत्र ओम प्रकाश 44, लीलावती पत्नी ओमप्रकाश62 ओमप्रकाश पुत्र परम शुक्ल 68 प्रेम चन्द्र श्रीवास्तव62 परिधि श्रीवास्तव पुत्री प्रवीन कुमार 10 पूजा श्रीवास्तव पत्नी प्रवीन कुमार 26 आदि घायल हो गए।

### पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा आज पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख, राजकीय इंटर कॉलेज बरौली (जाटा) , जमील उर रहमान इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज बाराबंकी इत्यादि विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित केंद्र व्यवस्थापको को उश्प्रश्पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन, शुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिए गये।

### डॉ. डीके पाण्डेय परशुराम सेवा समिति के संरक्षक मनोनीत

**इटावा।** परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने सरैया चुंगी लुहन्ना चौराहा निवासी डॉ. डी. के. पाण्डेय सेवानिवृत पशुधन प्रसार अधिकारी को परशुराम सेवा समिति का संरक्षक मण्डल का सदस्य मनोनीत किया है। प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित की सहमति पर डॉ. पाण्डेय जी का मनोनयन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सम्राट ने डॉ. पाण्डेय से आशा व्यक्त की है कि वह समिति को सक्रियता प्रदान करने में अपनी अहम् भूमिका निभायेगें। डॉ. पाण्डेय के मनोनयन पर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### कभी कभार स्कूल में हाजिरी देने वाली प्रधानाध्यापिका हुई निलंबित

**जैदपुर बाराबंकी।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय शेषपुर हकीम मे नौनिहालो के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली प्रधानाध्यापिका अनामिका पाल सिंह को निलंबित किया गया है।बताते चलें कि प्रधानाध्यापिका की लचर कार्य शैली के चलते शुक्रवार को आक्रोषित ग्रामीणो ने प्रधान की मौजूदगी में गेट पर ताला लगाकर विरोध करते हुये ग्रामीणो का आरोप था कि प्रधानाध्यापिका साल में एक दो बार ही आती है।जबकि मौजूद छात्र छात्राओ के साथ प्रधान भी यही बात बता रहे थे।मौके पर पहुचे खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रमोद उपाध्याय को ग्रामीणो ने ज्ञापन देकर दूसरे शिक्षक की तैनाती की मांग कर कार्यवाही की बात कही गयी थी।जिसकी हमारे संवाददाता द्वारा खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रधानाध्यापिका अनामिका पाल सिंह को निलंबित किया गया है।

# साथी छात्रों को राखी बांधकर छात्राओं ने मनाया रक्षाबंधन



**रामनगर बाराबंकी।** गायत्री चिल्ड्रेन एकेडमी रामनगर में एक दिन पहले ही भाई बहिन के अटूट प्यार को प्रदर्शित कर छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर रक्षा बंधन के पर्व को धूमधाम से मनाया।शिक्षकों ने पुनीत पर्व की परम्पराओं के बारे में बच्चों को अवगत कराया।मालूम हो विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी गायत्री चिल्ड्रेन एकेडमी में बालिकाओ ने भाईयों का रोली चंदन कर कलाई में राखी बांधकर मुंह मीठा कराते हुये उनके दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की।सभी भाइयों ने बहनों की रक्षा करने का संकल्प लिया। यह मनोरम दृश्य वहां उपस्थित लोगों के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहा।विद्यालय की प्रधाना अध्यापिका आरती तिवारी ने रक्षाबंधन पर्व की सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।विद्यालय के कोऑर्डिनेटर प्रखर तिवारी ने बाल गोपालो को रक्षाबंधन के महत्व को बताते हुए बहनों की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका मन्नो देवी पूजा चौबे प्राची यादव पिंकी मौर्या प्रतिभा सिंह सहित नगर के गणमान्य उपस्थित रहे।

# दिवंगत पांच अधिवक्ताओं के आश्रितों को 5-5 लाख की आर्थिक सहायता दी

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**रविवार** को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए स्मृति शेष अधिवक्तागण के आश्रितों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन, लखनऊ में आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिसका संजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में एलईडी के माध्यम से देखा गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार व अपर जिला न्यायाधीश पारुल पवार ने दिवंगत अधिवक्ता देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव की पत्नी पुष्पा श्रीवास्तव, श्याम नारायण निगम की पत्नी संतोष निगम, संतोष कुमार त्रिवेदी की पत्नी विमला देवी, जगदीश सहाय की पत्नी राजाबेटी, अनिल कुमार पुरवार की पत्नी अंजना पुरवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 5-5 लाख रुपए की धनराशि वितरण का प्रमाण पत्र देकर आर्थिक सहायता प्रदान की और परिवार के परिजनों के प्रति



दिवंगत अधिवक्ताओं के आर्थिक मदद की चेक देते डीएम व एसपी — समृद्धि न्यूज

संवेदनाएं व्यक्त की। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा यह कहा गया कि समाज में अधिवक्ताओं का बहुत ही प्रमुख स्थान है, कानून सवके लिये एक है अधिवक्ता न्यूनतम संसाधनों में तथा काफी विपरीत परिस्थितियों में भी कार्य करते हैं वह न्यायिक व्यवस्था में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करते हैं मुख्यमंत्री द्वारा स्मृति शेष 5 अधिवक्ताओं के परिजनों को परिवार आर्थिक सहायता के रूप में पांच-पांच लाख रुपए की धनराशि दी गई है, जो ऑनलाइन उनके खाते में भेजी गई है। इस अवसर पर दिवंगत अधिवक्ताओं को स्मरण एवं नमन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त कार्यक्रम में संजय कुमार, जेडीसी क्रिमिनल राम लखन, जिला बार संघ अध्यक्ष ग्रीश श्रीवास्तव, महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह, शासकीय अधिवक्तागण तथा बार के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# महिला चिकित्सक से बर्बरता के विरोध में डाक्टरों ने निकाला कैंडिल मार्च

- दोषियों को फांसी सजा दिलाने व चिकित्सकों की सुरक्षा करने की मांग

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**



**पश्चिम बंगाल** में महिला डॉक्टर के साथ हुई घटना को लेकर प्राइवेट प्रैक्टिशनर डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकालकर महिला चिकित्सक के साथ हुई बर्बरता के खिलाफ न्याय दिलाने की मांग की है। चिकित्सकों ने सरकार से दोषियों को शीघ्र फांसी की सजा दिलाने एवं चिकित्सकों की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात को ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी। पीड़ित डॉक्टर चेस्ट मेडिसिन विभाग में द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। रात करीब 12 बजे दोस्तों संग खाने के बाद वह सेमिनार हॉल में आराम करने चली गई थी। तभी उसके साथ बहुत ही दर्दनाक तरीके से रेप कर हत्या कर दी गई। मामले की जानकारी आने पर डॉक्टरों में गुस्से की लहर देखने को मिली। शनिवार की रात को नगर के प्राइवेट प्रैक्टिशनर डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकाल कर अपना गुस्सा दिखाया। कैंडल मार्च द्वारिकाधीश मंदिर परिसर से शुरू हुआ। जो झंडा चौराहा, सब्जी मंडी से पानी की टंकी होकर पुनः द्वारिकाधीश मंदिर पर पहुचकर समाप्त हुआ। बस स्टैंड स्थित गांधी स्मारक पर महिला डाक्टर की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। चिकित्सकों ने घटना को लेकर गुस्से का इजहार किया और घटना के आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की। इसके अलावा चिकित्सकों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष कानून बनाए जाने की भी मांग की गई। जिससे तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। इस मौके पर डॉ. एमपी सिंह, डॉ. वेदप्रकाश शर्मा, डॉ. बृजेंद्र दुबे, डॉ. आरके राजपूत, डॉ. डीके राजपूत, डॉ. अमित सिंह, डॉ. रंजना दुबे, डॉ. सुरेशचंद्र साहनी, डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. मनोज द्विवेदी, डॉ. सत्य नारायण गुप्ता, डॉ. रमेश गुप्ता, डॉ. श्याम प्रकाश, मनोज कुमार, नीलम, अंजली, दिनेश यादव, स्वाति विश्वकर्मा, केसर बानो, भोले सिंह, अमन, सूरज तिवारी, सारिका, दीपक रावत, फहीम, शिवम श्रीवास्तव, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# कोटरा में 72 घंटे से अंधेरा का साम्राज्य, विद्युत महकमा मौन

**उरई (जालौन)।** पिछले 72 घंटे से जनपद के अंतिम पायदान पर बसे नगर पंचायत कोटरा में विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से शाम ढलते ही कस्बा अंधेरे के आगोश में समा जाता है तो वहीं दूसरी ओर विद्युत न आने से हजारों की आबादी के सामने बूंद-बूंद का संकट गहराया हुआ हैं। कस्बावासियों ने जब अपनी समस्या समाधान के लिये विद्युत महकमे के आला अधिकारियों के मोबाइल नंबरों पर बात करने का प्रयास किया तो किसी भी अधिकारी ने फोन रिसीब करना भी जरूरी नहीं समझा। विद्युत व पानी की समस्या से जूझते कस्बावासियों में आक्रोश गहराने लगा है। एक ओर जहां प्रदेश सरकार विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने के नाम पर करोड़ों रुपये का बजट खर्च करने से नहीं चूक रही है तो वहीं जनपद में विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सरकार की मंशा को ही पलीता लगाने से नहीं चूक रहे हैं। इसी का परिणाम है कि नगर पंचायत कोटरा में पिछले 72 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप्प है जिससे 15 हजार की आबादी के सामने बूंद-बूंद का संकट भी गहराया हुआ है। विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों की अंधेरगर्दी का आलम यह है कि जब भी कोटरा से कोई व्यक्ति विद्युत आपूर्ति कब तक मिलेगी यह जानने के लिये उनके मोबाइल नंबरों पर फोन करता है तो किसी भी अधिकारी का नंबर ही नहीं लगता है। विद्युत विभाग के स्वेच्छाचारी हो चुके अधिकारियों के प्रति कस्बावासियों में आक्रोश गहराने लगा है। कस्बे के वाशिंदों का कहना था कि वह अपनी समस्या अब जिले के मुखिया को बतायेगा ताकि कस्बे में विद्युतापूर्ति शुरू हो सके जिससे जलापूर्ति की समस्या का भी समाधान हो सकेगा।

# इत्र उद्योग को बढ़ावा देने हेतु इत्र एवं सुगन्धित तेल पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**एशेन्सियल ऑयल** एसोशिएशन ऑफ इण्डिया नोएडा ने एफएफडीसी के तकनीकी सहयोग तथा जिला उद्यम प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र तथा अतर्स एवं परफ्यूमर्स एशोसिएशन के सहयोग से कन्नौज के एम?वाई हेरीटेज होटल में इत्र एवं सुगन्धित तेल पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान तकनीकी सत्रों का आयोजन किया। कार्यशाला का आरम्भ एफएफडीसी कन्नौज के भ्रमण के साथ हुआ। जिसमें कार्यशाला में देश भर से आये लगभग 200 पंजीकृत प्रतिभागियों ने केन्द्र का भ्रमण किया तथा केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं तथा उसके क्रियाकलापों से अवगत हुए। इसके पश्चात् प्रतिभागियों ने मैसर्स मुन्नालाल एण्ड सन्स परफ्यूमर्स प्रा0 लिमि0 का भ्रमण कर इत्र निर्माण की प्रक्रिया को देखा तथा उनकी बारीकियों के बारे में जाना। उद्घाटन सत्र का आरम्भ अखिलेश पाठक, अध्यक्ष, आयोजन समिति के स्वागत सम्बोधन से हुआ, जिसके पश्चात् उद्द्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि शुभ्रांत कुमार शुक्ल, जिलाधिकारी का स्वागत संजय वार्ष्णीय, अध्यक्ष, एशेन्सियल ऑयल एसोशिएशन ऑफ इण्डिया नोएडा द्वारा किया गया। जिसके उपरान्त मंच पर आसीन समस्त गणमान्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। इस मौके पर संजय वार्ष्णीय ने एशेन्सियल ऑयल एसोशिएशन ऑफ इण्डिया के बारे में जानकरी दी तथा कार्यशाला के आयोजन एवं इसके उ?द्देश्य के बारे में बताया। तत्पश्चात् योगेश दुबे, तत्कालिक पूर्व अध्यक्ष एशेन्सियल ऑयल एसोशिएशन ऑफ इण्डिया ने इत्र उद्योग में व्यापत व्यापक संभावनाओं एवं कन्नौज के



इत्र की विशेषताओं के बारे में बताया। पवन त्रिवेदी, अध्यक्ष, अतर्स एवं परफ्यूमर्स एसोशिएसन कन्नौज ने प्रतिभागियों से कन्नौज के इत्र उद्योग पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शुभ्रांत कुमार शुक्ल, जिलाधिकारी ने इत्र उद्योग में उपलब्ध असीम संभावनाओं को जानने तथा सरकार द्वारा इस उद्योग को बढ़ावा देने के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि कन्नौज में स्थापित होने वाला इत्र पार्क निश्चित ही कन्नौज के इत्र उद्योग को नई पहचान दिलाने में सम्भव होगा तथा कन्नौज के कृषकों को सुगन्धित फसलों के कृषिकरण हेतु प्रेरित करेगा। जिससे उनकी आय के साथ-साथ उनके जीवन स्तर में भी सुधार होगा तथा कन्नौज इत्र उद्योग को नई पहचान मिलेगी। संजय वार्ष्णेय, अध्यक्ष, एशेन्सियल ऑयल एसोशिएशन ऑफ इण्डिया ने जिलाधिकारी कन्नौज को स्मृति विन्ह के रूप में डेग एवं भपका का मॉडल भेंट किया। तकनीकी सत्र के दौरान देश भर से आये विशेषज्ञों व उद्योगपतियों ने कन्नौज के इत्र उद्यमियों को इत्र उद्योग की बारिकियों को समझाया तथा कन्नौज के इत्र उद्योग को नई ऊचाँइयी प्रदान करने हेतु संकल्प किया। अनुराग कटियार, उपाध्यक्ष, एशेन्सिपल ऑयल एसोशिएशन ऑफ इण्डिया नोएडा ने इत्र एवं सुगन्धित तेल के निर्यात में व्यापत संभावनाओं के बारे में कन्नौज के उद्यमियों एवं कार्यशाला में आये प्रतिभागियों को बताया। श्री आशीष झुनझुनवाला, निदेशक, ए.एफ.एफ. एरोमेटिक, कोलकत्ता ने कन्नौज के अंतर के वैश्विक परिदृश्य में क्या महत्ता है इसके बारे में अवगत कराया। तकनीकी सत्र के उपरान्त कार्यशाला में आये प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न किये जिसका जबाब विशेषज्ञों द्वारा दिया गया तत्पश्चात् एशेन्सियल ऑयल एसोशिएशन ऑफ इण्डिया नोएडा द्वारा कन्नौज के इत्र उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों तथा कार्यक्रम में आये विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन एफएफडीसी के उप-निदेशक डॉ0 नदीन अकबर द्वारा किया गया।

## दूसरी शादी कर विवाहिता को घर से निकाला

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला अफसरी निवासी आरती देवी पुत्री मानसिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी शादी 07 वर्ष पूर्व पड़ोसी जनपद कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य मोहल्ला विजयनगर नरदोली निवासी भगत सिंह पुत्र नारायण सिंह के साथ हुई थी। पति भगत सिंह द्वारा 21 जुलाई 2024 को रोशनी से दूसरी शादी कर ली गई उसके द्वारा विरोध करने पर ससुराली जनों पति भगत सिंह, ससुर नारायण सिंह, सास रामादेवी, जेठ विक्रम सिंह, जेठानी संध्या, महेंद्र सिंह, शिवकुमार, प्रमोद ने अभ्रदता करते हुये जान से मारनें की धमकी देकर घर से निकाल दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## खबरें चलते-चलते

### सौरिख फातहे बिलग्राम मिशन द्वारा लगाया गया शिविर कैंप

**छिबरामऊ सौरिख कन्नौज।** फातहे बिलग्राम मिशन,सौरिख द्वारा मिशन के सरपरस्त औलादे नबी, आले अली,हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस हुसैन वास्ती के नेतृत्व में शिविर कैंप लगाया गया जिसमें फर्रुखाबाद से आयी डाक्टरों की टीम ने फैय्याज अली गेस्ट हाउस में शिविर कैंप लगाकर मरीजों को देखा व उचित दवाइयां भी दी शिविर कैंप मे लगभग 100 से ऊपर मरीजों को देखा गया इस मौके पर मौलाना मिफताहउल हसन ने बताया हमारी टीम द्वारा हर महीने शिविर कैंप लगाया जायेगा और सभी मर्ज के मरीजों को देखा जाएगा जिसका शुल्क मात्र 20 रूपए निर्धारित है दवाई मुफ्त में दी जायेगी हमारी टीम हर सम्भव मदद का प्रयास करेगी

### जमीन पर कब्जा दिलाने के नाम पर कानूनगो ने ठग लिए 70 हजार

**तिर्वा।** अहेर ग्राम पंचायत के तिर्वा-बेला मार्ग पर जमीन की पैमाइश व कब्जा दिलाने के नाम पर राजस्व निरीक्षक ने डेढ़ लाख रूपए की मांग रखी। इसपर 70 हजार रूपए पीड़ित ने दे भी दिए। अब न तो काम हो रहा है और न ही पीड़ित के पैसे वापस लौटाए जा रहे हैं। इससे परेशान होकर पीड़ित ने डीएम को शपथ पत्र सहित एक शिकायती प्रार्थना पत्र सौपा। मामले में जांच के आदेश दिए गए है। सोशल मीडिया पर पीड़ित व राजस्व निरीक्षक का पैसे के लेनदेन संबंधी एक ऑडियो भी वायरल होकर चर्चा का बिषय बना हुआ है। तिर्वा कस्बे शास्त्री नगर मोहल्ला निवासी विनय कुमार सिंह पुत्र कामता सिंह ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी अहेर ग्राम पंचायत में तिर्वा-बेला मार्ग पर कीमती जमीन है। उक्त जमीन की पैमाइश कर कब्जा दिलाने के लिए उसने राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश दुबे से दो माह पहले सम्पर्क किया था। इसपर राजस्व निरीक्षक ने उसे बताया कि बड़े अफसर बिना पैसा लिए कार्रवाई नहीं करेगें। बाद में राजस्व निरीक्षक ने अफसर के नाम उससे डेढ़ लाख रूपए मांगे। इसपर उसने 70 हजार रूपए दे दिए। शेष 80 हजार रूपए काम होने के बाद देने को कहा। दो माह से वह तहसील के चक्कर लगा रहा है। उसका न तो काम हुआ और न ही राजस्व निरीक्षक उसके पैसे लौटा रहा है। जब उसने कढ़ाई से पैसे मांगे, तो राजस्व निरीक्षक का कहना था कि पैसे उसने अफसर को दे दिए है। अब वह पैसे वापस नहीं कर रहे है। हिम्मत है, तो उनसे जाकर मांगो। पीड़ित की शिकायत पर डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने जांच के आदेश दिए है। मामले की जांच एडीएम करेगें। इस मामले में गौरतलब है कि आरोपी राजस्व निरीक्षक करीब एक माह पहले इसी तरह के भष्टचार के आरोपो में निलबिंत किया जा चुका है। एडीएम इस मामले की भी जांच पड़ताल कर रहे हैं। उधर इस प्रकरण में आरोपी राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश दुबे का कहना है कि उसको षड़यंत्रो के तहत फंसाया जा रहा है। वायरल ऑडियो भी छेड़छाड़ कर प्रसारित किया जा रहा है।

### चार बच्चों की मां को भगा लाया प्रेमी युवक, पकड़ा गया

**तिर्वा।** कन्नौज से चार बच्चों की मां को भगा कर लाया एक युवक को ठठिया के निकट परिजनों ने दबोच लिया। मारपीट के बाद ठठिया पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में थाने में हुई पंचायत के दौरान मामला सुलट गया। महिला को पति के साथ भेज दिया गया और युवक को उसके घर वालों के हवाले कर दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 बर्षीय युवक की कन्नौज में रिस्तेदारी है। जिस बजह से उसका आना जाना बना रहता है। रिस्तेदार के बगल में ही रहने वाली एक चार बच्चों की मां से उसका प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। इसपर दोनो रविवार को एक साथ फरार हो गए। परिजनों को जब मामले की जानकारी हुई, तो खोजबीन शुरू की गई। बाद में दोनो परिवारों के परिजनों ने उन्हे ठठिया के पास से पकड़ लिया। इसपर महिला के परिजनों ने युवक की जमकर पिटाई की। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस सभी को थाने ले आई। यहां दोनो पक्षों की एक घण्टे तक चली पंचायत के बाद महिला को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया। युवक को भी परिजनों के साथ भेज दिया गया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष का कहना है कि दोनो पक्ष रिपोर्ट दर्ज कराने को तैयार नहीं थे। न ही किसी तरह का कोई प्रार्थना पत्र दिया। इसी बजह से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## रक्षाबंधन त्योहार पर बहनों की रक्षा का संकल्प लें: छोटे ठाकुर



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

▸ रक्षाबंधन त्यौहार भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व है: अरूण शर्मा

**सनातन** धर्म के पावन पर्व रक्षाबंधन पर क्षत्रिय व सपा नेताओं सहित युवाओं नें बर्धाइ व शुभकामनाये देते हुये पर्व को परम्परागत ढंग से मनाने की अपील की है। रविवार को नगर के तिर्वारोड स्थित आवास कार्यालय पर क्षत्रिय नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर नें कहा कि रक्षा बंधन भाई बहन के अटूट प्यार का त्योहार है जो हमारे जीवन में एक नवीन ऊर्जा का संचार करता है। सपा पिछडा वर्ग प्रकोठ जिला महासचिव अरूण कुमार शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन त्यौहार एक पवित्र त्यौहार है इस दिन बहनें अपने भाईयों का तिलक कर उनकी लंबी उम्र के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। वहीं भाई भी उनकी रक्षा करनें का संकल्प लेते हुये उपहार भेंट करते हैं। मोहित पाठक, सपा नेता मनी गुप्ता, संदीप मिश्रा ने कहा कि यह त्योहार हमें बुराईयों को छोडकर अपने जीवन मे अच्छाईयों को धारण करने का संदेश देता है।

### युवती ने फांसी पर झूलकर आत्महत्या की

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता ने कोतवाली में फैती सूचना दर्ज कराई है। क्षेत्र के ग्राम सराय निवासी रामबख्स द्वारा कोतवाली में दी गई फैती सूचना में कहा गया है कि रविवार की सुबह उसकी पुत्री ने किसी बात से आहत होकर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेजा गया है।

## अभियान चलाकर छूटे निराश्रित आवारा गोवंशो को गो आश्रय स्थल में संरक्षित करें: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में सी0एम0 डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) पर विकास कार्यो की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निराश्रित गो संरक्षण में अच्छा प्रदर्शन हुआ है।

उन्होंने कहा कि गो आश्रय स्थल को व्यवस्थित रखे। अभियान चलाकर छूटे निराश्रित आवारा गोवंशो को पकड कर गो आश्रय स्थल मे संरक्षित किया जाये। कहा कि कोई भी निराश्रित गोवंश सड़क पर घूमता न दिखाई दे। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि अण्डा उत्पादन के प्रतिशत को और बढ़ाया जाये। कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा नयी सड़कों के निर्माण कार्य में 65 प्रतिशत प्रगति हुई है। अवशेष सड़को का निर्माण कार्य भी समय से पूर्ण किया जाये तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने कहा कि पेंशन योजना के अन्तर्गत नए लाभार्थियों को जोड़ा जाये। उन्होंने खनन एवं जीएसटी की वसूली प्रगति ठीक करने को कहा। इसी प्रकार किसान सम्मान निधि की प्रगति खराब मिलने पर नाराजगी प्रकट की। कहा कि प्रगति में सुधार लाये अन्यथा जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होनें निर्देश दिये कि दर्पण पोर्टल में जो भी बिन्दु है उन सभी बिन्दुओ पर मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा की जाती है। कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित नही रहना चाहिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार, जिला विकास अधिकारी एन0 डी0 द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर की स्वास्थ्य सेवाओं में नए युग की शुरुआत

**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**नगर** की स्वास्थ्य सेवाओं में आज एक नए युग की शुरुआत हो गई। नगरपालिका रोड पर संजीवनी हास्पिटल में पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने फीता काट कर यहां आयोजित निःशुल्क कैंसर कैम्प का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा नगर के बीच स्थित इस अस्पताल से आम जनता को काफी सुविधा मिलेगी। मैनपुरी की कपूरी तंबाकू सहित गुटका के कारण इस क्षेत्र में मुख कैंसर के पीड़ितों की भरमार है। ऐसे मरीजों के लिए यहां हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए डॉक्टर रजनीश द्विवेदी बधाई के पात्र हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद निशुल्क जांच शिविर लगाया गया। इसमें कैंसर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर अरुण प्रकाश द्विवेदी एमसीएच ओंको सर्जरी, एक्स टाटा मेमोरियल हास्पिटल मुम्बई, डॉक्टर आशुतोष मिश्रा एमडी ऑन्कोलॉजी, डॉक्टर अनुप्रिया दीक्षित (स्त्री रोग), डॉ रजत चतुर्वेदी फिजीसिशियन व डॉक्टर अजय यादव जनरल फिजिशियन ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए। पहले दिन लगभग 50 मरीजों की ओपीडी हुई। इसमें 20 से अधिक कैंसर के पेशेंट थे। डॉक्टर रजनीश द्विवेदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा यह अस्पताल 10 बेड का है। इसमें आधुनिक ओटी सहित 24म7 ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध है और 3 बेड का आईसीयू भी है। कार्यक्रम में तिर्वा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर अजीत सिंह, डॉक्टर सरित दुबे, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिषेक सक्सेना, डॉक्टर दीपक चौहान, डॉक्टर अजय यादव व डॉक्टर रजत चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत माधौनगर (ब्लाक तालग्राम के सचिव के खिलाफ दिया लिखित ज्ञापन दिया लिखित ज्ञापन

**छिबरामऊ कन्नौज।** ग्राम पंचायत माधौनगर (ब्लाक तालग्राम तहसील छिबरामऊ गिरिजेश (पंचायत सचिव) के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को लेकर आज उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भदौरिया द्वारा तहसील में सीडीओ कन्नौज को संबोधित ज्ञापन स्छरू छिबरामऊ को सौंपा गया, और ज्ञापन द्वारा यह स्पष्ट कराया गया कि यदि 5 दिनों के अन्दर हमारी समस्याओं का समाधान न कराया गया व पंचायत सचिव को न हटाया गया तो भारतीय किसान यूनियन भानू द्वारा अनिश्चितकालीन धरना छेड़ दिया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव आर पी ठाकुर कन्नौज जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा चिंटू राठौर कन्नौज मीडिया प्रभारी आकाश कश्यप आशु कन्नौज मीडिया प्रभारी परमजीत सिंह छात्र मोर्चा उपाध्यक्ष कन्नौज अकबर सदस्य आदि पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## दंगल में दूसरे दिन मौसम अली ने यासीन पहलवान के लगाई पटकी

▸ समधन दंगल में जुटी हजारों दर्शकों की भारी संख्या में भीड़

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**नगर में** चल रहे सात दिवसीय दंगल में दूसरे दिन पहली कुश्ती मौसम अली पहलवान व यासीन पहलवान के बीच कमेटी की ओर से कराई गई जिसमें मौसम अली ने अपने दांव पेंच के खेल से यासीन को परास्त कर जीत अपने नाम कर ली। समधन नगर के पूर्वी स्वागत द्वार गेट के नजदीक चल रहे सात दिवसीय दंगल में रविवार शाम पांच बजे शुरू हुआ जिसमें दंगल कमेटी ने पहली कुश्ती मौसम अली पहलवान व यासीन पहलवान के बीच कराई गई जिसमें काफी देर तक दांव पेंच के खेल का खेल चलता रहा वाद में मौसम अली





पहलवान ने यासीन को हराकर जीत अपने नाम कर ली। दूसरी कुश्ती समधन के रुखशाद पहलवान व दिल्ली के विनोद पहलवान के बीच कराई गई जो करीब आधा घंटा दांव पेंच का खेल चला वाद में कमेटी के सदस्यों ने बिना हार जीत के बराबर की कुश्ती छुड़ाकर पहलवानों को हटा दिया गया। इसके वाद करीब आधा दर्जन कुश्तियां पहलवानों की कराकर कमेटी के सदस्यों ने विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया।

## एक स्मृति शेष अधिवक्ता के आश्रित को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी

▸ स्मृति शेष अधिवक्ता संबंधित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का गांधी सभागार में संजीव प्रसारण देखा गया



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। समृद्धि न्यूज**

**सरकार** द्वारा अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए दिवंगत अधिवक्तागण के आश्रितों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन लखनऊ में आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिसमें कार्यक्रम का संजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में देखा गया। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नन्द कुमार ने जनपद के दिवंगत अधिवक्ता स्वश मनमोहन की आश्रित निशी सक्सेना निवासी मोश चोहट्टा कन्नौज को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में 05 लाख रुपए की धनराशि का चेक व प्रमाण पत्र देकर आर्थिक सहायता प्रदान की और परिवार के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। जिलाधिकारी ने कहा कानून का राज रूल ऑफ़ लॉ को चलाने के लिए अधिवक्ताओं का बहुत ही प्रमुख स्थान है कानून सबके लिये एक है अधिवक्ता बहुत ही न्यूनतम संसाधनों में काफी विपरीत परिस्थितियों में कार्य करते हैं वह न्यायिक व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान करते हैं अधिवक्ता कल्याण निधि से जनपद के एक अधिवक्ता के परिजन के परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में पांच लाख रुपए की धनराशि दी गई है जो ऑनलाइन उनके खाते में भेजी गई है जो परिवार के मुखिया इस दुनिया में नहीं रहे हैं उन्हें नमन किया।

## उत्तर प्रदेश टेंट कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक

**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**ताजपुर** रोड स्थित श्री संत गेस्ट हाउस में हुए उत्तर प्रदेश टेंट कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा एकजुट रहने से हम सभी हर लड़ाई जीत सकते हैं।

उन्होंने कहा आप लोग पूरे प्रदेश में लाखों गरीब मजदूरों को रोजगार देते हो लेकिन फिर भी अपनी ताकत नहीं पहचानते। सबसे बड़ी समस्या काम कराने के बाद पैसा मार लेने की है क्योंकि हम संगठित नहीं हैं और आपस में कंपटीशन करते हैं जिसका फायदा ग्राहक उठाता है। उन्होंने कहा बहुत जल्द रेट लिस्ट बनाई जा रही है। तय कर लें कि इससे कम पर काम नहीं करेंगे। लेबर ऑफिस में अपने लेबर का रजिस्ट्रेशन जरूर कराएं ताकि आपातकाल में उसे या उसके परिवार को सहायता मिल सके। उन्होंने कहा इस बार 1से 3 सितंबर तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में संगठन का द्वितीय महाधिवेशन होने जा रहा है। इसमें टेंट व गेस्ट हाउस के सामान की



एग्जीबिशन लगवाएंगे ताकि आप लोग कम कीमत में अच्छा सामान खरीद सकें। प्रदेश चेयरमैन पवन तलवाड़ ने कहा हमारे संगठन से अब तक 55 जिले जुड़ चुके हैं। हमारे कार्य पर 18 प्रतिशत जीएसटी है। एक तरफ सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है लेकिन बेटियों के शादी प्रोग्राम में 18 प्रतिशत जीएसटी बहुत ज्यादा है। इसे कम करके 5 प्रतिशत किया जाए। अध्यक्षता कर रहे पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा मैंने खुद 25 साल तक टेंट व्यवसाय किया है। आज का प्रदेश सचिव राजू छोटी उम्र से ही मेरे साथ इस काम में लग गया था लेकिन आज वह पूरे प्रदेश में अपना नाम रोशन कर रहा है। इसके लिए मुझे बहुत खुशी होती है। हम आपस में कंपटीशन नहीं करें। अपना काम लगन और मेहनत से करें। इसके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जोन सचिव अनिल आर्य, मीडिया प्रभारी अमित त्रिपाठी, देवेंद्र गुप्ता, हरदोई जिलाध्यक्ष उमेश मिश्रा, प्रदेश महामंत्री विनोद शुक्ला एवं आलोक वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। अली हसन गुरसहायगंज के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रदेश सचिव चमन खां राजू, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद शरीफ दीपू, राहुल कुमार व मनमोहन सिंह सहित कई व्यापारियों ने माल्यार्पण एवं बुके से प्रदेश पदाधिकारियों व अतिथियों का स्वागत किया।

संरक्षक आलोक वर्मा लोकभारती गेस्ट हाउस, जिला संरक्षक देवेंद्र गुप्ता रामेश्वरम गेस्ट हाउस, मयंक गुप्ता हनी गंगोत्री गैलेक्सी गेस्ट हाउस, चिंटू गुप्ता कनक गेस्ट हाउस, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर गुप्ता कैटर्स एवं नगर अध्यक्ष श्यामू कैटरिंग जिला अध्यक्ष राजू, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपू, जिला उपाध्यक्ष छोटू भार्गव गुरसहायगंज, जिला महासचिव लल्ला, जिला सचिव विशाल भारद्वाज कन्नौज, जिला उपाध्यक्ष जियाउल हसन गुरसहायगंज, जिला कोषाध्यक्ष राहुल कुमार छिबरामऊ, जिला संगठन मंत्री रोहित गुप्ता गुरसहायगंज, जिला महामंत्री शिवली जनता टेंट शामियाना सौरिख एवं जिला संरक्षक रवि गुप्ता श्री संत गेस्ट हाउस।जिला चेयरमैन कुलदीप कुमार फतेहगढ़, जिलाध्यक्ष चंदन यादव मोहम्मदाबाद, जिला महामंत्री लाला राठौर मोहम्मदाबाद, जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार मोहम्मदाबाद, जिला संगठन मंत्री असलम लाइट फर्रुखाबाद एवं जिला सचिव गोपाल राजपूत जहानगंज। जिला चेयरमैन रामऔतार गुप्ता बेवर, जिलाध्यक्ष आयुष्मान त्रिवेदी बेवर, जिला सचिव सुशील शाक्य बेवर, नगर मंत्री उत्तम लाइट डेकोरेटर बेवर, जिला उपाध्यक्ष तस्लीम अली मैनपुरी, जिला महामंत्री पंकज बेवर, जिला कोषाध्यक्ष संजय त्रिवेदी मैनपुरी एवं जिला उपाध्यक्ष सुधीर यादव बेवर।

# सासंद ने एडीएम, एसडीएम व तहसीलदार के साथ बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में किया भ्रमण

- नाव पर सवार होकर बाढ़ पीड़ितों के लिये हालचाल
- ग्राम पट्टी बदनपुर में 155 को वितरण की राहत किट

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**गंगा नदी** जलस्तर चेतावनी बिंदु को ऊपर जाने के कारण 23 गांवों में बाढ़ का खतरा दिखाई दे रहा है। दर्जनों गांवों के सम्पर्क मार्गों पर कई फीट ऊंचा पानी चल रहा है। प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखाई दे रहा है। जिसको लेकर सांसद मुकेश राजपूत व अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, उप जिलाधिकारी रवेन्द्र सिंह तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने बाढ़ क्षेत्र के गांव पट्टी बदनपुर, आशा की मड़ैया, नगरिया जवाहर, कंचनपुर सबलपुर, जगतपुर के ग्रामीणों का हाल जाना तथा प्रशासन के साथ सांसद ने नाव पर बैठकर आशा की मड़ैया में पहुंचे। बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर हालचाल जाना। पट्टी बदनपुर में सांसद ने प्रशासन के साथ मिलकर 155 बाढ़ राहत किट ग्रामीणों को वितरण की तथा हर संभव मदद देने का वायदा किया। रविवार को गंगा नदी में 5 सेंटीमीटर की गिरावट देखी गयी। रविवार को गंगा नदी में 99615 क्यूसेक पानी नरौरा बांध से छोड़ा गया। साथ ही राम गंगा नदी में खो बैराज से 2276, हरेली बांध से 165, रामनगर बांध से 2169 टोटल 4610 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिससे रामगंगा कारण जलस्तर 135.25 पहुंच गया। रामगंगा के जलस्तर में 15 सेंटीमीटर की गिरावट देखी जा रही है। फिर भी दर्जनों गांव में बाढ़ का खतरा अभी भी बना हुआ है। तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों को लगातार शासन के द्वारा भेजी गई राहत सामग्री किट वितरण की जा रही है। बाढ़ चौकी, शरणालय अलर्ट कर दिए गए हैं। बाढ़ कंट्रोल रूम भी तहसील में चल रहा है। बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रशासन के द्वारा इंतजामात किए गए हैं। वही मौके पर आपदा प्रबंधन अधिकारी, लेखपाल, कानूनगो आदि मौजूद रहे।



बाढ़ पीड़ितों को राहत किट देते सांसद व अन्य — समृद्धि न्यूज

# एसपी ने 13 उप निरीक्षकों की तैनाती में किया फेरबदल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** आलोक प्रियदर्शी ने 13 दरोगाओं की तैनाती में फेरबदल किया है।

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने थाना कायमगंज में तैनात उप निरीक्षक कीर्ति प्रकाश कनौजिया को फर्रुखाबाद कोतवाली की घोड़ा नखास चौकी का प्रभारी बनाया है। घोड़ा नखास चौकी इंचार्ज राहुल कुमार को याकूतगंज चौकी इंचार्ज बनाया गया है। थाना कमालगंज के खुदागंज चौकी इंचार्ज दीपक कुमार भाटी को आईटीआई चौकी इंचार्ज बनाया गया है। थाना मऊदरवाजा में तैनात शिवकुमार को खुदागंज चौकी इंचार्ज बनाया गया है। आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत कुमार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना कायमगंज बनाया गया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना कादरी गेट जगदीश वर्मा को थाना राजेपुर भेजा गया है। थाना कादरीगेट में तैनात सुनील कुमार सिसोदिया को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना राजेपुर बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात सुंदरलाल को न्यायालय सुरक्षा में तैनाती दी गयी है। कोतवाली फतेहगढ़ में तैनात मिथलेश कुमार को शमशाबाद थाना, सुरेश सिंह को कोतवाली मोहम्मदाबाद भेजा गया है। फर्रुखाबाद में तैनात उपनिरीक्षक भभूति प्रसाद को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना कंपिल बनाया गया है। थाना कम्पिल में तैनात यशवंत सिंह यादव को फर्रुखाबाद कोतवाली में तैनाती दी गई है। कोतवाली फतेहगढ़ में तैनात दरोगा राजेश सिंह को कोतवाली मोहम्मदाबाद भेजा गया है।



एसपी आलोक प्रियदर्शी

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक कांवड़ियें की मौत, दूसरा घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ट्रैक्टर ने** गोला गोकर्णनाथ से वापस आ रहे बाइक सवार कांवड़ियों को टक्कर मार दी। जिससे एक कांवड़िये की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायल को फर्रुखाबाद लाया गया। जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊगरपुर से अश्विनी मिश्रा पुत्र रमेश चंद्र मिश्रा उम्र 21 वर्ष, साथी अभिषेक मिश्रा पुत्र सतीश चन्द मिश्रा निवासी उपरोक्त दोनों मोटर साइकिल से कावड़ लेकर ढाईघाट गंगा नदी पर स्नान ध्यान कर गंगाजल लेकर गोला गोकर्णनाथ के लिए 16 अगस्त 2024 को सुबह को बाइक से रवाना हुए थे। गोला गोकर्णनाथ में भोलेनाथ का जलाभिषेक कर वापस बाइक से आ रहे थे। अश्विनी मिश्रा बाइक चला रहे और अभिषेक मिश्रा पीछे बैठे हुए थे। अश्विनी मिश्रा के भाई द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बताया गया मछेछा के पास अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें अश्विनी मिश्रा की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जिसको शाहजहांपुर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथी अभिषेक मिश्रा गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनका उपचार चल रहा है। मृतक के भाई से मिली जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल अभिषेक को फर्रुखाबाद ले आए। मृतक के भाई द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया मुझे सूचना एक सज्जन व्यक्ति द्वारा दी गई। जिसने मेरे भाई की पहचान कर मुझे कॉल करके सूचना दी कि तुम्हारे भाई का एक्सीडेंट हो गया हैष सूचना मिलने पर परिवार के सदस्य पहुंचे। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक चार भाई शिवम मिश्रा, अतुल मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, मृतक अश्विनी मिश्रा हैं। इसके अलावा तीन बहनें हैं। जिनकी शादी हो चुकी है। माता निर्मला मिश्रा व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने बताया कि दो मोबाइल सहित रुपए कागजात नहीं मिले। घायल अभिषेक की शादी हो चुकी है। जिसके दो बच्चे हैं। दोनों नाबालिग हैं, एक चार वर्ष एक व एक दो वर्ष का है। पत्नी का नाम पूजा है।



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

# मारपीट व झगड़ा करने वाले पांच युवकों का चालान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** आलोक कुमार प्रियदर्शी के कड़े निर्देश के बाद पुलिस अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने में जुटी है। जिसको लेकर थाना राजेपुर पुलिस ने मारपीट करने वाले अमित पुत्र लालजीत उम्र 25 वर्ष नयागांव थाना राजेपुर, राजन पुत्र राजबहादुर निवासी औरंगाबाद थाना पटियाली जिला कासगंज, उमेश पुत्र रोशन लाल निवासी महमदपुर गढ़िया उम्र 25 वर्ष व थाना अमृतपुर पुलिस ने महिला के साथ गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार करने वाले सुमित पुत्र किशनू उम्र 28 वर्ष निवासी कुम्हरौर, बृजेश पुत्र रघुनाथ उम्र 23 वर्ष निवासी असलानपुर का शादी विवाह में झगड़ा को लेकर चालान किया तथा कृष्ण यादव पुत्र जगन्नाथ निवासी असलानपुर को भी पुलिस ने इसी आरोप में 170/126/113 बीएनएसएस में बंद कर उप जिलाधिकारी न्यायालय भेजा है। अपराधियों को पुलिस के द्वारा सख्त हिदायत दी गई है कि अगर दोबारा झगड़ा फसाद किया तो कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस हिरासत में युवक — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

### राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन ने 101 कावड़ के द्वारा पांडेश्वरनाथ का किया जलाभिषेक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन द्वारा प्रथम कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें 101 कांवड़ियों ने पांचाल घाट से जल भरा। संत ईश्वरदास एवं शिव स्वरूप बच्चा स्वामी ने पूजन किया। कावड़ यात्रा में सैकड़ों भक्तों के द्वारा हर-हर महादेव, हर-हर गंगे के साथ यात्रा आरंभ हुई। यात्रा में डीजे पर महिलाएं, पुरुष हर-हर महादेव के नारे लगाते हुए चल रहे थे। महिलाओं एवं पुरुषों ने जमकर नृत्य भी किया। यात्रा कादरीगेट, घुमना बाजार, चौक, रेलवे रोड होते हुए पांडेश्वर नाथ मंदिर पहुंची। यात्रा को जगह-जगह रोककर भक्तों ने आरती उतारी तथा पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरण किया। भक्तों ने पांडेश्वर नाथ का जलाभिषेक किया एवं महाआरती के साथ प्रसाद वितरण कर भंडारे की व्यवस्था की गई। संयोजक लखन दीक्षित, सांसद मुकेश राजपूत, अनूप मिश्रा, प्रमोद बाजपेई, डॉक्टर ऋषि नाथ गुप्ता, मृदुल चतुर्वेदी, विनोद अग्निहोत्री, सुनील कुमार शुक्ला, नीरज दीक्षित, ज्योति प्रकाश बाजपेई, शैलेंद्र सिंह, शिवम मिश्रा, आदेश दीक्षित, ज्योति अग्निहोत्री, रामू, श्यामू, अंकित, डॉक्टर मोहित, मुदित, आयुष, पारस, आदित्य, गुड़िया, सोमू, दीपा, संगीता, सुनीता, बिट्टू, शशि, रुचि, शीलू सहित सैकड़ों भक्तों ने कावड़ यात्रा में भाग लिया। यात्रा संयोजक राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष लखन दीक्षित ने बताया कि यह प्रथम प्रयास है। भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा को और भी भव्य बनाने का प्रयास किया जाएगा। बस आप सभी भक्तों का सहयोग मिलता रहे।

### जन आरोग्य मेले में 156 मरीजों को वितरण की गयी दवा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के आने वाले मरीजों को जांच कर दवा वितरण की गयी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में जन आरोग्य मेले में 156 मरीजों को दवा वितरण की गई। जिसमें मलेरिया की 16 जांचें की गईं। जिसमें एक पॉजिटिव पाया गया। टाइफाइड की 11 जांचों में एक पॉजिटिव निकला। टीबी की तीन जांच कर दवा वितरण की गई। शुगर के 13 मरीज ने जांच करवाई। वहीं डॉक्टर गौरव राजपूत के द्वारा बताया गया कि इस समय क्षेत्र में बाढ़ का पानी भरा होने के कारण मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिसके कारण बीमारियां फैल रही है। आने वाले मरीजों में खांसी, जुखाम, बुखार, खाज खुजली, दस्त, उल्टी, सर दर्द, बदन दर्द आदि के मरीजों की संख्या काफी रही। वहीं मौके पर फार्मासिस्ट अरविंद, एलटी पवन कुमार, एएनएम व अन्य स्टाफ मौके पर मौजूद रहा।

### कैलाश बाबू बने फोटोग्राफर वेलफेयर एसो0 के जिलाध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन के रिक्त चल रहे अध्यक्ष पद पर फोटोग्राफरों की सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विश्व फोटोग्राफी की पूर्व संध्या पर रेलवे रोड स्थित कल्पना स्टूडियो पर फोटोग्राफरों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कहा गया कि कैलाश बाबू ने अपने स्टूडियो के माध्यम से दर्जनों फोटोग्राफरों को फोटो व्यवसाय से जोड़ा। इसे ध्यान में रखकर एसोसिएशन के जिला संरक्षक राकेशानन्द ने उपाध्यक्ष रहे कैलाश बाबू को पदाधिकारियों की राय लेकर जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। इस मौके पर राहुल सामर्था, महामंत्री धर्मेंद्र यादव, राजेश बाबू, शिवम राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# साँप के डसने से महिला की मौत



मृतका का फाइल फोटो



मौके पर मौजूद ग्रामीण व परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**साँप के** डसने से महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लटूर नगर झब्बूपुर निवासी किरन बाथम उम्र 35 वर्षीय पत्नी भूपेन्द्र उर्फ भूरे बीती रात्रि छत पर सो रही थी, तभी अचानक सॉप ने उसे डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर सैफई के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन वहाँ से लेकर आये और मेरापुर ढाक बजाने वाले के यहाँ लेकर पहुँचे। वहाँ उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही मृतका के बच्चे आशीष, काजल, कोमल, अन्शु सहित आदि परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं परिजनों ने छत पर खोजबीन कर सॉप को पकड़ लिया।

# स्मृति शेष अधिवक्ताओं के पारिवारिकजनों को डीएम ने किया सम्मानित

- न्यायालय में इंटीग्रेटेड कॉम्पलेक्स व अधिवक्ताओं के बनेंगे चेम्बर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कलेक्ट सभागार** फतेहगढ़ में जिलाधिकारी डॉक्टर वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री के सहायता राशि के लाभार्थियों को प्रदान किए जाने के कार्यक्रम का अवलोकन किया गया। दूरदर्शन पर देखे गए कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री ने सहायता राशि की चेक लाभार्थियों को दिए। 577 अधिवक्ताओं के अस्तित्व को सहायता राशि प्रदान की गई। स्मृति शेष अधिवक्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई। दिवंगत अधिवक्ताओं के पारिवारिकजनों को डेमो चेक भी दिए गए। उन्होंने कहा कि हम अधिकारों के प्रति सजग रहते हैं, पर अपने कर्तव्यों को भूल जाते हैं। एक करोड़ व्यक्तियों को वृद्धावस्था पेंशन व विधवा पेंशन आदि रूपों में सहायता दी जा रही है। उत्तर प्रदेश में फ्री उपचार, फ्री वैक्सीन, फ्री राशन दिया जा रहा है। 577 परिवार जुड़ रहे हैं। कॉरपस फंड को बढ़ाकर 500 करोड़ कर दिया गया है। अधिवक्ताओं के पारिवारिकजनों को 500000 दिए गए। अधिवक्ता कल्याण निधि को बढ़ा दिया गया है। न्यायालय में इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स बनेंगे। पार्किंग व्यवस्था होगी। अधिवक्ताओं के चेंबर बनेंगे। जिसमें 10000 अधिवक्ता बैठ सकेंगे। फर्रुखाबाद के भी सभी स्मृति शेष अधिवक्ताओं के पारिवारिकजनों को शाल देकर सम्मानित किया गया व सहायता राशि उनके बैंक के खाते में अंतरित की जाएगी। बैठक में एडीजे प्रथम शैली राय, एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्रवण कुमार व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता व संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिवक्ताओं के परिजनों को सम्मानित करते डीएम

# युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची परिजनों ने शिनाख्त की। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह 9.30 बजे ब्रान्द्रा टू एक्सप्रेस जो की लखनऊ से ब्रान्द्रा जा रही थी। जैसे ही ट्रेन कायमगंज जीआरपी चौकी के निकट पहुँची, तभी चलती ट्रेन के आगे एक अज्ञात युवक ने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर स्टेशन मास्टर जयचन्द्र मीणा सहित जीआरपी चौकी इन्चार्ज रामकेस, आरपीएफ चौकी इन्चार्ज सुनील कुमार ने पहुंचकर मृतक के शव की शिनाख्त करवाई। चौकी इन्चार्ज की कड़ी मेहनत के बाद मृतक की शिनाख्त ललित उम्र 20 वर्षीय पुत्र बदन सिंह हाल निवासी प्रेम नगर थाना कायमगंज तथा मूल निवासी साकरा थाना दादो जनपद अलीगढ़ के रूप मे हुई। जीआरपी पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतक की मां ने बताया कि मेरा बेटा ललित दिमाग से विक्षिप्त था।



मौके पर मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

### कोलकाता की घटना विरोध में चिकित्सकों ने निकाला कैंडिल मार्च

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कोलकाता में दुस्साहसिक घटना को लेकर नवाबगंज के डॉक्टर ने कैंडिल मार्च निकाला। कस्बा नवाबगंज के डॉक्टर कोलकाता में महिला डॉक्टर की रेप के बाद निर्मम हत्या के विरोध में कस्बे के डाक्टरों ने कैंडिल मार्च निकाला और दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग उठायी। जिससे भविष्य में दोबारा ऐसी घटना करने की कोई हिमाकत न करें। इस मौके पर नवाबगंज के चिकित्सक डॉक्टर करुणेश यादव, डॉक्टर काशीराम कुशवाहा, डॉक्टर महेंद्र सिंह कटियार, डॉक्टर राकेश गंगवार सहित तमाम डॉक्टरो ने कैंडिल मार्च निकालकर न्याय की मांग की।



कैंडिल मार्च निकालते चिकित्सक

# रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर राखियों से सज गया बाजार



राखियों की खरीददारी करतीं महिलायें — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**इस साल** रक्षाबंधन का त्योहार कई शुभ संयोगों में पड़ा है। सोमवार को रक्षाबंधन है और श्रावण पूर्णिमा भी है। रक्षाबंधन पर 7 घंटे 39 मिनट तक भद्रा का साया है। वैदिक पंचांग के अनुसार सावन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि में रक्षाबंधन मनाते हैं। उसमें भी खासकर भद्रा का साया न हो, इसका विशेष ध्यान रखते हैं। राखी बांधने के लिए भद्रा रहित शुभ मुहूर्त का विचार करना उत्तम रहता है। भद्रा अशुभ है, उस समय में आप जो काम करते हैं, उसका शुभ फल प्राप्त नहीं होता है ऐसी धार्मिक मान्यता है। सावन पूर्णिमा तिथि का शुभारंभ 19 अगस्त सोमवार सुबह 3:04 बजे से, सावन पूर्णिमा तिथि का समापनः सुबह 11:55 पर है। तिथि के आधार पर 19 अगस्त को रक्षाबंधन का त्योहार मनाना उचित है। वहीं रक्षाबंधन की पूर्व संध्या में बाजार में खासी रौनक दिखायी दी। महिलाओं व युवतियों ने अपनी मनपसंद राखी खरीदीं। साधन सम्पन्न लोगों ने चांदी आदि की भी राखियां खरीदीं। बाजार में जगह-जगह राखी की दुकानें सज गयी हैं। बच्चों वाली मोटू पतलू की राखी समेत अन्य राखियां भी खूब बिक रही हैं। बाजार में 10 रुपये से लेकर 150 रुपये तक की राखी मौजूद है। वहीं चांदी की राखी 1500 सौ से 7000 तक की बिकी।

### सूतफेनी व मिठाई की भी हुई जमकर बिक्री



बाजार में बिक रहीं सूतफेनी — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर जहां राखियों की खूब बिक्री हुई, वहीं सूतफेनी की भी बिक्री कम नहीं हुई। सूतफेनी 100 से लेकर 120 रुपये तक में बिकी। घुमना पर सूतफेनी का बाजार रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर सज गया। वहीं मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की काफी भीड़भाड़ देखी गयी। वहीं मिठाई 300 से लेकर 500 रुपये तक में बिकी। वहीं ब्रान्डेड मिठाइयों की खूब मांग रही।

# बंगाल घटना को लेकर युवा व्यापार मंडल ने ममता बनर्जी का फूंका पुतला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कोलकाता के** आरजी मेडिकल कॉलेज मे डॉक्टर के साथ हुई घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। बंगाल की बेटी के लिए प्रदर्शन चल रहे हैं और ऐसे में ममता बनर्जी बंगाल सरकार व प्रशासन ने सबूत को मिटाने का जो प्रयास किया है उससे साफ जाहिर होता है कि ममता सरकार में बंगाल की बहन बेटियों को खतरा है। आरजी मेडिकल के प्रिंसिपल संदीप घोष को ममता सरकार बचाने का प्रयास कर रही है, जबकि मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पीड़िता के परिवार को गुमराह कर पीड़िता से मिलने नहीं दिया और मेडिकल कॉलेज प्रशासन सबूतों को मिटाने में लग गया, जबकि



ममता बनर्जी का चौक पर पुतला फूंकते युवा व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

कोलकाता पुलिस को संदीप घोष से सर्वप्रथम पूछताछ करनी चाहिए थी जो कि नहीं की गई। इस जघन्य हत्याकांड में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के खिलाफ भी सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इस जगन्य हत्याकांड में सबूतों को मिटाने से लेकर प्रिंसिपल का तत्काल ट्रांसफर करना ये साबित करता है कि ममता सरकार में बंगाल की बहन बेटियों को खतरा है। हम सभी केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि बंगाल सरकार पर राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए व पूरे मामले की शुरुआत से जांच कर दोषियों को फांसी की सजा होनी चाहिए। जिससे आक्रोषित होकर नगर युवा व्यापार मंडल द्वारा बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का चौक चौराहे पर पुतला दहन किया गया। इस दौरान युवा अंकुर श्रीवास्तव, रोहन कश्यप, राजा करीम खान, आगाज खान, अशोक यादव, राज पांडे, मोनू मिश्रा, हैप्पी यादव, मोनू मिश्रा, शिवलू खान, आसिफ अली, हिमांशु शाक्य, आकाश शाक्य, गोविंद बाथम, हिमांशु गुप्ता, बन्नू दीक्षित, अज्जू, सज्जू खान, नफीस खान आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा तट पर भगवान पार्थिवेश्वर नाथ का हुआ पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा मइया स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा पाञ्चाल घाट (निकट दुर्वाषा ऋषि आश्रम) गंगा तट पर प्रति रविवार को संपन्न होने वाले भगवान पार्थिवेश्वरनाथ पूजन, गंगा पूजन के उपलक्ष्य में 538वां आयोजन समिति के संस्थापक/अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। समिति के सदस्यों ने गंगा की धार से रेत निकाल कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ लिंग का निर्माण कर दूध, दही, घी, शहद, शकर, पंचामृत से अभिषेक कर दीपदान आरती की। समिति के सदस्य अनुराग मिश्रा, नागेंद्र नाथ मिश्र, ऋषभ मिश्रा, रामलखन शुक्ला, शिवम शुक्ला, नमन मिश्रा सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान पार्थिवेश्वर नाथ, मइया गंगा को प्रसन्न कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की।



भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का पूजन करते भक्तगण

## खबरें एक नजर में

### आकाश एजुकेशनल सर्विसेज दूरदर्शी लोगों की तलाश करेगा

**इटावा।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने लांच किया एंथे 2024 अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे के गौरवशाली 15 वर्ष पूरे करते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल), परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम के नवीनतम संस्करण के लांच की घोषणा की। एंथे 2024 के लांच के साथ, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अगले दूरदर्शी लोगों की तलाश शुरू हो गई है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के ज्वाइंट डायरेक्टर राहुल अरोरा ने प्रेसवार्ता में कहा कहा ़फएंथे ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एंथे 2024 के साथ, हम भविष्य के डॉक्टरों और इंजीनियरों को विकसित करने और अगले एपीजे अब्दुल कलाम, एचजी खुराना, एमएस स्वामीनाथन और जेसी बोस की तलाश के लिए एक राष्ट्रीय प्रतिभा खोज शुरू कर रहे हैं जो अग्रणी काम करेंगे और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में भारत को गौरवान्वित करेंगे। इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा सातवीं से बाहरवीं तक के छात्रों को 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप और महत्वपूर्ण नकद पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जिससे वे चिकित्सा या इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सफल करियर के अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। इस वर्ष, इसे विशेष और रोमांचक बनाने के लिए इसमें पांच उत्कृष्ट छात्रों के लिए फ्लोरिडा, यूएसए में कैनेडी स्पेस सेंटर की पांच दिवसीय पूर्ण-खर्च-भुगतान यात्रा शामिल की गई है। फ्लोरिडा में स्थित जॉन एफ कैनेडी स्पेस सेंटर, संयुक्त राज्य अमेरिका में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के दस फील्ड सेंटरों में से एक है।एंथे छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं को आकाश के व्यापक कोचिंग कार्यक्रमों से लाभ होगा, जो छात्र नीट, जेईई, राज्य सीईटी और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी छात्रवृत्ति परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं। प्रेसवार्ता में आयुष शुक्ला मेडिकल हेड, शक्तिनाथ शुक्ला ब्रांच हेड, सत्य नारायण इंजीनियरिंग हेड भी उपस्थित रहे।

### जागरूकता कार्यक्रम के साथ राष्ट्रीय रैगिंग विरोधी सप्ताह सम्पन्न

**इटावा।** उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय सैंफई में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद के निर्देश पर सप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम के साथ राष्ट्रीय रैगिंग विरोधी सप्ताह का समापन हुआ। राष्ट्रीय एंटी रैगिंग दिवस के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि माननीय कुलपति प्रो.डॉ प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि रैगिंग के प्रति विश्वविद्यालय की शून्य-सहिष्णुता नीति पर जोर दिया और सभी छात्रों के लिए एक सुरक्षित व सम्मान जनक वातावरण बनाए रखने के महत्व पर अपने विचार साझा किए व उन्होंने छात्रों से कहा कि रैगिंग के विरुद्ध अवश्य अपनी आवाज उठाओ। प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ रमाकांत ने भी छात्र-छात्राओं को रैगिंग के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया और कहा छात्रों के बीच सम्मान और समावेशता की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। यूजीसी एंटी रैगिंग इकाई के सदस्य व डिपार्टमेंटल ऑफ़ डेंटल सर्जरी एस एन मेडिकल कॉलेज आगरा से आए प्रो.डॉ एस के कथारिया ने भी अपने व्याख्यान में चिकित्सा संस्थानों में रैगिंग की समस्याओं पर अंकुश लगाने के संदर्भ में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संकायध्यक्षों ने भी मेडिकल छात्र-छात्राओं से बात की और राष्ट्रीय एंटी रैगिंग दिवस पर अपने विचार साझा किए। एंटी रैगिंग सेल अध्यक्ष प्रो. डॉ सोमेंद्र पाल सिंह ने बताया कि कैंपस में छात्र-छात्राओं ने रंगोली पोस्टर कंपटीशन और रैली का आयोजन हुआ व पूरे सप्ताह जागरूकता कार्यक्रमों में मेडिकल छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। डॉ. अर्पित वर्मा, डॉ. निशा यादव, डॉ. राजमंगल और डॉ. अजय गुप्ता के योगदान की सराहना की गई।

### जुआ सट्टा कारोबारियो के हौसले बुलंद

**इटावा।** इकदिल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से सट्टे का कारोबार बेखौफ संचालित हो रहा है। पुलिस को जानकारी होने के बावजूद किसी प्रकार की कोई मुहिम नहीं चलाई जा रही है। इस कारण क्षेत्र में खुलेआम यह कारोबार खूब फलफूल रहा है। बताया जाता है कि सट्टे का कारोबार कस्बा इकदिल के मोहल्लों सहित ग्रामीण अंचलो में भी ज्यादा असरदार साबित हो रहा है। सट्टा कारोबारी पुलिस को कई बार चकमा दे चुके जिससे उनके हौसले और भी बढ़ गए है। पहले तो कभी कभार एक दो छोटे प्रकरण बनाकर खानापूर्ति कर दी गई, लेकिन थाना क्षेत्र में कभी ऐसी किसी प्रकार की कोई मुहिम को अंजाम नहीं दिया गया है। इस कारण जुए के अड्डे व सट्टे के कारोबारियो के हौसले बुलंद हो गए हैं। वे अपने काम को खुलेआम संचालित कर रहे हैं। कस्बे में कानून व्यवस्था इस तरह बिगड़ी है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को पुलिस का जरा भी भय नहीं है। सट्टे के इस कारोबार में जहां एक ओर सटोरिये मालामाल हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कई घर बर्बादी के कगार पर पहुंच चुके है बताया जाता है कि जुए और सट्टे के अड्डों में इजाफा होता जा रहा है जिसे देखने और सुनने वाला कोई नहीं है। आमजन एक के अस्सी बनाने के चक्कर में बर्बाद होते जा रहे हैं। घरों में मारपीट ग्रह क्लेश जैसी स्थितियाँ उत्पन्न होने लगीं हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपने ऑफिस से पुलिस कर्मी भेजकर गुप्त जांच कराएं तब सच्चाई से रूबरू होंगे और इन जुए और सट्टे के अवैध कारोबारियों से जनता को राहत दिला पाएंगे।

# मखदूम शाह शहाबुद्दीन औलिया का सलाना उर्स 20 अगस्त से शुरू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ लोको रोड स्थित ऐतिहासिक गंगा जमुनी की मिसाल दरगाह हजरत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा के दरगाह सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद शरीफउर्फ़ मोहब्बत शाह व नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम की मौजूदगी में उर्स को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि दरगाह पर उर्स 20 से शुरु होकर 22 अगस्त तक चलेगा। जिसमें महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश आदि तमाम प्रदेशों से जायरीन हिन्दू-मुस्लिम, सिख व अन्य धर्मो के लोग व मुरीदेन शिरकत करेंगें। दरगाह से हमेशा कौमी एकजैती का संदेश व गंगा जमुनी तहजीब का मरकज रहा है। सभी मेहमानों के लिए लंगर आम का इंतजाम किया है और अपने अपने अंदाज में फूल और चादर भी पेश कर अकीदत को पेश करेंगे। 20 अगस्त मंगलवार को नमाज व कुरान ख्वानी, चिरागा रोशनी व ईद मीलादुलनवी, कुरआन-ए पाक की तिलावत नातिया कलाम मौलाना नूरुल अराफात, मौलाना शाहिद मदारी तकरीर करेंगे। 21 अगस्त बुधवार को पंजाब स्थित दरगाह से रब्बानी मुजद्दिद अलिफसानी अहमद फारुकी शिरकत करेंगे। साथ ही कब्बाली कार्यक्रम होगा और दरगाह पर फूल और चादर पेश होगी। रात में महफिले कब्बाली में शाजहांपुर के राजू मुरली, बाराबंकी के शहवेज वारसी, कब्बाल कमालुद्दीन कब्बाली पेश करेंगे। साथ ही अम्मार अहमदी उर्फ नय्यर मियां कॉफ्रेंस में अपने विचार रखेगें। इस दौरान सय्यद आरिफ, हाजी हाफिज, अख्लाक अहमद, हाफिज अरशद साबरी, मौलाना हाफिज शाहिद हुसैन, मुबीन खान साबरी, रफत हुसैन, मुहम्मद हनीफ उर्फ बबलू आदि मौजूद रहे।



वार्ता में जानकारी देने के बाद कार्यक्रम पोस्टर पेश करते सज्जादा नशीन

# कोलकाता केस के आरोपी का पुतला फांसी पर लटकाकर फूंका, जताया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोलकाता में डॉक्टर से रेप और मर्डर की घटना के विरोध में अखिल भारतीय युवा जन सेवा संगठन ने रेलवे रोड फतेहगढ़ तिराहे पर हत्योरापी का पुतले को फांसी पर लटकाकर आग लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने सभी हत्यारोपी को पकड़ कर तत्काल फांसी पर लटकाये जाने की मांग की। संगठन ने कहा कि आरोपी को सरेआम फांसी देकर मातृ शक्ति का सम्मान बचाना चाहिए। इस दौरान शिवाशीष तिवारी की चौकी इंचार्ज से नोकझोंक भी हुई। इस अवसर पर मोहित गुप्ता, शिवाषीश तिवारी, जयदीप सिंह यादव, अम्बार अली, अतुल गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, आकाश कुमार, राघव गुप्ता, प्रत्यूष यादव आदि लोग मौजूद रहे।



पुतले को फांसी पर लटकाते लोग

# करंट लगने से कांवड़िया की मौत

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**गोला गोकर्ण** नाथ से कावड़ चढ़ा कर लौट रहे कावड़िया की ट्रैक्टर ट्राली पर रखे जनरेटर/साउंड सिस्टम के तार से करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज क्षेत्र के नागू नगला निवासी अनिल गांव के 40 साथियों के साथ शुक्रवार को टैक्टर ट्राली से कावड़ लेकर गोला गोकर्ण नाथ गया था। वह अन्य साथियों के साथ शनिवार रात को वापस आ रहा था। अनिल डीजे साउंड के पास बैठा था। निबिया चौराहे पर चल रहे भंडारे को सभी ने खाया। जिसके बाद वह सभी फिर से निकल पड़े। कुछ दूर चलकर जब वह जमापुर मोड़ के पास पहुंचा, तभी अचानक उसे करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। पवन सहित अन्य साथियों ने एंबुलेंस से लोहिया में भर्ती कराया। जहां डॉ0 जय सिंह ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पत्नी अनुपम, भाभी आसना व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



अस्पताल में बैठे मृतक के साथी

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी उर्मिला वर्मा को किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कांग्रेस कमेटी** के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी व शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामचंद्र वर्मा की पत्नी उर्मिला देवी को उनके आवास पर जाकर अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। शकुंतला देवी ने बताया कि यह बहुत शुभ दिन है कि हम अंग्रेजों से मुक्ति मिली है। इसके लिए न जाने कितने क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को आजाद कराया। जिस कारण हम खुली सांस ले रहे है। अंग्रेजों के अत्याचार का पूरे देश में विरोध हुआ। जिसके चलते 1947 को हमें आजादी मिली। हमें गर्व है कि हम भारत देश में हम जन्मे है। इस धरती को प्रणाम करते है और शुभ मौका मिला है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी को सम्मानित कर अपने को गौरवांवित महसूस कर रही हूं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो आम जन की विचार धारा से जुड़ी है। लोगों की आम भावनाओं को समझते हुए पूरे प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्वतंत्रता सेनानी के वंशज को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधि विभागध्यक्ष वरुण त्रिपाठी, धर्मेंद्र शाक्य, महेश वर्मा, रिंकू वर्मा, कन्नी वर्मा, सिक्की सारस्वत, दीपक चतुर्वेदी, प्रभात कटियार, मनोज कुमार व हिलाल शफीकी आदि मौजूद रहे।



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी उर्मिला को सम्मानित करती शकुंतला देवी व पुन्नी शुक्ला — समृद्धि न्यूज

# हर वस्तु में विशेष गुण होता है: पूर्व एआरटीओ अनिल त्रिपाठी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सर्च लाईट** भवन बीबीगंज में रक्षाबन्धन के पावन पर्व का आयोजन दो मिनट परमात्मा शिव को याद करके शुभारम्भ किया गया। मंच पर श्री श्री 108 ईश्वरदास महाराज व एएसपी संजय कुमार, डा0 मिथलेश अग्रवाल, अनिल त्रिपाठी, संजीव कुमार यादव व बीके मंजू बहन मौजूद रही। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया।

बी0के0 नीलम बहन एवं बी0के0 गिरिजा बहन सभी मंचासीन अतिथियों का बैज लगाकर व पटका पहनाकर स्वागत किया। वैष्णवी मेहरोत्रा ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। राधिका ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व एआरटीओ अनिल त्रिपाठी ने कहा कि अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने वाले तथ्यों एवं विकल्पों को ग्रहण करके आये। उन्होंने कहा कि हर वस्तुत में विशेष गुण होता है वह श्रेष्ठ बनाता है। केंद्र संचालिका बीके मंजू बहन ने कहा कि रक्षाबंधन अध्यात्मिक रहस्य से अवगत कराता है। सूत्र बांधने की रस्में शुद्ध धार्मिक ही है। साथ ही संकल्प का बोध कराया। उसे कलाई में सूत्र कलावा को बांधते है। सतयुग, त्रेतायुग में इसका स्वाभाविक व्यवहारिक स्वरूप होता है। द्वापर-कलियुग में पाम्परागत रूप् में मनाते है। प्राचार्य संजीव कुमार यादव ने कहा कि यह पर्व बहनों की रक्षा के लिए नहीं बल्कि वीरांगना बहनों के बलिदान का भी है। जिन बहनों के छोटे भाई होते है वह अपनी बहन की रक्षा कैसे करें इसको भी दर्शाता है इसलिए इस पर्व का और भी महत्व है। डा0 मिथलेष अग्रवाल ने कहा कि त्योहार ही हमें हमारी परम्पराओं एवं संस्कृति को जीवित रखते है। ईश्वरदास महाराज ने कहा कि यह पर्व केवल राखी बांधने, बधवाने, मिठाई खाने का पर्व नहीं है। आज के समय को देख रहे है कि वर्तमान समय नारी को अब खुद को ही काली दुर्गा बनाने की आवश्यकता है। दिन प्रतिदिन कोई न कोई बहनों के अत्याचार की घटना को सुनकर हृदय विदीर्ण हो रहा है। दिन प्रतिदिन बहनों के शील सदाचार का हरण हो रहा है। हमें आज इस पर्व पर बहनों के शील सदाचार की रक्षा का संकल्प करने का संकल्प ले। तब ये दिन ये पर्व सार्थक होगा। कार्यक्रम में बहनों ने राखी बांधी। इस मौके पर संजय गर्ग, बीके पूनम बहन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




रक्षाबंधन कार्यक्रम में मौजूद अतिथि — समृद्धि न्यूज

# अभाहिम विद्यार्थी प्रकोष्ठ ने महिला डाक्टर को दी श्रद्धांजलि

**आरोपी को सरेआम फांसी देने की मांग**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

अखिल भारती हिन्दू महासभा के विद्यार्थी प्रकोष्ठ ने काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया में 9 अगस्त को कोलकाता में महिला डाक्टर के साथ घटी घटना को लेकर श्रद्धांजलि व शोकसभा की गई। जिलाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता ने घटना पर आक्रोश जताया। युवा जिलाध्यक्ष रत्नेश तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की घटना अत्याधिक घिनौनी घटना है। बंगाल सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए और दोषी को सरेआम फांसी पर लटकाकर मातृ शक्ति का सम्मान बचाना चाहिए। दीपक शर्मा ने आक्रोश जताते हुए कहा कि मातृ शक्ति बहनों के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। मातृ शक्ति ही संसार का आधार है। आरोपी किसी भी धर्म का हो उसे कठोर से कठोर सजा दी जाये। इस मौके पर पुष्पा ठाकुर, संतोष त्रिवेदी, मुकेश तिवारी, श्याम पाल, अमन दुबे, शिवम, पिंकी, दीपक आदि मौजूद रहे।



**कार्यक्रम** — ब्रह्माकुमारी केंद्र जय नारायन वर्मा रोड पर राखी बंधन कार्यक्रम सम्पन्न

# जीवन में सत्यता ही रक्षा का प्रतीक है: डीएम वीके सिंह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जय नारायण** वर्मा रोड पर स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में राखी बंधन कार्यक्रम सुंदर ढंग से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह ने कहा कि जीवन में सत्यता ही रक्षा का प्रतीक है और उसके लिए कटिबंध होने की प्रतिज्ञा है प्रेम और सौहार्द की बातें। बुराइयों को जीतने का विजय तिलक है, यही पवन राखी का मुख्य संदेश है। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी के प्रांगण में आकर मुझे बहुत अच्छा लगा और इतने सभी लोग उसे सत्य मार्ग पर चलने के लिए कटिबंध है। अपना सत्यता पवित्र प्यार आत्मिक नाते से भाइयों के अंदर सुख और शांति समृद्धि की शक्ति देती है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार सिंह ने कहा कि काली काल में समाज की स्थिति बहुत ही विकृत स्थिति में पहुंच गई है और हम प्रतिदिन देखते हैं आदमी समाज में कितना दूर जा रहा है। समाज को नैतिक सुरक्षा देना हमारा कर्तव्य है। सीडीओ अरविन्द कुमार मिश्रा ने कहा कि समाज की बहने सीता की तरह लक्ष्मण रेखा पार ना करें तो समाज में प्रतिष्ठा भी पाए और राखी हमें यही संदेश देती है। राजपूत रेजीमेंट सेंटर से आए लेफ्टिनेंट कर्नल विक्रम सिंह राठौड़ ने राखी महापर्व को ईश्वर की अमानत बताया। वही मेजर हर्षवर्धन वर्मा ने पवित्र राखी बंधन को बहन भाई का पवित्र संबंध बताया। मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि समाज के हर वर्ग को यह पवित्र बहनों का आध्यात्मिक सहारा चाहिए। बीके सुमन बहन ने कहा कि जब-जब धर्म की ग्लानि हुई बहन एवं भाइयों ने अपने तन मन धन का होम करके पवित्र एवं शुद्ध समाज का निर्माण किया यही राखी का संदेश है। इस अवसर पर दिव्या कुमारी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस मौके पर बीके मुरलीधर, बीके राधिका उपस्थित रही। वीरेन्द्र सिंह राठौर व संजय गर्ग ने भी विचार रखे। इस दौरान बड़ी संख्या में बहने मौजूद रही।



रक्षा बंधन कार्यक्रम को सम्बोधित करती बीके सुमन बहन मौजूद अतिथि

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अंगदान को समाज की आवश्यकता बताते हुए कहा

# अंगदान में भारत बने विश्व के लिए मिसाल

एजेंसी

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अंगदान को समाज की आवश्यकता बताते हुए कहा है कि अंगदान में भारत विश्व के लिए एक मिसाल बनना चाहिए। श्री धनखड़ रविवार को यहां बिरला सभागार में देहदानियों के परिजनों को सम्मानित समारोह में बोल रहे थे। श्री धनखड़ और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी में दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।



समारोह में श्री धनखड़ ने कहा कि अंगदान का कार्य समाज की प्रतिभा को बल देने वाला है। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक ऐतिहासिक विरासत में बलिदानों का उल्लेख है। देहदानी अपनी आने वाली पीढ़ियों का सिर ऊंचा रखने वाला कार्य कर जाता है। उन्होंने कहा कि अंगदान में भारत विश्व के लिए एक मिसाल बनना चाहिए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अंगदान जीवनदान है। यह गौरवमयी और अद्भुत समारोह भारत की प्राचीन संस्कृति, आदर्श और मूल्यों से जुड़ा हुआ है। पहले लोगों में अंगदान के प्रति भ्रांति थी लेकिन अब लोग अंगदान के महत्व को समझ रहे हैं और उसके लिए प्रेरित हो रहे हैं। श्री देवनानी ने कहा कि एक शरीर से आठ अंगों का दान किया जा सकता है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वह अंगदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य की प्रक्रिया से जुड़े और आवश्यकता होने पर अंगदान अवश्य करें। उन्होंने अंगदान के प्रति जागरूकता का समाज में प्रसार करने की जरूरत बताते हुए कहा कि यह मानवता के लिए प्रेरणादायी कार्य है। इस अवसर पर श्री देवनानी ने प्रोफेसर स्मृति शर्मा भाटिया की नव प्रकाशित पुस्तक ऑर्गन एंड बॉडी डोनेशन का विमोचन भी किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, उपमुख्यमंत्री डा प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद थे।

#### अपनी मां के नाम कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि अपनी मां के नाम कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाया जाना चाहिए ताकि इससे जलवायु परिवर्तन की समस्या के निराकरण में सहयोग मिलेगा और वातावरण भी बहुत शानदार होगा। एक कार्यक्रम में भाग लेने आये श्री धनखड़ ने रविवार को यहां यह बात कही। उन्होंने कहा कि पूरे देश मे मां के नाम एक पेड़ से क्रांति आ जानी चाहिए। इसके सार्थक नतीजे निकलेंगे, और खुद को बहुत जबरदस्त अनुभूति प्राप्त होगी। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि अपनी मां के नाम कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं। गांव हो चाहे शहर हो, कोई संस्थान हो, यह समय में लगाएं इसका हमारी जलवायु परिवर्तन की जो समस्या है उसके निराकरण मे कुछ सहयोग होगा और वातावरण भी बहुत शानदार होगा। इससे ज्यादा श्रद्धाभाव, श्रद्धासुमन समाज के प्रति नहीं हो सकता जो हमारी जननी है। उन्होंने कहा मैं मानकर चलता हूं कि इसमे समाज का हर वर्ग सक्रियता दिखाएगा। हमें एक पेड़ मां के नाम को जुनून के साथ मिशन मोड में लेना चाहिए, उस मां को सर्वोच्च श्रद्धांजलि के साथ जिससे हम अस्तित्व में आये।

### टीटीडी प्रशासनिक भवन में लगी आग

**तिरूपति।** टीटीडी प्रशासनिक भवन में एक उप कार्यकारी अभियंता विंग में शनिवार शाम मामूली आग लग गई। पुलिस ने यहां बताया कि टीटीडी कर्मियों ने इंजीनियरिंग विंग से धुआं उठता देख अग्निशमन दल को सूचित किया, जिसने तुरंत आग बुझा दी। टीटीडी के मुख्य सतर्कता और सुरक्षा अधिकारी श्रीधर के अनुसार आग टीटीडी प्रशासनिक भवन की एनेक्सचर बिल्डिंग में लगी। आग में मेज पर रखी कुछ फाइलें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं, लेकिन उनके सभी डिजिटल रिकॉर्ड बरकरार हैं, और फाइल प्रोसेसिंग की सूची जारी है। पुलिस आग लगने की घटना के पीछे के सटीक कारण की जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक सत्तारूढ़ टीडीपी नेताओं की अटकलों के बीच तोड़फोड़ के पहलू की भी जांच की जाएगी कि कथित अनियमितताओं से जुड़े सबूतों को मिटाने के लिए घोटाले से घिरे इंजीनियरिंग विभाग से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण फाइलें जलाकर राख कर दी गई हैं।

# तीन दिनों में 50 से अधिक हत्याओं पर आखिर नीतीश चुप क्यों : तेजस्वी यादव

एजेंसी

**पटना।** बिहार में अपराध को लेकर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने नीतीश सरकार पर तंज कसते हुए ट्वीट कर कहा कि तीन दिन में 50 से अधिक हत्याएं बिहार में हुई है। गिरती लाशों पर आखिर आप (नीतीश कुमार) चुप क्यों हैं?

तेजस्वी के ट्वीट को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने रिट्वीट करते हुए लिखा है कि तीन दिन में 50 से अधिक हत्याएं, सैंकड़ों लूट, चोरी और चहुंओर दुष्कर्म की घटनाओं से शर्मसार हुआ बिहार। तेजस्वी ने 87 मामलों का जिक्र कर खोली सुशासन की पोल, गिरती लाशों पर आखिर क्यों चुप है सीएम नीतीश? तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार पर हमला बोलते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था कि भाजपा शासित डबल इंजन सरकार में बिहार में ट्रबलिंग क्राइम रिकॉर्ड! क्या आपने सीएम नीतीश कुमार को रिकॉर्डतोड़ अपराध, अनियंत्रित भ्रष्टाचार तथा बिहार में प्रतिदिन गिरती सैंकड़ों लाशों और ढहते पुलों पर बोलते सुना ? सुनेंगे भी नहीं?



आपके सूचनार्थ और ध्यानार्थ पेश है विगत तीन से चार दिनों की चंद आपराधिक घटनाएं। सिवान में भाजपा कार्यकर्ता की गोली मार कर हत्या, पटना में भाजपा नेता अजय साह की गोली मार हत्या, राजगीर में घूमने आए पर्यटक की गोली मार कर हत्या, कैमूर में गोली मार एक शख्स की हत्या, सहरसा में दिनदहाड़े जदयू नेता की गोली मारकर हत्या, सुपौल में मछली व्यापारी की गोली मार कर हत्या, पूर्णिया में चाकू से गोद युवक की बेरहमी से हत्या, बेगूसराय में अपराधियों ने युवक को मारी गोली, पटना में अपराधियों ने घर में घुस 30 लाख के जेवर लूटे फिर गला दबा करी अधिवक्ता की हत्या, जमुई में एक व्यक्ति की निर्मम हत्या, बेगूसराय में युवक की तेल छिड़क जिंदा जला कर हत्या, बेगूसराय में पति-पत्नी व बच्चों का गला काट तीन की हत्या, जमुई में ट्रिपल मर्डर, आरा में जमीन विवाद में मां-बेटों सहित तीन की निर्मम हत्या, मुंगेर में मासूम की हत्या, पटना में एक युवक का शव मिला, अपराधियों ने की हत्या, मधुबनी में युवक को छत से फेंक कर हत्या, छपरा में युवक की हत्या कर शव कुएं में फेका, जहानाबाद में घर में घुस महिला की गोली मार हत्या, नालंदा में पीट-पीट कर महिला की निर्मम हत्या, मुजफ्फरपुरके बरुराज में युवक की बेरहमी से हत्या, पटना में मिस्त्री की गोली मार कर हत्या।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में परोसे गए भोजन में निकली इल्ली, यात्रियों ने किया हंगामा

एजेंसी

**भोपाल।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों को किस कदर घटिया भोजन परोसा जा रहा है, इसकी एक बानगी रविवार को फिर सामने आई। भोपाल से दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन में एक यात्री को परोसे गए उपमा में इल्ली (एक प्रकार का कीट) निकली। यह देख यात्री भड़क उठा और आसपास बैठे अन्य यात्रियों ने भी हंगामा करना शुरू कर दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, शिकायत मिलने पर ट्रेन में मौजूद स्टाफ ने तुरंत यात्री को दूसरा खाना उपलब्ध कराया।

वहीं इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए कैटरिंग ठेकेदार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री अभय सिंह सेंगर सी-4 कोच में भोपाल से रविवार सुबह सवार हुए थे। ट्रेन के झांसी रेलवे स्टेशन से निकलने के बाद सुबह करीब नौ बजे अन्य यात्रियों के साथ उन्हें भी खाना परोसा गया। उन्होंने उपमा ऑर्डर किया था लेकिन जैसे ही उन्होंने डिस्पोजल पैकेट का रैपर हटाया तो उन्हें उपमा के ऊपर इल्ली नजर आई।



उन्होंने इसका वीडियो बना लिया और इसकी शिकायत रेलवे से की, जिसके बाद रेलवे ने उनका खाना बदलकर देने को कहा।सेंगर ने बताया कि वे 9:40 बजे ग्वालियर स्टेशन पर उतर गए लेकिन तब तक उन्हे दूसरा भोजन उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि रेलवे का रवैया भी इस मामले में बहुत खराब था। अधिकारियों ने किसी प्रकार की कोई शिकायत उनसे नहीं ली। उन्होंने ही जोर देकर उनके शिकायत रजिस्टर में लिखा कि ऐसी लापरवाही लगातार सामने आ रही हैं। रेलवे वेंडर चेंज क्यों नहीं करता। अन्य यात्रियों ने टीटी से कहा कि रेल मंत्री और अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आईआरसीसीटी के रीजनल मैनेजर आर भट्टाचार्य ने कहा कि यात्री को दूसरा फूड पैकेट दिया गया है। इस मामले में जांच करके निश्चित ही वेंडर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। वहीं, आईआरसीटीसी के कैटरिंग मैनेजर बीएस कौशल ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस में खाना सप्लाई करने वाले ठेकेदार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### 150 साल पूरे होने पर 2027 में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा टेस्ट मैच

**नई दिल्ली।** टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरा होने का जश्न मनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें एक टेस्ट मैच खेलेंगी। यह स्टैंडअलोन सेलिब्रेशन मैच वर्ष 2027 में ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर खेला जाएगा। क्रिकेट के इतिहास में पहला टेस्ट मुकाबला मार्च 1877 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ही खेला गया था। यह मुकाबला भी मेलबर्न के मैदान पर खेला गया था। पहले टेस्ट मैच को ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। साल 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे हो रहे हैं। ऐसे में इस खास अवसर पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर स्टैंडअलोन सेलिब्रेशन मैच खेलेंगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अगले सात ग्रीष्मकाल (2024-25 से 2030-31 तक) के लिए पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय टेस्ट, वनडे, टी20 और अन्य मैचों की मेजबानी के अधिकारों के आवंटन की भी घोषणा की है।

# विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर पहुंचे कुवैत, क्राउन प्रिंस से मिले



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कुवैत के दौरे पर गए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज क्राउन प्रिंस शेख सबा अल-खालिद अल-सबा अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा और प्रधानमंत्री मोहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा से मुलाकात की।

उन्होंने उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामना संदेश भी दिए। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि भारत और कुवैत के बीच सदियों पुराने सद्भावना और मैत्री के संबंध हैं। हमारी वर्तमान भागीदारी निरंतर मजबूत हो रही है। हमारे संबंधों को और अधिक बेहतर बनाने के लिए वे क्राउन प्रिंस की ओर से मिले मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि का धन्यवाद करते हैं। एक अन्य पोस्ट में जयशंकर ने प्रधानमंत्री मोहम्मद सबा से मुलाकात की जानकारी दी और कहा कि भारत-कुवैत संबंधों को मजबूत बनाने के बारे में उनके विचार सराहनीय हैं। हम आगे के आर्थिक सहयोग के संबंध में उनके विचारों को महत्व देते हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर रविवार को कुवैत की आधिकारिक यात्रा पर वहां पहुंचे हैं।

## खबरें एक नजर में

### पैतोंगटार्न को थाईलैंड की प्रधानमंत्री बनने पर मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पैतोंगटार्न शिनावात्रा को थाईलैंड की प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है। उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संस्कृति, सभ्यता और जनसंपर्कों की नींव पर आधारित संबंधों की एक ऐतिहासिक विरासत है। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन की बेटी पैतोंगटार्न शिनावात्रा को आज सुबह फेउ थाई पार्टी मुख्यालय में थाईलैंड के 31वें प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करने का शाही आदेश मिला है। 37 वर्षीय पैतोंगटार्न इतिहास में सबसे कम उम्र की थाई प्रधानमंत्री हैं और अपनी आंटी यिंगलक शिनावात्रा के बाद दूसरी महिला प्रधानमंत्री हैं।

### पूर्व बाहुबली विधायक सुनील पांडे भाजपा में शामिल

**पटना।** बाहुबली पूर्व विधायक सुनील पांडेय रविवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पूर्व विधायक और उनके बेटे को भाजपा की सदस्यता दिलाई। पूर्व विधायक सुनील पांडेय का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। साल 2006 में पटना के एएसपी को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद सीएम नीतीश कुमार ने सुनील पांडेय को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। इसके बाद सुनील पांडेय पशुपति कुमार पारस की पार्टी में शामिल हो गए थे लेकिन उन्होंने राष्ट्रीय लोजपा छोड़ दिया था और किसी सुरक्षित राजनीतिक ठिकाने की तलाश में थे और रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। सुनील पांडेय के भाजपा में शामिल होने के बाद इसको लेकर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा दफ्तर के बाहर और बीरचंद पटेल पथ में जगह-जगह सुनील पांडेय की आपराधिक इतिहास को लेकर पंपलेट और पोस्टर कई जगहों पर लगाए गए हैं। भाजपा दफ्तर के बाहर मुख्य गेट के बाहर भी पोस्ट लगाया गया था, जिसे हटवाया दिया गया है। विरोधियों द्वारा लगाए गए पोस्टर में सुनील पांडेय पर लगे आरोपों को बताया गया है।

### बंगाल में कार-ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में शनिवार रात एक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। इंग्लिश बाजार अंतर्गत गोर-मालदा स्टेशन के पास कालियाचक से मालदा की ओर जा रही तेज रफ्तार एसयूवी कार, कल रात करीब 11 बजे एनएच 34 पर एक एक ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये। दोनों को मालदा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक ने दम तोड़ दिया।

### नेपाल के प्रधानमंत्री ओली की भारत यात्रा की तैयारी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सितम्बर के पहले हफ्ते में भारत यात्रा की तैयारी की जा रही है। चौथी बार प्रधानमंत्री बनने पर अपने पहले विदेश भ्रमण के लिए उन्होंने भारत जाने की इच्छा जताई है। हाल ही में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपने नेपाल दौरे के क्रम में प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात कर उन्हें भारतीय प्रधानमंत्री की तरफ से भ्रमण का औपचारिक पत्र दिया था। इसके बाद से ही ओली के दिल्ली दौरे को लेकर तैयारियां शुरू की गई हैं। हालांकि पहले उनका भ्रमण थाइलैंड के बैंकक में 4-6 सितम्बर तक तय था जहां उन्हें बिमस्टेक देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने जाना था। प्रधानमंत्री ओली की यहीं बैंकॉक में ही भारत के प्रधानमंत्री के साथ साइडलाइन मुलाकात तय थी। लेकिन थाईलैंड में हाल ही में हुए सत्ता परिवर्तन और बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद बैंकॉक में होने वाले बिमस्टेक सम्मेलन के स्थगित होने की पूरी संभावना है। नेपाल की तरफ से इसी तारीख में ओली के भारत भ्रमण का आग्रह किया गया है। जिसे भारत के तरफ से भी सकारात्मक जवाब मिलने की जानकारी दी गई है। इसलिए सितम्बर के पहले हफ्ते में ही ओली का भारत दौरा करने की पूरी संभावना है। नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा रविवार से पांच दिनों के भारत दौरे पर दिल्ली के लिए रवाना हो रही हैं। सोमवार को हैदराबाद हाउस में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ उनकी मुलाकात तय है। डॉ. राणा ने बताया कि भारतीय विदेश मंत्री से मुलाकात के दौरान आपसी द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होने के साथ प्रधानमंत्री ओली के संभावित भारत भ्रमण को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

### फ्रांस के मशहूर अभिनेता एलेन डेलन का निधन

**पेरिस।** द लेपर्ड और रोक्को एंड हिज ब्रदर्स जैसी सुपर हिट फिल्मों में अभिनय का जौहर दिखाने वाले फ्रांस के मशहूर अभिनेता एलेन डेलन का रविवार को निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। अभिनेता के पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व प्रसिद्ध फ्रांसीसी अभिनेता एवं फिल्म निर्माता डेलन को 20वीं सदी के उत्तरार्ध के सबसे बेहतरीन यूरोपीय सितारों और सेक्स प्रतीकों में से एक माना जाता है। डेलन कई वर्षों से स्वास्थ्य की समस्या से जूझ रहे थे और पूरी तरह से एकांतप्रिय हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाल के दिनों में उनके परिवार के टूटने की खबर फ्रांस में चर्चा का विषय बनी थी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उनका निधन उनके डौची स्थित आवास में हुआ। डेलन को 1960 में रिलीज हुई फिल्म पर्पल नून से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली। इस फिल्म में उन्होंने आकर्षक, लेकिन अनैतिक साहसी टॉम रिप्ले की भूमिका निभाई थी।

# रक्षाबंधन के पहले सर्राफा बाजार में तेजी, सोना-चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन के पहले दिन घरेलू सर्राफा बाजार में आज जोरदार तेजी नजर आई। सोने की कीमत में आज 1,150 रुपये से लेकर 1,040 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। इसी तरह चांदी भी आज 1,900 रुपये से लेकर 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गया है। आज की तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये के स्तर के काफी करीब पहुंच गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,700 रुपये के स्तर को पार कर गया है।

आज सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,920 रुपये से लेकर 72,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,850 रुपये से लेकर 66,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 86,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह चेन्नई में भी 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

- 73 हजार रुपये पर पहुंचा सोना, चांदी 86 हजार के सोपान पर

### रूस में 7.0 तीव्रता का भूकंप, फटा ज्वालामुखी, सुनामी का खतरा

**मॉस्को।** रूस के पूर्वी तट पर 7.0 तीव्रता वाले भूकंप के बाद शिवलुच ज्वालामुखी फट गया है। इस घटनाक्रम के बाद सुनामी का खतरा भी बना हुआ है। हालांकि, अबतक भूकंप के झटकों या ज्वालामुखी के फटने से जनहानि नहीं हुई है। विशेषज्ञों की टीम इमारतों की जांच कर रही है कि भूकंप के तेज झटकों से इन्हें कितना नुकसान पहुंचा है। रूस में रविवार सुबह (स्थानीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7 मापी गई है। भूकंप का केंद्र सुदूर-पूर्वी कामचटका प्रायद्वीप का तट रहा। संयुक्त राज्य भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के अधिकारियों के अनुसार, रूस में भूकंप सुबह सात बजे के ठीक बाद आया। इसका केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर से लगभग 90 किलोमीटर पूर्व में कामचटका प्रायद्वीप के पानी में लगभग 50 किलोमीटर की गहराई पर आया। रूसी आपातकालीन मंत्रालय ने भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की।

# पेरिस ओलंपिक के हॉकी खिलाड़ियों पर पंजाब सरकार ने की धनवर्षा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने हाल ही में समाप्त हुए पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के पंजाब के आठ खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये और ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले 11 अन्य खिलाड़ियों को 15-15 लाख रुपये के चेक दिए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है, क्योंकि प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 52 वर्षों के अंतराल के बाद भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया को हराकर बेहद खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि टीम का पदक जीतना हर देशवासी के लिए सपने के साकार होने जैसा है। सबसे अच्छी बात यह है कि कप्तान हरमनप्रीत ने आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व किया, जिससे टीम जीत की ओर अग्रसर हुई। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस नेतृत्व की क्षमता बेमिसाल थी, जिसके कारण टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरमनप्रीत ने अकेले ओलंपिक में 10 गोल किए हैं और प्रदेश सरकार आज इन हीरों को सम्मानित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश इन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर उनके कीर्तिमान की सराहना कर रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भारतीय हॉकी पुनरुत्थान के रास्ते पर है और पंजाब नवंबर महीने में हॉकी की चार विश्व स्तरीय टीमों के बीच लीग टूर्नामेंट आयोजित करने पर विचार कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए पूरी तत्परता से काम कर रही है और इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि 'खेडा वतन पंजाब दीयां' का तीसरा संस्करण 28 अगस्त से शुरू होगा, जो प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि पंजाब सरकार प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए माहिलपुर क्षेत्र में फुटबॉल, संगरूर में बॉक्सिंग, जालंधर में हॉकी, लुधियाना में एथलेटिक्स और अन्य खेल क्लस्टरों का विकास करेगी।




- आठ खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ का इनाम
- नशे के खिलाफ ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा

# अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 कार्यक्रम की घोषणा



#### चार समूहों में विभाजित टीमें

- ग्रुप ए : भारत, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मलेशिया
- ग्रुप बी : इंग्लैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, यूएसए
- ग्रुप सी : न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अफ्रीका क्वालीफायर, समोआ
- ग्रुप डी : ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, एशिया क्वालीफायर, स्कॉटलैंड

#### पूरा कार्यक्रम (स्थानीय समय)

**18 जनवरी :** ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड, सुबह 10:30 बजे, यूकेएम वाईएसडी ओवल, केएल
**18 जनवरी :** इंग्लैंड बनाम आयरलैंड, सुबह 10.30 बजे, जेसीए ओवल, जोहोर
**18 जनवरी :** समोआ बनाम अफ्रीका क्वालीफायर, सुबह 10:30 बजे, बोर्नियो क्रिकेट ग्राउंड, सरवाक
**18 जनवरी :** बांग्लादेश बनाम एशिया क्वालीफायर, दोपहर 2:30 बजे, यूकेएम वाईएसडी ओवल, केएल
**18 जनवरी :** पाकिस्तान बनाम यूएसए, दोपहर 2:30 बजे, जेसीए ओवल, जोहोर
**18 जनवरी :** न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, दोपहर 2:30 बजे, बोर्नियो क्रिकेट ग्राउंड, सरवाक
**19 जनवरी :** श्रीलंका बनाम मलेशिया, सुबह 10.30 बजे, बेयूमास ओवल
**19 जनवरी :** भारत बनाम वेस्टइंडीज, दोपहर 2.30 बजे, बेयूमास ओवल
**20 जनवरी :** ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश, सुबह 10:30 बजे, यूकेएम वाईएसडी ओवल, केएल
**20 जनवरी :** आयरलैंड बनाम यूएसए, सुबह 10:30 बजे, जेसीए ओवल, जोहोर
**20 जनवरी :** न्यूजीलैंड बनाम अफ्रीका क्वालीफायर, सुबह 10:30 बजे, बोर्नियो क्रिकेट ग्राउंड, सरवाक
**20 जनवरी :** स्कॉटलैंड बनाम एशिया क्वालीफायर, दोपहर 2:30 बजे, यूकेएम वाईएसडी ओवल
**20 जनवरी :** इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान, दोपहर 2.30 बजे, जेसीए ओवल, जोहोर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को मलेशिया में अगले साल की शुरुआत में होने वाले अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के मैचों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है।

टूर्नामेंट की शुरुआत 18 जनवरी को होगी और फाइनल मुकाबला 2 फरवरी को खेला जाएगा। यह अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का दूसरा संस्करण है। विश्व कप के पहले संस्करण के फाइनल में भारतीय अंडर-19 महिला टीम ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था। दूसरे संस्करण में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनके बीच कुल 41 मुकाबले खेले जाएंगे। मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम को ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया में रखा गया है। ग्रुप बी में इंग्लैंड, आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका की टीमे हैं।

पिछले संस्करण की मेजबान दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, समोआ और अफ्रीका से क्वालीफायर ग्रुप सी में हैं। ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और एशिया से एक क्वालीफायर शामिल है। प्रत्येक टीम राउंड-रॉबिन चरण में अन्य टीमों के साथ खेलेगी, जिससे ग्रुप चरण में प्रत्येक टीम को तीन-तीन मैच खेलने को मिलेंगे। इसके बाद सभी चार ग्रुपों से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी।

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता कुमारी
ग्राम प्रधान
धर्मवीर
सचिव
ग्राम पंचायत परा पांतर विकास खंड पनवाड़ी महोबा



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
!! जनपद का उत्कृष्ट विद्यालय !!
सरस्वती विद्यामंदिर इण्टर कॉलेज, रानी लक्ष्मीबाई पार्क, हमीरपुर



प्रधानाचार्य
राम प्रकाश गुप्ता
अध्यक्ष
प्रेम नारायन पुरवार
प्रबन्धक
रामकरण सिंह
कोषाध्यक्ष
शिवशंकर सिंह